राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 228
लखनऊ, मंगलवार 21 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





डॉ. अंकुर लाठर बनीं फर्रुखाबाद की डीएम 10

जन-समस्याओं का हो त्वरित निस्तारण : केशव 03


-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = | 1,55,440/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = | 1,42,500/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = | 1,16,620/10 ग्राम |
| चांदी | = | 2,75,000/किग्रा |



# व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जायेंगे भारत-दक्षिण कोरिया

एजेंसी, नई दिल्ली।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक और आर्थिक सहयोग को नई दिशा मिली है। भारत और दक्षिण कोरिया आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को अधिक प्रगाढ़ करते हुए आपसी व्यापार को 2030 तक 50 अरब डॉलर तक ले जाने को लेकर समहत हुए हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने नई दिल्ली में सार्थक और व्यापक बातचीत की। बातचीत के बाद दोनों नेता कई समझौतों और व्यवस्था के आदान-प्रदान के साक्षी बने।

वार्ता में दोनों नेताओं ने भारत-दक्षिण कोरिया विशेष रणनीतिक साझेदारी में हुई कुल प्रगति की समीक्षा की और व्यापार, वित्तीय सेवाओं, जहाज़ निर्माण, एआई, ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण और उभरती तकनीकों, रक्षा और सुरक्षा, साथ ही लोगों के बीच और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।



**▶ वित्तीय सहयोग के तहत एनपीसीआई और कोरियाई संस्थान के बीच भुगतान प्रणाली को लेकर हुआ समझौता**

दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

विदेश मंत्रालय के अनुसार 'भारत-दक्षिण कोरिया स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' के तहत संयुक्त दृष्टि पत्र, शिपबिल्डिंग, समुद्री लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास पर अहम समझौते हुए। साथ ही, व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को उन्नत करने के लिए वार्ता फिर शुरू करने की घोषणा की गई।

दोनों देशों ने पोर्ट्स, स्टील सप्लाई चेन, एमएसएमई, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और डिजिटल ब्रिज जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। वित्तीय सहयोग के तहत एनपीसीआई और कोरियाई संस्थान के बीच भुगतान प्रणाली को लेकर समझौता हुआ। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन, पेरिस समझौते के तहत सहयोग और पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी गई। सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (2026-2030), खेल और रचनात्मक उद्योगों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने आर्थिक सुरक्षा संवाद शुरू करने, इंडो-पैसिफिक पहल में कोरिया की भागीदारी और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल होने जैसे कदमों की घोषणा की। वर्ष 2028-29 को भारत-कोरिया मैत्री वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय भी लिया गया।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्वी क्षेत्र) पी. कुमारन ने दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग की भारत यात्रा के संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ली ने हैदराबाद हाउस में सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर के प्रारूपों में व्यापक और सार्थक चर्चा की।

कुमारन ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि खाड़ी संकट के मुद्दे पर समस्या के समाधान को लेकर कोई विशेष चर्चा नहीं हुई। चर्चा खाड़ी संकट के प्रभावों को समझने और खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, रसायन बाज़ार, ईंधन बाज़ार और उर्वरक बाज़ार में होने वाली बाधाओं के संदर्भ में प्रभावों से कैसे निपटा जाए—इस पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन और समकालीन, दोनों तरह की कहानियों का खज़ाना है, जिन पर गेम्स बनाए जा सकते हैं। इनमें कोरियाई टेक्नोलॉजी और स्पेशल इफ़ेक्ट्स की क्षमताओं का लाभ उठाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने दक्षिण कोरिया को 'वेव्स' इवेंट के अगले संस्करण में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया। एक विशेष पहल के तौर पर राष्ट्रपति ली ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत एक पौधा भी लगाया। वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जे-म्यूंग ली ने 'भारत-कोरिया व्यापारिक नेताओं के संवाद' में व्यापार जगत के नेताओं के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने कोरियाई कंपनियों को 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ड' के लिए निमंत्रण दिया। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' और दक्षिण कोरिया की नवाचार की भावना पर आधारित, विश्वास और बदलाव में निहित एक मज़बूत और भविष्य-उन्मुख आर्थिक साझेदारी को आकार दिया जा रहा है।

### चिप्स से लेकर शिप्स तक, भारत-कोरिया मिलकर नए अवसर साकार करेंगे : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चिप्स से लेकर शिप्स, टैलेंट से लेकर टेक्नोलॉजी, एंटरटेनमेंट से लेकर एनर्जी—भारत और कोरिया मिलकर सहयोग के नए अवसरों को साकार करेंगे। उन्होंने इस यात्रा को द्विपक्षीय संबंधों के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताते हुए कहा कि दोनों देश अपनी साझेदारी को एक भविष्य उन्मुख दिशा में ले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्तमान में लगभग 27 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है, जिसे वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 50 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दोनों देशों ने कई अहम कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की है, जिनमें भारत-कोरिया वित्तीय मंच की स्थापना भी शामिल है। डिजिटल और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए इंडिया-कोरिया डिजिटल ब्रिज पहल शुरू करने की घोषणा की गई है। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत और कोरिया के बीच हजारों वर्ष पुराने ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत में कोरियाई पॉप संस्कृति और धारावाहिकों की लोकप्रियता बढ़ रही है, जबकि कोरिया में भारतीय सिनेमा और संस्कृति के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। दोनों देशों ने वर्ष 2028 में भारत-कोरिया मैत्री महोत्सव आयोजित करने की भी घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### यूडीआईडी कार्डधारक दिव्यांगजनों को मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के अनारक्षित कोच में यात्रा की अनुमति



**नई दिल्ली।** अब वैध यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड रखने वाले दिव्यांगजन मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों के दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित अनारक्षित कोचों में यात्रा कर सकेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा जारी वैध यूडीआईडी कार्ड धारक तथा रेलवे की रियायती किराया सुविधा के पात्र दिव्यांगजन, वैध यात्रा प्राधिकरण के साथ सेकेंड क्लास लगेज-कम-ब्रेक वैन (एसएलआरडी) और लगेज-कम-सेकेंड क्लास लगेज-कम-ब्रेक वैन (एलएसएलआरडी) कोचों में वैध यात्री माने जाएंगे।

### सरकारी गवाह बनेगी जैकलीन, 200 करोड़ की ठगी मामले में याचिका पर ईडी ने मांगा समय

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए सोमवार को समय मांगा, जिसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने मामले की अगली सुनवाई आठ मई के लिए निर्धारित की। इससे पहले, 17 अप्रैल को अभिनेत्री के वकील द्वारा आवेदन दाखिल किए जाने के बाद अदालत ने ईडी को नोटिस जारी किया था। फर्नांडीज को एजेंसी द्वारा दायर पूरक आरोपपत्र में पहली बार आरोपी बनाया गया था और उन्हें जांच के सिलसिले में ईडी कई बार तलब कर चुकी है।

### जशपुर की पहाड़ियों से टकराया प्राइवेट विमान जांच में जुटा प्रशासन

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से एक बड़ी और दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां पर जशपुर जिले के नारायणपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली आरा पहाड़ियों में एक निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार यह एक चार्टर्ड प्लेन था जो रतनपहली के घने जंगलों में पेड़ों और पहाड़ियों से जा टकराया। प्लेन के टकराने से एक जोरदार धमाका हुआ और चंद ही मिनटों में आग लपटें उठने लगीं। आसमान में धुएं का काला गुबार दूर-दूर तक देखा गया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों इस घटना की सूचना पुलिस को दी।

## बढ़ी गर्मी, सीएम ने लिखी पाती | प्रदेशवासियों से खास अपील, सेहत का रखें ध्यान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल चुका है और सूरज की तपिश दिन-ब-दिन तेज होती जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम एक पाती लिखकर लोगों से सावधानी बरतने और अपनी सेहत का ध्यान रखने की अपील की है।

सीएम योगी ने कहा, मौसम की तरह फसलों का भी चक्र होता है। रबी की फसलों की कटाई हो चुकी है। नई फसल की उपज एवं मौसमी फल आपका स्वाद बढ़ा रहे हैं लेकिन मौसम का चक्र अगर थोड़ा भी परिवर्तित हो जाए तो बाढ़, सूखा, अकाल से लेकर महामारी तक मनुष्यों के लिए अभिशाप बन जाती हैं। प्रकृति के स्वभाव के अनुरूप हर मौसम की तरह ग्रीष्म ऋतु आई है। बढ़ता तापमान हमें दुष्प्रभावों से बचने तथा अपनी तैयारियां पूरी करने का संदेश दे रहा है।

प्रदेश के हर व्यक्ति का जीवन अनमोल है, इसलिए सरकार ने कड़कड़ाती ठंड की तरह प्रचंड गर्मी की मार से बचाने की भी तैयारी कर ली है। शासन के हर स्तर पर समन्वित और समयबद्ध कार्यवाही की गई है। बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ी है।



**▶ मौसम का चक्र अगर थोड़ा भी परिवर्तित हो जाए तो बाढ़, सूखा, अकाल से लेकर महामारी तक मनुष्यों के लिए अभिशाप बन जाती है**

पीक डिमांड को ध्यान में रखते 34,000 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने की तैयारी है। सभी थर्मल पावर प्लांट को उनकी पूरी क्षमता से संचालन की व्यवस्था की गई है। प्रदेशभर में पुराने मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलने का कार्य तात्कालिक रूप से रोक दिया गया है। सड़कों पर पानी का छिड़काव, छायादार क्षेत्रों की व्यवस्था, श्रमिकों को थकावट, निर्जलीकरण एवं लू से बचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### हीट स्ट्रोक से प्रभावितों को तत्काल उपचार मिले इसके लिए अस्पतालों में विशेष व्यवस्था की गई

औद्योगिक एवं निर्माण स्थलों पर स्वास्थ्य जांच शिविर स्थापित किए जाएंगे। हीट स्ट्रोक से प्रभावितों को तत्काल उपचार मिले इसके लिए अस्पतालों में विशेष व्यवस्था की गई है। तहसील, थाने, अस्पताल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में नि:शुल्क शीतल पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। भीषण गर्मी के बीच पशुधन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए प्राणी उद्यानों-अभयारण्यों में हीट-वेव एक्शन प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं। गोशालाओं में हरे चारे-चोकर एवं पानी की उचित व्यवस्था रहेगी। एक दिन पहले भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव एवं अक्षय तृतीया उत्साह से मनाया गया।भगवान परशुराम के आशीर्वाद से प्रदेश में सत्य, न्याय और धर्म की स्थापना हुई है, जो अक्षय है। अक्षय का भाव संस्कार, समर्पण और सेवा की अविनाशी परम्परा का परिचायक है।भीषण गर्मी मानवता की इसी भावना को आगे बढ़ाने का अवसर है। घर केबाहर पशु-पक्षियों के लिएपानी रखें।आप भी पर्याप्त मात्रा में पानी, शिकंजी, छाछ या नारियल पानी पीते रहें।बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। सूती या खादी के ढीले वस्त्र पहनें। सबसे आवश्यक बात ऐसी कोई लापरवाही न करें, जिससे आग लगने का अंदेशा हो. अपना और अपनों का ख्याल रखें।

### नोएडा श्रमिक हिंसा मामले में बिगुल मजदूर दस्ता के दो सदस्य गिरफ्तार



**एजेंसी, नोएडा।** नोएडा में 13 अप्रैल को हुई श्रमिका हिंसा के मामले में पुलिस ने रविवार की देररात को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी इस घटना के मुख्य साजिशकर्ता आदित्य आनंद से हुई पूछताछ के बाद की गई है। दोनों बिगुल मजदूर दस्ता के सक्रिय सदस्य हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों 13 अप्रैल को नोएडा में मौजूद थे तथा मास्टरमाइंड से लगातार संपर्क में थे। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि नोएडा पुलिस ने रविवार देर रात इस हिंसा के संदर्भ में हिमांशु ठाकुर पुत्र रामकुमार ठाकुर निवासी ग्राम नियर रुद्राक्ष गार्डन गढ़वाल जनपद उधम सिंह नगर हाल निवासी शालीमार गार्डन दिल्ली तथा सत्यम वर्मा पुत्र डॉ. लाल बहादुर वर्मा निवासी जनपद लखनऊ को थाना फेस-2 क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोनों बिगुल मजदूर दस्ता के सक्रिय सदस्य हैं।

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के फिर से बंद होने से कच्चे तेल में उछाल, ब्रेंट क्रूड 95 डॉलर प्रति बैरल के पार

एजेंसी, नई दिल्ली।

ईरान के स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को दोबारा बंद करने के फैसले से सोमवार को कच्चे तेल की कीमत में उछाल देखने को मिला। ब्रेंट क्रूड की कीमत फिर से 95 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गई है।

सुबह 10.40 पर ब्रेंट क्रूड 5.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 95.40 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 6.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 87.63 डॉलर प्रति बैरल पर था।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी कच्चे तेल की कीमत में गिरावट देखने को मिली है। कच्चे तेल का 18 मई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 6.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,175 रुपए पर था। कच्चे तेल में उछाल की वजह ईरान की ओर से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से बंद करना है। साथ ही, ईरान ने नाविकों को चेतावनी दी है कि अगर कोई स्ट्रेट को बिना मंजूरी के पार करता है तो उसे कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। दूसरी तरफ, अमेरिका ने भी सख्त रूख अपनाया हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि तेहरान जलमार्ग को बंद करके अमेरिका को ब्लैकमेल नहीं कर सकता।



वहीं, ईरान ने कहा कि वह अपने बंदरगाहों की निरंतर अमेरिकी नाकाबंदी का जवाब दे रहा है। साथ ही, इसे युद्धविराम का उल्लंघन बताया। वहीं, सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कहा कि देश की नौसेना अपने दुश्मनों को नई करारी हार देने के लिए तैयार है।

### गुजरात टाइटंस से भिड़ंत से पहले प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंचे विराट



**वृंदावन, समृद्धि न्यूज।** भारत के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ एक बार फिर वृंदावन में प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंचे हैं। कपल को सोमवार को प्रेमानंद जी महाराज के आश्रम श्री हित राधा केली कुंज में राधा नाम की भक्ति में डूबा देखा गया। विराट और अनुष्का ने प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लिया और साथ ही सत्संग और एकांतिक वार्ता का भी हिस्सा रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री बिना भी सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेच सकेंगे किसान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद में किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने किसानों को असुविधा के दृष्टिगत घोषणा की कि फार्मर रजिस्ट्री के बिना भी किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेच सकेंगे। अब किसान पूर्व की भांति ही अपना गेहूं बेच सकेंगे। उन्होंने जिलाधिकारियों को तत्काल इस व्यवस्था को लागू करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि क्रय केंद्रों पर गेहूं बिक्री के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बेतहाशा गर्मी को देखते हुए क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए पानी, पंखा, छाजन समेत मूलभूत आवश्यकताओं की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।



खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक 20 अप्रैल दोपहर 11 बजे तक 42 हजार से अधिक किसानों से 2.38 लाख मीट्रिक टन से गेहूं खरीद की जा चुकी है। गेहूं बिक्री के लिए 4.77 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण भी कर लिया है। अब तक प्रदेश में 5400 से अधिक क्रय केंद्र स्थापित कर लिए गए हैं।

### राहुल गांधी का केस सुनने से हाईकोर्ट जज का इंकार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता से जुड़े मामले में सोमवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के जज सुभाष विद्यार्थी ने सुनवाई करने से मना कर दिया है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग करते हुए इसे आगे सुनने से इंकार कर दिया। सीजेआई यूपी अब यह मामला किसी अन्य बेंच के समक्ष सुना जाएगा। कोर्ट ने आदेश दिया है कि मामले की फाइल मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष पेश की जाए, ताकि नई बेंच का गठन किया जा सके और आगे की सुनवाई तय हो सके। बताया गया है कि याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति ने यह फैसला लिया। अब इस संवेदनशील मामले में आगे की सुनवाई नई नामित बेंच करेगी। दरअसल, इस मामले की 17 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। उसमें याचिकाकर्ता समेत केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों से पूछा गया था कि क्या राहुल गांधी को नोटिस जारी करने की जरूरत है? वकीलों ने नोटिस जारी करने की कोई जरूरत नहीं बताई थी। इसके बाद एफआईआर दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया गया था। अगले ही दिन 18 अप्रैल को सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का अपना ही आदेश बदल दिया। कोर्ट ने शनिवार 18 अप्रैल को अपनी वेबसाइट पर नया आदेश जारी किया था। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी इस मामले की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने एफआईआर कराने के आदेश को टाइप होने से पहले अपने फैसले को परखा। उन्होंने पुराने केसों की स्टडी में पाया कि ऐसे मामलों में नोटिस भेजना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि राहुल गांधी को नोटिस जारी किए बिना फैसला करना उचित नहीं है। इसके बाद याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने एक्स पर लिखा-मैं मामले की शिकायत सीजेआई से करूंगा। उन्होंने जज पर रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया था।

## उत्तर प्रदेश में 40 आईएएस अफसरों का तबादला

**▶ 15 जिलों के बदले डीएम, दुर्गाशक्ति नागपाल बनीं कमिश्नर देवीपाटन मंडल, आशुतोष निरंजन टीसी**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश शासन ने उत्तर प्रदेश में 40 आईएएस अफसरों के ट्रांसफर कर दिये हैं। शासन ने सबसे चौंकाने वाला फैसला परिवहन विभाग में लिया है। मात्र 7 महीने पहले परिवहन आयुक्त बनीं किंजल सिंह को पद से हटाकर माध्यमिक शिक्षा विभाग का सचिव बनाया गया है।

चर्चा है कि विभागीय मंत्री के साथ तालमेल की कमी के चलते उन्हें साइड लाइन किया गया है।उनकी जगह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे आशुतोष निरंजन को नया परिवहन आयुक्त नियुक्त किया गया है।वहीं यूपी पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार को भी हटा दिया गया है। वे मार्च 2021 से इस पद पर थे।उनकी जगह नितिश कुमार को पावर कारपोरेशन का नया एमडी बनाया गया है। सरकार ने 8 अनुभवी कलेक्टरों को दूसरे जिलों की कमान दी है जबकि 7 अधिकारियों को पहली बार डीएम के रूप में नई पारी शुरू करने का मौका दिया है।

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक 15 जिलों के जिलाधिकारी यानि डीएम बदल गए हैं। आगरा में मनीष बंसल नए डीएम बने हैं। वहीं अरविंद मल्लप्पा बांगरी को मुख्यमंत्री का विशेष सचिव बनाया गया है। 15 जिलों के जिलाधिकारी यानि डीएम बदल गए हैं, जिसमें सुल्तानपुर, श्रावस्ती, बुलंदशहर, शामली, सहारनपुर, अमरोहा, हमीरपुर, रायबरेली, फतेहपुर, उन्नाव, लखीमपुर, मैनपुरी, औरैया और आगरा शामिल है। इंद्रजीत सिंह सुल्तानपुर के जिलाधिकारी बने हैं तो झांसी में गौरांग राठी डीएम बनाकर भेजे गए हैं।कुमार हर्ष को बुलंदशहर का जिलाधिकारी बनाया गया है। अन्नपूर्णा गर्ग को श्रावस्ती की जिलाधिकारी बनाई गई है। आलोक यादव को शामली और निधि गुप्ता वत्स को फतेहपुर की जिम्मेदारी मिली है। घनश्याम मीना अब उन्नाव के डीएम होंगे। अंजमी कुमार सिंह लखीमपुर खीरी के नए डीएम बने हैं।





इंद्रमणि त्रिपाठी को मैनपुरी के जिलाधिकारी बनाया गया है। बृजेश कुमार को औरैया की कमान सौंपी गई है। आगरा के नए जिलाधिकारी मनीष बंसल बने हैं। अरविन्द कुमार चौहान सहारनपुर के डीएम बने हैं। नितिन गौड़ को अमरोहा के डीएम बनाया गया है। अभिषेक गोयल को हमीरपुर डीएम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरनीत कौर ब्रोका रायबरेली की नई डीएम बनीं है।उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन का प्रबंध निदेशक नीतीश कुमार बने हैं तो श्रुति को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। आशुतोष निरंजन को परिवहन आयुक्त बनाया गया है। किंजल सिंह को सचिव माध्यमिक शिक्षा का पद दिया गया। दुर्गा शक्ति नागपाल को देवीपाटन मंडल का कमिश्नर बनाया गया है। आलोक कुमार एसीएस औद्योगिक विकास के पास से एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग का प्रभार वापस ले लिया गया है। अब शशि भूषण लाल सुशील एमएसएमई विभाग के नए प्रमुख सचिव होंगे। हर्षिता माथुर डीएम रायबरेली से निदेशक महिला एवं बाल विकास बनाई गई।

वही श्रुति शर्मा सीडीओ हापुड, गामिनी सिंगला सीडीओ सुल्तानपुर, सुनील कुमार धनवता सीडीओ बहराइच, पूजा साहू सीडीओअमेठी, रामेश्वर सुधाकर सबन्नवाड सीडीओ झांसी बने हैं। इसके अलावा हिमांशु गौतम को झांसी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष, मुकेश चंद्र को हापुड़-पिलखवा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष और सचिन कुमार सिंह को मंडी परिषद में अपर निदेशक बनाया गया है। अनीता वर्मा सिंह को खाद्य रसद विभाग में विशेष सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

### प्रशासनिक फेरबदल का दौर जारी

उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल का दौर जारी है। राज्य सरकार ने 24 आईएएस अधिकारियों के तबादले करते हुए कई जिलों की कमान बदली है। अयोध्या समेत 10 जिलों के जिलाधिकारी बदले गए हैं। अलीगढ़, एटा, बांदा, फर्रुखाबाद और हापुड़ के डीएम का भी ट्रांसफर किया गया है। वहीं अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सोनभद्र, गाजीपुर और बाराबंकी में नए जिलाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सरकार का कहना है कि यह बदलाव प्रशासनिक मजबूती और बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए किया गया है, जिससे जिलों में विकास कार्यों को गति मिल सके। सबसे प्रमुख बदलावों में गाजीपुर के जिलाधिकारी रहे अभिनाश कुमार को अलीगढ़ भेजा गया है, जबकि अलीगढ़ के जिलाधिकारी संजीव रंजन को कृषि विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। इसी तरह एटा, बांदा, फर्रुखाबाद, हापुड़, अम्बेडकर नगर और सोनभद्र जैसे जिलों में भी नए जिलाधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

**निर्णय** | यूपी में महिला आरक्षण पर छिड़ा महा-संग्राम

## योगी सरकार ने 30 को बुलाया विधानसभा का विशेष सत्र, विपक्ष भी तना

**▶ विशेष सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

महिला आरक्षण बिल को लेकर राजनीतिक माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस मुद्दे पर बड़ा कदम उठाते हुए 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने का फैसला किया है।

रविवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। विशेष सत्र का उद्देश्य महिला आरक्षण बिल के समर्थन में प्रस्ताव पारित करना और विपक्षी दलों के रुख पर सवाल खड़े करना है। सरकार इस मंच के जरिए अपनी स्थिति रखेगी और बताने की कोशिश करेगी कि वह महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर गंभीर है। विपक्ष के व्यवहार को लेकर निंदा प्रस्ताव लाने की भी चर्चा है। लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल पारित न होने के बाद से भारतीय जनता पार्टी विपक्ष के खिलाफ आक्रामक रणनीति अपना रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मुद्दे पर विपक्षी दलों की तीखी आलोचना की है। उन्होंने सदन में हुए घटनाक्रम की तुलना महाभारत के श्द्रौपदी चीरहरणश् जैसे प्रसंग से करते हुए कहा कि विपक्ष का आचरण बेहद गैर-जिम्मेदाराना और अनुचित रहा है। सीएम योगी के अनुसार इंडी गठबंधन के दलों कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, डीएमके का व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ था। उन्होंने आरोप लगाया कि सदन में की गई टिप्पणियां और आचरण किसी से छिपा नहीं है और यह महिला सम्मान के खिलाफ है।



दूसरी ओर समाजवादी पार्टी भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरने को तैयार है। सपा का तर्क हो सकता है कि महिला आरक्षण में पीडीए पिछड़ा,दलित, अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान होना चाहिए। परिसीमन के जरिए लोकतंत्र को प्रभावित करने के आरोप लगाए जा सकते हैं। 30 अप्रैल को होने वाला विशेष सत्र काफी हंगामेदार रहने की संभावना है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस, आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक टकराव देखने को मिल सकता है। यह सत्र न केवल महिला आरक्षण के मुद्दे पर बल्कि प्रदेश की राजनीति की दिशा तय करने में भी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

## जूस के पैसे मांगने पर पिता-पुत्र पर हमला, दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में जूस के पैसे मांगने पर कुछ लोगों ने एक युवक और उसके पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रविवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार, रामगांव इलाके के लक्खाबौंडी ग्राम निवासी नफीस गन्ने के जूस की दुकान चलाता है। रविवार देर रात करीब दस की संख्या में कुछ लोग उसकी दुकान पर जूस पीने आए। जब नफीस ने उनसे 100 रुपये मांगे, तो उन्होंने जूस खराब बताते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। हमले में नफीस का सिर फट गया। उसे बचाने के लिए पास में मौजूद उसके पिता दौड़े, तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें मारपीट की सूचना मिली थी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है और मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जिले में तेल के लिए हाहाकार, कहीं हुई मार-पीट तो कहीं भगदड़

- डीएसओ कह रहे जिले में नहीं है पेट्रोल डीजल की कमी, तो फिर क्यों बंद है पेट्रोल पंप
- पेट्रोल पंप संचालक की मनमानी के चलते चहेते को पिपिया से दे रहे हैं बाइक में पेट्रोल





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले पिछले एक सप्ताह से पेट्रोल डीजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। लेकिन जिला पूर्ति अधिकारी प्रतिदिन प्रेस नोट जारी कर पेट्रोल डीजल की कोई कमी नही है की बात कर रहे हैं। लेकिन हकीकत मे कुछ और ही है।अगर एक जगहे पर 5 पेट्रोल पंप है तो चार बाद है और एक चालू है जिससे सारी भीड़ एक ही पेट्रोल पंप पर पहुंच जाती है।जिसके चलते पेट्रोल पंप को बंद करना पड जाता है।आलम ये है की प्रतिदिन किसी न किसी पेट्रोल पंप मारपीट की घटनाएं भी सामने आ रही है। सबसे बड़ी बात है की सारे पेट्रोल पंप पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के भी मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है।और मोटरसाइकिलो मे भी तोड़फोड़ हुई है।

पेट्रोल पंप संचालक के मनमानी के चलते अपने चहेते को पिपिया से मोटरसाइकिल में पेट्रोल छोड रहे हैं। डीएसओ ने आदेश जारी किया की पिपिया, ड्रम, बोतल मे पेट्रोल डीजल नही मिलेगा लेकिन पंप पर ही पिपिया से पेट्रोल डाल रहे हैं।जिसका विडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। विडियो थाना रिसिया के इटकौरी का बताया जा रहा है।

**डीएसओ के आदेश के बाद किसानों मे उबाल**

जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने एक आदेश जारी किया है की पिपिया,ड्रम, बोतल आदि मे तेल नही दिया जायेगा तो फिर क्या किसान अपना इंजन ले जायें या फिर फैक्ट्री संचालक फैक्ट्री को.....इस आदेश के बाद किसानों ने अपने इंजन को पेट्रोल पंप पर ले जाने को मजबूर है और लेकर भी पहुंचना शुरू हो गए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी प्रतिदिन प्रेस नोट जारी कर बयान देते हैं की जिले मे पेट्रोल डीजल की कोई कमी नहीं है। लेकिन हकीकत में अगर कमी नही है तो पेट्रोल पंप बंद क्यों है और जहां पर पेट्रोल डीजल है वहां पर एक दो घंटे बांटने के बाद बंद क्यों हो जाता है।

**सोशल मीडिया पर दिखा लोगों का आक्रोश**

जिले में लोग सोशल मीडिया पर पेट्रोल डीजल को लेकर उबाल है और लोग अपनी अपनी पीड़ा को जाहिर कर रहे हैं।तो लिख रहा है की साहब पेट्रोल डीजल की कमी नही है तो मिल क्यों नहीं रहा है।तो कोई लिख रहा साहब ग्राउंड पर देख लिजिए।

**डीजल के चलते सूख रहा है खेत और फसल**

किसान खेत मे पानी लगाने के चक्कर मे डीजल के लिए इधर उधर भटक रहा है।किसी का खेत सूख रहा है तो किसी की फसल बर्बाद हो रही है।किसान डीजल के लिए पेट्रोल पंप पर रात तक गुज़ार रहे हैं लेकिन डीजल के ऐसी मारामारी मची हुई है की किसान भी इंजन की टंकी और इंजन लेकर पहुंच रहे हैं। जिससे और भी भीड़ लग रही है।

# डीपीटी व टीडी स्कूल अभियान का सीएमओ ने किया शुभारंभ

### बच्चों को अतिरिक्त सुरक्षा देने के उद्देश्य से यह स्कूल आधारित अभियान शुरू किया गया है: डॉ संजय कुमार





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** 20 से 30 अप्रैल तक चलने वाले डीपीटी/टीडी स्कूल अभियान के अंतर्गत सोमवार को जनपद के समस्त ब्लॉकों में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तथा अर्बन के प्राथमिक विद्यालय पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि अभियान के तहत जिले के लगभग 2500 विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें पहुंचेंगी और करीब 70000 बच्चों को टीडी व डीपीटी बूस्टर की खुराक से अच्छादित करेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया डिफ्थीरिया एक गंभीर संक्रामक बीमारी है जो सीधे बच्चों के गले और श्वसन तंत्र पर हमला करती है इसमें सांस लेने में गंभीर परेशानी जैसी स्थिति पैदा हो जाती है यदि समय पर टीकाकरण न हो तो यह बीमारी हृदय और नसों को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं इसलिए सभी पात्र बच्चों को अतिरिक्त सुरक्षा देने के उद्देश्य से यह स्कूल आधारित अभियान शुरू किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें तथा निर्धारित तिथियां पर अपने बच्चों को टीकाकरण का लाभ अवश्य लें जिससे कि हमारा बच्चा गंभीर बीमारियों से बचा रहे।

## युवक ने की आत्महत्या निर्माणाधीन मकान में मिला शव

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद के सीमावर्ती थाना क्षेत्र बाबागंज अंतर्गत विशनापुर गांव में सोमवार दोपहर करीब 3:00 बजे हड़कंप मच गया। गांव के पास स्थित एक निर्माणाधीन मकान में 45 वर्षीय व्यक्ति ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बस्ती गांव निवासी सलीम पुत्र तसौवर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बाबागंज चौकी इंचार्ज शिवेश कुमार शुक्ला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक सलीम एक राजगीर मिस्त्री था। उसने उसी निर्माणाधीन मकान में स्थित शटरिंग का ठेका ले रखा था, जिसका काम अभी भी अधूरा है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# एक माह से गायब 212 पंचायत सहायक, नोटिस जारी

- पंचायत सहायक की नौकरी नहीं आ रही है रास

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** एक ओर जहां युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायतों में तैनात कई पंचायत सहायकों को यह नौकरी रास नहीं आ रही है।स्थिति यह है कि जिले के 14 विकासखंडों के 212 पंचायत सहायक पिछले एक माह से अधिक समय से बिना सूचना के अनुपस्थित चल रहे हैं। इससे ग्राम सचिवालयों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं और ग्रामीणों को योजनाओं से संबंधित सेवाएं समय पर नहीं मिल पा रही हैं।पंचायती राज विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित पंचायत सहायकों का वेतन रोक दिया है। साथ ही सभी को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया है।विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर उपस्थित न होने पर संबंधित पंचायत सहायकों के विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी। ग्राम सचिवालयों में पंचायत सहायकों की अनुपस्थिति से प्रमाण पत्र, ऑनलाइन प्रविष्टि, योजनाओं के पंजीकरण तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों में बाधा आ रही है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम स्तर पर सेवाएं सुचारु रखने के लिए अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पंचायत सहायकों की हाजिरी एप के जरिए की जा रही है। डीपीआरओ चंद्रभान सिंह ने बताया कि एक माह से अधिक समय से 212 ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायक बगैर सूचना के अनुपस्थित चल रहे हैं। इन्हें नोटिस देकर तीन दिनों के अंदर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। इनका वेतन भी रोका गया है।

**ब्लॉकवार अनुपस्थित पंचायत सहायकों की संख्या**

बलहा ब्लॉक के 10, चित्तौरा के 11, हुजूरपुर के 14, जरवल के 22, कैसरगंज के 11, महसी के 20, मिहींपुरवा के 16, नवाबगंज के 13, फखरपुर के 17, पयागपुर के 13, रिसिया के 09, शिवपुर के 22, तेजवापुर के 16 और विशेश्वरगंज के 18 पंचायत सहायक शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम के लिए चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देशानुसार एवं मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सुदृढ़ किए जाने हेतु तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशानुसार बाल विवाह रोकथाम के क्रम में विगत दिनांक 19.04.2026 को पवित्र पर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर जनपद गोण्डा में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी (सदर) के निर्देशन में थाना ए0एच0टी0, अपराजिता सामाजिक समिति, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं महिला कल्याण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर, उमरी बेगमगंज एवं खरगूपुर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों दुःखहरण नाथ मंदिर, खैरा भवानी मंदिर, काली माता मंदिर, मां बाराही देवी मंदिर एवं पृथ्वीनाथ मंदिर के आसपास सघन चेकिंग व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम के अंतर्गत दण्डात्मक प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा लोगों से अपील की गई कि वे इस कुप्रथा के विरुद्ध आगे आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। दौराने अभियान दुःखहरण नाथ मंदिर परिसर में बाल विवाह से संबंधित एक प्रकरण प्रकाश में आया, जिसमें दोनों पक्ष अपने-अपने बच्चों के साथ उपस्थित पाए गए। पूछताछ में उनके द्वारा लगभग एक माह पश्चात विवाह किए जाने की बात बताई गई। संयुक्त टीम द्वारा दोनों पक्षों को बाल विवाह की वैधानिक निषेधता से अवगत कराते हुए सख्त चेतावनी दी गई कि यदि बाल विवाह कराने का प्रयास किया गया तो उनके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। जनपद पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बाल विवाह जैसे अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है तथा ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही जनसामान्य से अपील की गई कि समाज से इस कुरीति को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें।

### हनी ट्रैप गिरोह की कड़ी टूटी, आरोपी महिला गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला विधानसभा से जुड़े चर्चित प्रकरण में अब बड़ा मोड़ सामने आया है। पूर्व समाजवादी पार्टी प्रत्याशी हसीब खान के नाबालिग बेटे से जुड़े मामले में पुलिस ने कथित हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई के बाद पूरे मामले में नए खुलासों की संभावना तेज हो गई है और कई अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की तलवार लटकती नजर आ रही है। सूत्रों के अनुसार, यह मामला शुरुआत में एक सामान्य विवाद की तरह सामने आया था, लेकिन जांच आगे बढ़ने के साथ इसमें गंभीर आरोप जुड़ते गए। पुलिस जांच में सामने आया कि नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में आरोपी महिला के खिलाफ दुष्कर्म, पास्को एक्ट और रंगदारी जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान यह भी जानकारी सामने आई कि आरोपी महिला ने अपने बचाव में नाबालिग किशोर, एक पत्रकार और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ गैंगरेप का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। हालांकि, पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रारंभिक जांच में यह आरोप संदिग्ध और भ्रामक पाए गए हैं। इसके साथ ही करीब 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और लोगों को कमरे में बंधक बनाए जाने जैसे आरोप भी सामने आए हैं, जिनकी जांच जारी है। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना ठाकुरगंज पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस गिरफ्तारी के बाद कथित गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों में हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो इस प्रकरण में कुछ सोशल मीडिया पर सक्रिय तथाकथित लोगों और कुछ स्वयंभू पत्रकारों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। आरोप है कि ये लोग महिला के साथ मिलकर भ्रामक खबरें फैलाकर छवि खराब करने की साजिश में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, पुलिस द्वारा अभी आधिकारिक रूप से किसी अन्य नाम की पुष्टि नहीं की गई है। जांच एजेंसियां अब पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी हैं और इस बात की पड़ताल की जा रही है कि इस गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच निष्पक्ष तरीके से जारी है और जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने निकाली रैली

### सर्व शिक्षा अभियान के तहत दिया जागरूकता का संदेश



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रामनगर सेमरा नानपारा में सोमवार को सर्व शिक्षा अभियान के तहत 'स्कूल चलो अभियान' रैली निकाली गई। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस रैली का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। रैली के दौरान बच्चों ने 'हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है', 'आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे', 'पढ़ी लिखी नारी घर घर की उजियारी', 'शिक्षा से देश सजाएंगे, हर बच्चे को पढ़ाएंगे' जैसे नारे लगाए। इसके अतिरिक्त 'एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा' और 'हर घर में एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा' जैसे संदेश भी दिए गए।यह जागरूकता रैली कस्बे के बक्सी गांव रोड, थाना रोड, हज्जिन मस्जिद चौराहा, चौक घंटाघर, छावनी चौराहा और मिर्जापुर रोड सहित विभिन्न स्थानों से गुजरी। रैली का शुभारंभ पूर्व माध्यमिक कन्या विद्यालय से हुआ, जिसे क्राइम इंस्पेक्टर अशोक कुमार वर्मा और प्रधानाचार्या ज्ञानवती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अभियान में पूर्व माध्यमिक विद्यालय, कन्या प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय प्रथम, प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर और किसान मांटेसरी स्कूल के बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सालमा बेगम, मंसूर अहमद, अखिलेश कुमार, वकील अहमद, रशीद अहमद, फातिमा तबस्सुम, सुरजीत कुमार यादव, शैलेश कुमार मौर्य, राम धीरज यादव, राजा बाबू, रजनीश पाठक और विकास सहित कई शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा, कतर्नियाघाट में भ्रमण शिविर

- पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने कर्मचारी कल्याण निधि के तहत किया आयोजन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कतर्नियाघाट वन्य जीव संरक्षण अभ्यारण्य में एक दिवसीय भ्रमण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर 'कर्मचारी कल्याण निधि' के अंतर्गत आयोजित किया गया था। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस भ्रमण शिविर में गोंडा और बलरामपुर परिक्षेत्र के विभिन्न विभागों जैसे यांत्रिक, कैरेज एंड वैगन, मेडिकल, वाणिज्य, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा विद्युत (लोको शेड) में कार्यरत 18 महिला रेल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने कतर्नियाघाट में जंगल सफारी का आनंद लिया और वन्य जीवों का अनुभव प्राप्त किया। इससे पहले, उन्हें बिछिया रेलवे स्टेशन और मीटरगेज ट्रेन का भ्रमण भी कराया गया। सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और उपहार भी प्रदान किए गए। इस भ्रमण शिविर का मुख्य उद्देश्य महिला कर्मचारियों को उनकी दैनिक व्यस्तताओं से हटकर एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करना था। यात्रा के दौरान महिला कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुविधाओं और सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए गए।

मंडल प्रशासन ने मुख्य हित निरीक्षक संतोष कुमार गुप्ता और मनीष कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में पूरे कार्यक्रम की सुव्यवस्थित योजना बनाकर उसे सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया।

## तपती दोपहर में मचा आग का तांडव

### पलक झपकते राख हुआ भूसा, लगभग 40 बकरियों की दर्दनाक मौत

**उतरौला (बलरामपुर)।** सोमवार की झुलसाती दोपहर, तेज चलती गर्म हवाएं और अचानक उठती लपटें ग्राम चिचूरी सांघिया के मजरा लालूडीह में कुछ ऐसा ही मंजर देखने को मिला, जब एक मामूली चिंगारी ने पूरे परिवार की मेहनत को राख में बदल दिया। गांव निवासी चौधरी ताज़ाम्मुल हुसैन के घर अज्ञात कारणों से लगी आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। दोपहर करीब 2 बजे लगी इस आग ने सबसे पहले घर के पास रखे भूसे के विशाल ढेर को अपनी चपेट में लिया। तेज हवाओं ने आग को और भड़काया, और देखते ही देखते लगभग 250 ट्रॉली भूसा धू-धू कर जल उठा।

## मॉडिफाइड साइलेंसर की बिक्री पर होगा कारावास, लगेगा भारी अर्थ दण्ड



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** यदि कोई डीलर या वर्कशॉप संचालक मॉडिफाइड साइलेंसर या शोर करने वाले उपकरण बेचते या वाहनों में फिट करते पाया जाता है, तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 182ए (3) के तहत 01 वर्ष का कारावास या रू. 01 लाख प्रति उपकरण का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी प्रकार मानक के विपरीत साइलेंसर लगवाने वाले वाहन स्वामियों पर धारा 182ए (4) के तहत 06 माह तक की जेल या रू. 05 हज़ार प्रति परिवर्तन का जुर्माना देय होगा। इसी प्रकार मानकों का उल्लंघन करने पर धारा 53 (1) के तहत वाहन का पंजीकरण (आर.सी.) निलंबित कर दिया जाएगा। साथ ही, संबंधित चालक का ड्राइविंग लाइसेंस 03 माह के लिए निरस्त किया जाएगा और रू. 10 हज़ार का आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मा. उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका संख्या 15385/2021 में ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध पारित आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में वाहन डीलरों, गैराज संचालकों एवं वर्कशॉप स्वामियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान ए.आर.टी.ओ. प्रशासन एस.कुमार ने उक्त जानकारी प्रदान की। श्री कुमार ने सभी सम्बन्धित को सचेत किया कि उच्च न्यायालय के आदेशों के समादर में वाहनों में निर्धारित मानकों के विपरीत ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरणों व मॉडिफाइड साइलेंसरों का प्रयोग कदापि न करें, इस प्रकार के उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित है। जनपद में शांति व्यवस्था व पर्यावरण सुरक्षा हेतु जनपद में निरन्तर अभियान संचालित किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि इसके लिए प्रवर्तन टीमें को निर्देश दिया गया है कि सड़कों एवं मार्गो पर पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सघन चेकिंग करें और अवैध साइलेंसर, हूटर, प्रेशर हॉर्न एवं ध्वनि प्रदूषण करने वाले उपकरण मिलने पर मौके पर ही कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी डीलरों को भी निर्देशित किया है कि वह अपनी दुकान, प्रतिष्ठान, वर्कशॉप अथवा शो रूम के बाहर ऐसे उपकरणों का प्रयोग न करने सम्बन्धी चेतावनी के बोर्ड भी लगाएं ताकि आम जनता जागरूक हो सके।

## परिवहन विभाग ने जनपद के समस्त विद्यालय प्रबंधकों व वाहन स्वामियों को महत्वपूर्ण निर्देश किये जारी



- शासन द्वारा विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा, पारदर्शिता एवं निगरानी सुनिश्चित करने लिए यह व्यवस्था की गई लागू

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** एआरटीओ (प्रशासन) गोण्डा आर.सी. भारतीय द्वारा जनपद के समस्त विद्यालय प्रबंधकों एवं वाहन स्वामियों को एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने अवगत कराया है कि जिन विद्यालयों एवं उनमें संचालित वाहनों को अभी तक upisvmp.com पोर्टल पर ऑनबोर्ड नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऐसे विद्यालयों के वाहनों को चिन्हित कर सीज (जब्त) किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा, पारदर्शिता एवं निगरानी सुनिश्चित करने हेतु यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय को अपने संस्थान तथा उसमें संचालित समस्त वाहनों का पंजीकरण पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करना होगा। साथ ही, प्रत्येक वाहन चालक का पुलिस सत्यापित चरित्र प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र भी अपलोड किया जाना आवश्यक है। एआरटीओ (प्रशासन) ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है, ताकि विद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों के परिवहन में किसी भी प्रकार की अनियमितता या जोखिम को रोका जा सके। बिना सत्यापन के संचालित वाहनों से दुर्घटना या अन्य अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिसे समाप्त करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों एवं वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे इस कार्य को अत्यंत प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें।

## कार की टक्कर से बाईक सवार की मौत



**धानेपुर/गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।** कार की टककर से पावर हाउस के पास बाईक सवार की मृत्यु हो गई! मिली जानकारी के अनुसार पावर हाउस धानेपुर के पास कार की जोर दार टककर से बाईक सवार लल्लन उर्फ़ अबरार अहमद पुत्र रमजान स्थानीय निवासी की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई!सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कार को कब्जे मे ले लिया है!उक्त घटना की सूचना मिलने से घर मे कोहराम मच गया!

## माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 5 महिलाओं की समस्याएं सुनी गईं



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर आयोजित 'माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद' महिला जनसुनवाई में अपर आयुक्त मीनू राणा ने 05 महिलाओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुना। अपर आयुक्त ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कुछ मामलों में तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए गए, जबकि शेष प्रकरणों में संबंधित विभागों को जांच कर एक सप्ताह के भीतर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए । उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना उमरीबेगमगंज क्षेत्र के ग्राम केवटाही निवासी बैजन्ती देवी ने रास्ते के विवाद में हुई गंभीर घटना को लेकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि 27 जनवरी को शाम करीब 4 बजे विपक्षीगण घर पर चढ़ आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपित घनश्याम ने पत्थर मार दिया, जो उनकी नाबालिग बेटी दिव्यांशी की बायीं आंख में लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने बच्ची का इलाज अयोध्या, एम्स व नेपाल के अस्पतालों में कराया, जहां डॉक्टरों ने आंख की रोशनी न लौटने की बात कही। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं की।

**INFORMATION NOTICE**

According all documents my father name is Baligur Rehman is correct & true.

Mohammad Hamid s/o Baligur Rehman R/O 11/904 Sarai Qalander Bakhsh, PS- Mandi, PO- Lakkhi Gate Distt.- Saharanpur (UP)

# जनता दर्शन : जनसेवा सरकार का कर्तव्य : योगी

**मुख्यमंत्री ने हर फरियादी की सुनीं समस्या, अफसरों को दिये समाधान के निर्देश**



**लखनऊ/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपने कर्तव्य पथ पर चलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है। हर उचित समस्या के समाधान के लिए सरकार संकल्पित है। बरेली की रहने वालीं दीप्ति जनता दर्शन में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना दर्द बयां किया। वह किराए के मकान में रहती हैं और ठेला लगाकर जीवनयापन कर रही हैं। आर्थिक विपन्नता के कारण बच्चों के लालन-पालन में काफी परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ने बरेली के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला की समस्या सुनकर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाते हुए स्थानीय स्तर पर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। सीएम की संवेदनशीलता को देखकर दीप्ति की आंखें भर आईं। चेहरे पर खुशी का भाव लिए हुए उन्होंने जाते-जाते मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और उन्हें ढेर सारी दुआएं भी दीं। कुछ लोगों ने आवास की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने उनकी बातें सुनते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करा रही है।

सीएम ने संबंधित जिलाधिकारियों को आवेदकों का पत्र भेजते हुए उन्हें निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर इन्हें भी आवास योजना का लाभ दिलाएं। इन लोगों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। मुख्यमंत्री के पास कुछ लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। सीएम योगी ने तत्काल एस्टिमेट बनवाकर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। आप परिजन की चिंता कीजिए, इलाज की चिंता सरकार करेगी। कुछ अभिभावकों ने आर्थिक परेशानी का जिक्र करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर चिंता जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी बच्चे का स्कूल नहीं छूटना चाहिए। बच्चे जहां पढ़ रहे हैं, वहीं उनकी शिक्षा जारी रहे, इसके लिए प्रबंधन से वार्ता कर बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाए।

सीएम ने अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही का संज्ञान लेते हुए इन प्रकरणों में सख्त कार्रवाई कराने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन समस्या का समाधान कराकर पीड़ितों को संतुष्ट करे।

# जन-समस्याओं का हो त्वरित निस्तारण : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सरकारी आवास, 7-कालिदास मार्ग पर आज जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों फरियादियों ने अपनी समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री के समक्ष गुहार लगाई।

श्री मौर्य ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पहले नीर पान कराया फिर एक-एक कर सभी की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में मुख्य रूप से जमीन से जुड़े विवाद, फौजदारी मामले, पैमाइश, सड़क निर्माण और नाली की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उपमुख्यमंत्री ने इन शिकायतों के आधार पर मौके पर ही निम्नलिखित जिलों के आला अधिकारियों को निर्देशित किया, जिलाधिकारी चन्दौली, बदायूं, मिर्जापुर, सीतापुर, शाहजहाँपुर। पुलिस आयुक्त (लखनऊ एवं वाराणसी), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (गोरखपुर), पुलिस अधीक्षक (सीतापुर, रायबरेली एवं बाराबंकी)। विद्युत कॉर्पोरेशन लखनऊ के चेयरमैन श्री आशीष गोयल को बिजली से जुड़ी समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु निर्देशित किया गया। श्री मौर्य ने जनता दर्शन में आए गंभीर मरीजों की सहायता को प्राथमिकता दी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा की जनता की शिकायतों का समय पर और प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी फरियादी को न्याय के लिए भटकना न पड़े।

## खबरें एक नजर में

### डीएस ग्रुप ने कैच प्रीमियम आयोडाइज्ड पिंक रॉक सॉल्ट के लिए अपना पहला टीवीसी किया लॉन्च




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एफएमसीजी समूह और मल्टी बिजनेस कारपोरेशन धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) का एक लोकप्रिय ब्रांड कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने अपने कैच प्रीमियम आयोडाइज्ड पिंक रॉक सॉल्ट के लिए पहली बार एक टीवी विज्ञापन (टीवीसी) लॉन्च करने का ऐलान किया है। यह विज्ञापन डेंट्सू क्रिएटिव वेबचटनी ने बनाया है। इस कैंपेन के जरिए डीएस ग्रुप अब मसालों और स्प्रिंकलर्स से आगे बढ़कर नमक कैटेगरी में भी अपनी बात रख रहा है। इस टीवीसी का मकसद लोगों को डीएस ग्रुप के नमक के बारे में जागरूक करना है। यह टीवी, सोशल मीडिया और ओटीटी पर दिखाया जाएगा। सुरजो दत्त, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर – डेंट्सू क्रिएटिव वेबचटनी ने कहा, हम चाहते थे कि नमक को सिर्फ एक रसोई का ज़रूरी सामान न समझा जाए, बल्कि एक समझदारी भरी चीज़ के तौर पर देखा जाए। बच्चों को कहानी के केंद्र में रखकर हमने यह दिखाया है कि आज के घरों में जागरूकता बढ़ी है। विज्ञापन इसी बात पर खत्म होता है कि खाना सिर्फ खाना नहीं होता, बल्कि यह हमारे अच्छे चुनावों का प्रतिबिंब होता है। यह टीवीसी 20 अप्रैल से टेलीविजन, सोशल मीडिया और ओटीटी पर देखने को मिलेगा।

### लखनऊ में जन आक्रोश महिला पद यात्रा आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार सुबह 9 बजे जन आक्रोश महिला पद यात्रा निकाली जाएगी। यह पद यात्रा मुख्यमंत्री आवास से शुरू होकर विधानभवन तक जाएगी, जिसके मद्देनजर पुलिस और प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। महिला पद यात्रा मंगलवार सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री आवास से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए विधानभवन तक पहुंचेगी। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। रैली को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने के लिए डीसीपी सेंट्रल विक्रांत वीर और एडीसीपी सेंट्रल ने अपनी टीम के साथ रूट और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक डायवर्जन और निगरानी को लेकर विशेष तैयारी की गई है। यह पद यात्रा लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक को लेकर उपजे असंतोष के बाद आयोजित की जा रही है। इसी मुद्दे पर हाल ही में मुख्यमंत्री योगी ने 19 अप्रैल को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी। रैली के चलते शहर के कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक प्रभावित हो सकता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें और निर्धारित दिशा–निर्देशों का पालन करें।

### शहीद पथ पर ट्रक में घुसा लोडर ड्राइवर केबिन में फंसा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में शहीद पथ पर ट्रक में पीछे से एक लोडर घुस गया। इस दौरान लोडर का केबिन पिचकने से उसमें ड्राइवर फंस गया। फायर ब्रिगेड कर्मचारी ने केबिन को ड्रिल मशीन से काटकर ड्राइवर को बाहर निकाला। वह गंभीर रूप से घायल हो चुका था। ड्राइवर को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। ट्रक को सड़क से हटाने के लिए क्रेन मंगवाई गई। क्रेन गिट्टी लदे ट्रक को सड़क से हटा ही रही थी कि उसके पीछे से एक बस टकरा गई। हालांकि, इस दुर्घटना में किसी तरह की जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ। घटना पेनेशिया हॉस्पिटल के पास रात करीब 2.15 बजे हुई। गिट्टी से लदा लोडर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से भिड़ा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लोडर का ड्राइवर केबिन में बुरी तरह फंस गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर को केबिन में फंसा देखा। तुरंत फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर लोडर के अगले हिस्से को काटा गया, जिसके बाद ड्राइवर को बाहर निकाला जा सका। घायल ड्राइवर की पहचान बस्ती के लालगंज थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी विकास (24) पुत्र जीत बहादुर के रूप में हुई है। उसके पैर में गंभीर चोट आई है। मौके पर मौजूद उसके साथी रवि विश्वनाथ ने भी मदद की। घायल को तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भेजकर भर्ती कराया गया। हादसे के बाद यातायात प्रभावित हो गया था। पुलिस ने क्रेन बुलाकर गिट्टी से भरे लोडर (यूपी 58 एटी 2036) को हटवाया। वजन के चलते वाहन को सीधे हटाना संभव नहीं था, इसलिए क्रेन से उठाकर सरयू अपार्टमेंट के सामने पार्किंग क्षेत्र में खड़ा कराया गया। इसी दौरान एक और घटना हुई। लोडर हटाने के दौरान क्रेन को पीछे से आ रही बस ने टक्कर मार दी। हालांकि, इस टक्कर में कोई जनहानि या गंभीर नुकसान नहीं हुआ।

### कबाड़ गाड़ी में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय तथा कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने रोष प्रकट करते हुए बताया कि जवाहर भवन तथा इंदिरा भवन के परिसर में वर्षों से कबाड़ गाड़ियां खड़ी है जिसके हटवाने के लिए महासंघ द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है फिर भी विभागों द्वारा नीलामी के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे। जिससे सारे कर्मचारी में बहुत नाराजगी है। श्री पाण्डेय तथा श्री बच्चा ने यह भी बताया है कि इंदिरा भवन के परिसर में खड़ी कबाड़ गाड़ियों में अचानक आग लग गयी जिससे अफरा तफरी माहौल हो गया और परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों एवं विद्युत अनुरक्षण खण्ड के कार्मिकों ने कड़ी मेहनत करके आज पर काबू पाया। श्री पाण्डेय तथा श्री बच्चा ने यह भी कहा है कि भीषण गर्मी को देखते हुए जवाहर भवन इंदिरा भवन परिसर में खड़ी गाड़ियों को तत्काल हटाने की मांग शासन प्रशासन से की है। ज्ञातव्य हो कि इस भीषण गर्मी में जवाहर भवन और इन्दिरा भवन में पहले भी इधर उधर फैले कचरों में आग लग चुकी है। बतया जाता है कि खुले आम धूम्रपान करने वाले खिलड़ियों के द्वारा जलती सिगरेट और बीड़ी नीचे फेक देते है जो कूड़े के ढ़ेर पर गिरकर आग का करण बनती है। यह भी बताय जाता है कि जिस अनुपात में सफाई कर्मी तैनात है उस अनुपात में सफाई कार्य न होने से दोनों भवनों में इस तरह का कूड़ा कचर कई जगह दिखाई पड़ता है। कई जगह तो निष्प्रयोज्य फर्नीचर भी देखने को मिलता है।

# धार्मिक स्थलों पर सुविधा विस्तार से मिलेगा रोजगार को बढ़ावा : जयवीर

**लखीमपुर खीरी की पर्यटन विकास की सात परियोजनाओं के लिए 483 लाख स्वीकृत**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पर्यटन विभाग की वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना अंतर्गत लखनऊ मण्डल के लखीमपुर खीरी के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की पर्यटन विकास की परियोजनाओं के लिए 662.21 लाख रूपये की धनराशि के प्रशासकीय स्वीकृत के सापेक्ष 7 परियोजनाओं के लिए 483 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। यूपीएसटीडीसी कार्यदायी संस्था को नामित किया गया है। कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया है कि परियोजना के कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करायें। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखीमपुर के मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महाभारत कालीन पाण्डवों द्वारा स्थापित ओछ्वानाथ शिव मंदिर के पर्यटन विकास एवंसौन्दर्यीकरण के लिए 111 लाख रूपये, निघासनविधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निघासन तहसील के ढखेरवा चौराहे के आगे अंतर्वेद नाम प्राचीन स्थान के पर्यटन विकास के लिए 81 लाख रूपये तथा गोला गोकरन नाथ के चौसन्दे बाबा स्थान के पर्यटन विकास के लिए 96 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। लखीमपुर खीरी के सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अटकोनवा में माता बेलहिया धाम के पर्यटन विकास के लिए 60 लाख रूपये, पलिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सम्पूर्णा नगर में स्थित बालाजी मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 20 लाख रूपये, श्रीनगर विकासखण्ड लखीमपुर खीरी के अंतर्गत प्राचीन देवकली तीर्थ मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 70 लाख रूपये तथा कस्ता में स्थित बाबा गौरीशंकर बेहजम का पर्यटन विकास के लिए 45 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। प्राचीन विरासत से जुड़े पूरे प्रदेश के धार्मिक स्थलों का पर्यटन विकास के अंतर्गत सौन्दर्यीकरण के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधायें सुलभ कराने के लिए परियोजनाएं स्वीकृत की गयी है। मुख्य उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ सांस्कृतिक पुनरोद्धार कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए धार्मिक पर्यटन से श्रद्धालुओं को जोड़ना है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन तथा राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति भी होगी।

# हम मातृशक्ति के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध : पंकज

**भाजपा सरकार नारी नेतृत्व में विकास की पक्षधर**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार नारी नेतृत्व में विकास की पक्षधर है, जबकि विपक्ष आज भी संकीर्ण और पितृसत्तात्मक सोच में जकड़ा हुआ है। हम मातृशक्ति के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने आज आने गृह जनपद महराजगंज में मीडिया से खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि विपक्ष का दोहरा चरित्र बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर विपक्ष ने फिर स्पष्ट कर दिया कि उनके लिए महिला सशक्तिकरण केवल राजनीतिक दिखावा है, जबकि भाजपा के लिए यह एक दृढ़ संकल्प और राष्ट्रीय मिशन है। आधी आबादी इसे भूल नही सकती। आगामी चुनाव में इन्हें सबक सिखाने का काम करेगी।

# भारत में ई-स्पोर्ट्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला ऐतिहासिक समझौता : पंखुड़ी गुप्ता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



भारत के डिजिटल खेल और कौशल विकास क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्पोर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन, फिटनेस और लेज़र स्किल्स काउंसिल (SPEFL) ने Gosu Academy और भारत ई-स्पोर्ट्स प्रोफेशनल फेडरेशन (BEPF) के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (Mo) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य भारतीय युवाओं को विश्व स्तरीय ई-स्पोर्ट्स प्रशिक्षण, प्रमाणन और रोज़गार के अवसर प्रदान करना है। इस स्व्ष पर हस्ताक्षर करने वालों में श्री तहसीन ज़ाहिद (CEO, SPEFL), सुश्री पंखुड़ी गुप्ता (महासचिव, BEPF), श्री फ्रांसिस्को जेवियर (CEO, Gosu Academy), और नेतृत्व प्रतिनिधि श्री ब्रैडेन प्लेन शामिल थे।

इस अवसर पर सुश्री पंखुड़ी गुप्ता की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय थी। BEPF की महासचिव के रूप में, वह फेडरेशन की प्रशासनिक जिम्मेदारियों, सरकारी संपर्क और वैश्विक ई-स्पोर्ट्स समन्वय का नेतृत्व करती हैं।

एक अनुभवी खेल पेशेवर और सामाजिक उद्यमी के रूप में, सुश्री पंखुड़ी गुप्ता ने ई-स्पोर्ट्स को मुख्यधारा की कौशल विकास पहलों में एकीकृत करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री कार्यालय और कौशल विकास मंत्रालय के साथ काम किया है, और वह उर्मिला वेलफेयर ट्रस्ट की संस्थापक भी हैं। इस MoU में उनकी सक्रिय भागीदारी यह सुनिश्चित करती है कि भारतीय युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण मिले, जिससे वे न केवल देश के भीतर बल्कि विदेशों में भी सफल करियर बना सकें। सुश्री पंखुड़ी गुप्ता का दृढ़ विश्वास है कि ई-स्पोर्ट्स युवाओं की ऊर्जा को एक सकारात्मक दिशा में चैनल कर सकता है और डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण को और मज़बूत कर सकता है।

दो चरणों में लागू होने वाली इस साझेदारी के पहले चरण में, वैश्विक मानकों के अनुसार डिज़ाइन किए गए सरकारी-प्रमाणित ई-स्पोर्ट्स कौशल कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से, युवाओं को संरचित प्रशिक्षण, प्रमाणन और परिभाषित करियर मार्गों तक पहुंच प्राप्त होगी। दूसरे चरण में, पूरे भारत में भौतिक ई-स्पोर्ट्स कौशल केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, पेशेवर कोचिंग, एनालिटिक्स और उच्च-प्रदर्शन प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

# यूपी में विश्वस्तरीय इंडस्ट्रियल पार्क के लिए निजी निवेश को आमंत्रण

**यूपी में प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल पार्क में निजी निवेशकों ने दिखाई रूचि**

**राज्य ब्यूरो, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से 'इन्वेस्ट यूपी' ने सोमवार को एक विशेष 'डेवलपर-इन्वेस्टर फैसिलिटेशन वेबिनार' का आयोजन किया। इस सत्र में देश-विदेश के प्रमुख डेवलपर्स और वैश्विक निवेशकों को एक मंच पर लाकर प्रदेश में 'प्लग-एंड-प्ले' इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने के अवसरों और भविष्य की रणनीतियों पर व्यापक चर्चा की गई।

इस परिचर्चा में क्रेडाई, सेम्बकॉर्प, अदानी एपीएसईजेड, कुशमैन एंड वेकफील्ड, डीएलएफ, ज़फर सरेशवाला ग्रुप, ओमैक्से ग्रुप, डीबीएस बैंकअजमेरा रियल्टी और इंफिनिटी ग्रुप' जैसे दिग्गज उद्योग समूहों ने सक्रिय भागीदारी की। सभी हितधारकों ने उत्तर प्रदेश की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों की सराहना करते हुए परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन, वित्तपोषण (फाइनेंसिंग) और बेहतर योजना निर्माण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर 'इन्वेस्ट यूपी' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय किरण आनंद ने राज्य की दो दूरदर्शी नीतियों 'प्राइवेट बिज़नेस पार्क पॉलिसी' और यूपी प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल शेड पॉलिसी पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन पहलों का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा 'रेडी-टू-मूव' औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार करना है, जो न केवल वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करे, बल्कि उत्तर प्रदेश को अनुसंधान एवं विकास (त्-व) और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) का पसंदीदा हब बना सके। उन्होंने उत्तर प्रदेश की तेजी से विकसित हो रही अवसंरचना का भी उल्लेख किया, जिसमें 7 संचालित एक्सप्रेसवे, 15 प्रस्तावित औद्योगिक कॉरिडोर तथा 16 घरेलू और 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का सशक्त नेटवर्क शामिल है। इनमें नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो प्रदेश के लिए गेम चेंजर साबित होगा। राज्य की निवेश अनुकूल छवि को और सुदृढ़ करने के लिए 36 से अधिक सेक्टोरल नीतियां लागू हैं, जिनमें इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट एंड एम्प्लॉयमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2022 प्रमुख हैं। इस दौरान यीडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री आर.के. सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे कॉरिडोर के विकास दृष्टिकोण को साझा करते हुए बताया कि यह क्षेत्र नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जुड़ाव के कारण निवेश के अपार अवसर प्रदान करता है। 'इन्वेस्ट यूपी' ने एक सक्रिय सहयोगी के रूप में अपनी भूमिका को दोहराते हुए बताया कि उन्नत निवेश मित्र 3.0 पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को त्वरित स्वीकृतियां और बेहतर ईज आफ डूइंग बिजनेस सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे समयबद्ध और निवेशक-अनुकूल प्रक्रियाओं का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

# विकास नगर अग्निकांड : पीड़ित को सरकार दे मुआवजा : अजय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी में कांग्रेस कमेटी का डेलिगेशन सोमवार को विकास नगर अग्निकांड पीड़ितों की मदद करने पहुंचा। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात करके राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान पीड़ितों के नुकसान का सही आकलन करके सरकार से उनकी मदद करने की बात कही। पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। अजय राय ने अग्निकांड में हुए नुकसान पर गहरा दुःख जताया। कहा इस कठिन समय में कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। प्रभावित परिवारों को राशन, कपडे, खाने-पीने की राहत सामग्री वितरित की। उनके पुनर्वास की दिशा में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अजय राय ने प्रदेश सरकार से मांग किया कि अग्निकांड से प्रभावित सभी परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता, आवास और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे सामान्य जीवन में वापस लौट सकें। अजय राय ने कहा कि घटना बेहद दुखद है। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो इस पर भी ध्यान देना चाहिए। घटना वाले दिन से ही कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता पीड़ितों की सहायता में जुटे हुए हैं। पार्टी के अलग-अलग जितने विंग है। सब अपने स्तर पर मदद पहुंचा रहे हैं। इनकी मदद के लिए तमाम एनजीओ और स्वयंसेवी संगठन भी आगे आ रहे हैं। मगर यह तमाम सहायता पर्याप्त नहीं है। जब तक सरकार इन्हें मजबूत सहायता राशि नहीं देगी तब तक यह इस नुकसान से उभर नहीं सकते। इसलिए हमारी मांग है कि सभी परिवारों की जल्द से जल्द मदद की जाए।

# एकीकृत विकास योजना के तहत गांवों में विकास कार्य कराए जाने की अधिकतम सीमा निर्धारित




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार ने एकीकृत विकास योजना के तहत एक गांव में विकास कार्य कराए जाने की अधिकतम सीमा 20 लाख रूपये निर्धारित की है। विभागीय मंत्री की अनुमति से विशेष परिस्थितियों में इस धनराशि को बढ़ा कर 50 लाख तक किया जा सकेगा।

समाज कल्याण विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए इसकी प्रति प्रदेश के समस्त मंडलायुक्तों एवं समस्त जिलाधिकारियों को अनुपालन के लिए प्रेषित कर दिया है। एकीकृत विकास योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में विकास कार्यों के लिए प्रत्येक ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत में इण्टरलॉकिंग, नाली-निर्माण, संपर्क मार्ग, सीसी0रोड, पिच रोड, पुलिया निर्माण जैसे कार्य कराए जाते हैं। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक जनपद में अति पिछड़े अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए रोजगार सृजन, प्रशिक्षण एवं अवस्थापना सुविधा, पेयजल, आवास निर्माण, संपर्क मार्ग का निर्माण तथा सामुदायिक विकास केन्द्रों का निर्माण कराकर अनुसूचित जातियों का समग्र विकास कराते हुए इनको समाज की मुख्य धारा में जोड़ना है, ताकि अनुसूचित जाति के अधिक से अधिक व्यक्तियों को इस योजना का पूरा लाभ मिले।

**बयान** | **दूरसंचार विभाग, उत्तर प्रदेश पूर्व एलएसए का आधिकारिक स्पष्टीकरण**

# मोबाइल टॉवर है, पूर्णतः सुरक्षित : अफवाहों से बचें!

**राज्य ब्यूरो, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार के संचार मंत्रालय के अंतर्गत दूरसंचार विभाग की उत्तर प्रदेश पूर्व लाइसेंस सेवा क्षेत्र ने मोबाइल टावरों से उत्सर्जित होने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड (EMF) रेडिएशन के संबंध में जनमानस में व्याप्त भ्रांतियों के निवारण हेतु महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया है। विभाग ने आश्वस्त किया है कि 5G, 4G, सहित सभी तकनीकों के मोबाइल टावरों से उत्सर्जित तरंगें, दूरसंचार विभाग द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के पूर्णत: अंतर्गत होते हैं और आम जनता को रेडिएशन संबंधी किसी भी भ्रामक जानकारी पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि 5G या अन्य किसी भी नेटवर्क के टावर रेडिएशन से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की बात पूर्णत: निराधार है। 2G से लेकर 5G तक, सभी मोबाइल नेटवर्क नॉन–आयनाइजिंग (Non-ionizing) रेडियो फ्रीक्वेंसी का उपयोग करते हैं। इन तरंगों में ऊर्जा का स्तर इतना न्यून होता है कि ये मानव शरीर अथवा डीएनए को कोई क्षति नहीं पहुंचा सकतीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी इस तथ्य की पुष्टि की जा चुकी है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित ईएमएफ उत्सर्जन मानक अंतर्राष्ट्रीय मानकों की तुलना में 2 गुना अधिक कठोर हैं, जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

आम जनमानस की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, उत्तर प्रदेश पूर्व एलएसए द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में स्थापित सभी मोबाइल टावरों की निरंतर निगरानी और ईएमएफ रेडिएशन अनुपालन परीक्षण सुनिश्चित किया जाता है। दूरसंचार सेवा प्रदाता द्वारा सभी टावरों का स्व–प्रमाणन प्रस्तुत किया जाता है, जिसके उपरांत विभाग की टीम द्वारा प्रत्येक वर्ष कुल लगाए गए मोबाइल टावर के 5% टॉवरों का औचक निरीक्षण और



ईएमएफ रेडिएशन अनुपालन परीक्षण किया जाता है। उत्तर प्रदेश (पूर्व) एलएसए क्षेत्र में स्थापित कुल 1,21,866 बेस ट्रांससीवर स्टेशन (बीटीएस) में से 6,240 का वर्ष 2025–26 के दौरान ईएमएफ रेडिएशन अनुपालन परीक्षण किया गया है और ये सभी बीटीएस निर्धारित सुरक्षित सीमाओं के भीतर कार्य करते पाए गए हैं। मानकों का उल्लंघन करने वाले दूरसंचार सेवा प्रदाताओं पर भारी आर्थिक जुर्माना लगाने के साथ–साथ सम्बंधित बीटीएस को तत्काल प्रभाव से बंद करने का सख्त प्रावधान भी लागू है। बेस ट्रांससीवर स्टेशन (बीटीएस) की सुरक्षा प्रणाली को पुष्ट करते हुए, उत्तर प्रदेश (पूर्व) एलएसए के अपर महानिदेशक दूरसंचार, श्री अरुण कुमार वर्मा ने कहा, विभाग नागरिकों को पूर्णत: आश्वस्त करना चाहता है कि उत्तर प्रदेश (पूर्व) एलएसए में संचालित सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के बेस ट्रांससीवर स्टेशन (बीटीएस) (चाहे वह 2G हो या 5G) दूरसंचार विभाग के ईएमएफ रेडिएशन अनुपालन परीक्षण की कसौटी पर अभी तक खरे उतरे है। विभाग की नियमित ईएमएफ रेडिएशन अनुपालन परीक्षण यह सुनिश्चित करता है कि जन–स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो। पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दूरसंचार विभाग द्वारा तरंग संचार पोर्टल (tarangsanchar. gov.in) संचालित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से कोई भी नागरिक सुगमतापूर्वक अपने आवास अथवा कार्यालय के समीप स्थापित मोबाइल टावरों की स्थिति देख सकता है। इसके साथ ही, यह भी सत्यापित किया जा सकता है कि संबंधित टावर सुरक्षित ईएमएफ (EMF) रेडिएशन मानकों का अनुपालन कर रहा है या नहीं। पोर्टल पर वैज्ञानिक तथ्य एवं अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न भी जन–जागरूकता हेतु उपलब्ध हैं। यदि किसी नागरिक को अपने आवास, कार्यालय अथवा परिसर के समीप स्थित किसी विशिष्ट मोबाइल टावर से उत्सर्जित रेडिएशन के विषय में तनिक भी संशय है, तो वह इसकी जांच हेतु आधिकारिक अनुरोध कर सकता है। इच्छुक व्यक्ति तरंग संचार पोर्टल [https://tarangsanchar.gov.in/EMFPortal/Request/Dmeasurement] के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर टावर की ईएमएफ रेडिएशन जांच करवा सकता है। इस व्यक्तिगत ईएमएफ रेडिएशन परीक्षण हेतु मात्र रु. 4000/– का नाममात्र शुल्क निर्धारित किया गया है।

# शाहीन एकेडमी में सफल छात्र-छात्राओं का सम्मान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

अगर हम दुनिया में कामयाबी, सफलता और गौरव चाहते हैं तो हमें ज्यादा से ज्यादा शिक्षा हासिल करनी चाहिए। खुदा पाक ने हमें जो जीवन प्रदान किया है, उसे शांतिपूर्ण, आदर्श और काबिले रश्क बनाने के लिए जरूरी है कि हम अत्यंत महत्व और गंभीरता के साथ शिक्षा प्राप्त करें। शिक्षा हमारी प्रगति और उन्नति की कुंजी है। दुनिया में वही कौम तरक्की कर रही हैं जिन्होंने शिक्षा को अपना आदर्श बना रखा है। इन विचारों का व्यक्त डॉ. अब्दुल कदीर, चेयरमैन शाहीन ग्रुप बीदर (कर्नाटक) ने किया।

वह शाहीन एकेडमी, इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ऐशबाग, लखनऊ में सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, चेयरमैन शाहीन एकेडमी इस्लामिक सेंटर ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उनकी यह शानदार सफलता माता-पिता की दुआओं, संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षिक योजना, शिक्षकों के समर्पण, ध्यान, लगन और छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत का संयुक्त परिणाम है। मौलाना फरंगी महली ने कहा कि यह सफलता हमें और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा कि हमारी और एकेडमी के शिक्षण स्टाफ की इच्छा और कोशिश है कि हमारे विद्यार्थी अपने उच्च नैतिक मूल्यों, मजबूत चरित्र, अनुशासन, समय की पाबंदी, उच्च शिक्षा की प्राप्ति, जनसेवा और देश व राष्ट्र के निर्माण और विकास में सक्रिय भूमिका निभाने वालों में प्रमुख स्थान रखें।

# सैटेलाइट बस अड्डा सहित चार परियोजनाओं का वित्तमंत्री और परिवहन मंत्री ने किया लोकार्पण

- अहमदपुर नियाजपुर में बना आधुनिक सैटेलाइट बस अड्डा, कई शहरों से बढ़ेगी कनेक्टिविटी
- 47 करोड़ की लागत से सैटेलाइट बस अड्डा, पुराने बस अड्डे और वर्कशाप का जीर्णाद्वार, डंपिंग यार्ड का निर्माण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री परिवहन विभाग (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के द्वारा बटन दबाकर 47 करोड रुपए की लागत से 4 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। मंत्री ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर बस अड्डे से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पूर्व निर्मित बस स्टेशन का सौन्दर्यीकरण का कार्य, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर सैटेलाईट बस अड्डा के निर्माण कार्य, वर्कशाप का निर्माण कार्य, डिटेन्शन/डम्पिंग यार्ड के निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शासन प्रेरणा से नया सैटेलाइट बस स्टैंड अहमदपुर नियाजपुर में लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। नवनिर्मित सैटेलाइट बस अड्डे का नाम महान समाजसेवी एवं आदर्श शासक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के सम्मान में रखा गया है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए प्रसन्नता व्यक्ति की। उन्होंने कहा कि शाहजहाँपुर में लंबे समय से एक सुव्यवस्थित बस अड्डे की आवश्यकता थी। पुराना बस अड्डा अत्यधिक भीड़भाड़ एवं संकरे क्षेत्र में स्थित होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए इस सैटेलाइट बस अड्डे का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस नए बस अड्डे के माध्यम से शाहजहाँपुर को बरेली, लखनऊ, सीतापुर एवं दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों से सुगमता से जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि कांट, पुवायां, तिलहर में बस अड्डे, डंपिंग यार्ड का कार्य एवं जनपद स्तर पर ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं रिसर्च सेंटर निर्माण कराया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि 47 करोड रुपए की लागत से चार परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है यह एक जिले के लिए बहुत बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि इस बस अड्डे के निर्माण से चारों तरफ कनेक्टिविटी बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर आज बस अड्डा बनाया गया है, वहां पहले अत्यंत खराब स्थिति थी। वह क्षेत्र एक बड़े गड्ढे के रूप में था, जहां जलभराव की समस्या बनी रहती थी। लगभग छह से आठ महीने की कठिन मेहनत के बाद भूमि को उपयोग योग्य बनाया गया, जिसके पश्चात इस आधुनिक बस अड्डे का निर्माण संभव हो सका। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि स्वच्छता की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस बस अड्डे से शाहजहाँपुर की कनेक्टिविटी लखनऊ, लखीमपुर, हरदोई एवं बरेली से और बेहतर होगी। साथ ही उन्होंने दयाशंकर सिंह का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग की सराहना की। वित्त मंत्री ने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत शाहजहाँपुर के विकास हेतु लगभग 350 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से बरेली मोड़ से सुभाष नगर होते हुए रिंग रोड तक सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। शहर के सौंदर्यीकरण हेतु सड़कों के किनारे पट्टी विकसित की गई है जिस पर अतिक्रमण न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण न करने से सड़कों को चौड़ा एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि शहर में 1500 लोगों की क्षमता वाला एक आधुनिक ऑडिटोरियम भी बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त लगभग 403 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य प्रस्तावित-प्रगति पर है, जो शाहजहाँपुर से होकर गुजरेगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगी।

उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले भारत लगभग 86 प्रतिशत पेट्रोलियम पदार्थों का आयात करता था, किन्तु अब एथनॉल मिश्रण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान में पेट्रोल में लगभग 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाया जा रहा है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो रही है और एथनॉल उत्पादन को भी बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए लगभग 130 करोड़ रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की गई है, जो नवंबर तक प्राप्त हो चुकी है। हाइब्रिड वाहनों के पंजीकरण में भी छूट दी जा रही है। इन पहलों से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बहुआयामी रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। सांसद लोकसभा अरुण कुमार सागर एवं राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया एवं महापौर अर्चना वर्मा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित कर जनपद के विकास के बारे में बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ डॉ अपराजिता सिंह, जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, आरएम रोडवेज रमेश कुमार एवं एआरएम अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## आज ज्ञापन सौंपेगा पेंशनर्स एसोसिएशन

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन/सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उ.प्र के प्रान्तीय नेतृत्व के आवाहन् में केन्द्रीय 8वें वेतन आयोग के गठन में जनवरी 26 से पूर्व के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के रिवीजन को छोड़ दिये जाने सहित 10 मांगों वावत 21 अप्रैल मंगलवार समय प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक, खिरनी बाग राम लीला मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय जनपद शाखा द्वारा लिया गया है। यह जानकारी सन्त कुमार विश्वकर्मा जिलामंत्री सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने दी।

## नगर में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव, निकली शोभायात्रा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम का जन्म अन्याय और अत्याचार के खिलाफ फरसा उठाने के लिये हुआ था। उनके आदर्श आज भी समाज को सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। नगर के तिलहर में श्री परशुराम सेवा समिति द्वारा बड़े ही धूमधाम से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आकर्षक और भव्य झांकियां शोभायमान रहीं। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और युवा फरसा धारण कर शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को परशुराम रत्न तथा परशुराम सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में पुलिस उपाधीक्षक दुष्यंत सिंह, वीडी शर्मा, संजय पाठक, राधारमण मिश्रा, डॉ. प्रमोद मिश्रा, कैलाश चंद मिश्रा, रसिक श्रीश चंद्र मिश्रा, अरविंद शर्मा, आशीष, नीरज शर्मा, विवेक शर्मा, सचिन शर्मा, अनुज यादव, राजाराम गुप्ता तथा मनोज मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में पं. अयोध्या प्रसाद शास्त्री, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अभिनव शर्मा वीरू, राजूपंडित जयप्रकाश द्विवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, भाजपा नगराध्यक्ष साहू रोहित गुप्ता, सत्यम शर्मा , शेरा पंडित सहित सैकड़ों युवा फरसाधारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अम्बरीष चंद्र पाण्डेय एवं सचिव अनुराग मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। अंत में समिति के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

## धरना दे रहे भाकियू कार्यकर्ताओं ने फूंका सीडीओ का पुतला

- ब्लॉक परिसर का मुख्य गेट बन्द करने को लेकर पुलिस से हुई नोकझोंक

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकासखण्ड परिसर में पिछले पांच दिनों से चल रहे भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी गुट के धरने पर किसी सक्षम अधिकारी के न आने के कारण सोमवार को कार्यकर्ताओं का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर के मुख्य द्वार को अंदर से बंद कर जोरदार नारेबाजी कर मुख्य विकास अधिकारी का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की प्रभारी निरीक्षक से नोकझोंक भी हुई।

संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मुनेश्वर दयाल कठेरिया तथा बरेली मंडल अध्यक्ष सबील खां के नेतृत्व में धरना दे रहे कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सबसे पहले बीडीओ कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की। इसके बाद मुख्य गेट पर अंदर से ताला लगाकर मुख्य विकास अधिकारी का पुतला फूंककर अपना विरोध जताया।इस दौरान कार्यालय में ही मौजूद बीडीओ ओमप्रकाश ने पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान गेट खुलवाने को लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। धरना दे रहे किसानों का कहना है कि वे पिछले पांच दिनों से अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर शांतिपूर्वक धरने पर बैठे हैं लेकिन अब तक किसी भी जनपद स्तरीय अधिकारी ने मौके पर आकर उनकी समस्याओं को सुनना उचित नहीं समझा। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं तब तक धरना जारी रहेगा। बाद में प्रभारी निरीक्षक और बीडीओ ने आंदोलनकारियों के पदाधिकारियों से वार्ता कर उनकी मांगों से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता जेपी वर्मा एवं एसडीओ राजू कुमार ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से बातचीत की और बिजली संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान जब भाकियू कार्यकर्ता गेट को अन्दर से बन्द कर प्रदर्शन कर रहे थे। उसी समय छुट्टी के बाद लौटे छात्रों को परिसर में स्थित घरों तक पहुँचने के लिए काफी देर तक धूप में खड़े रहना पड़ा।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, युवक की मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम



**मदनापुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव फतेहपुर बिरिया निवासी कौशल 20 वर्ष सोमवार सुबह करीब 8 :30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से बरुआ चौकी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह मोहनिया मोड़ के पास पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कौशल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उनका सिर बुरी तरह कुचल गया। हादसे की सूचना सबसे पहले उनके चचेरे भाई मंगली को मिली, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर डायल 112 पुलिस और एंबुलेंस भी पहुंची और घायल कौशल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।मृतक कौशल एक साधारण किसान परिवार से थे और खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी शादी करीब एक वर्ष पूर्व साधना के साथ हुई थी, जो वर्तमान में गर्भवती हैं। इस हादसे ने परिवार की खुशियों को गहरे सदमे में बदल दिया है। परिवार में पहले से ही दुखों का साया है। उनके भाई सर्वेश का पूर्व में निधन हो चुका है। अन्य भाइयों में बृजेश (अविवाहित), श्याम पाल उर्फ नन्हे, किशन कुमार, दिनेश और सुशील शामिल हैं। बहनों में आशा देवी और गीता देवी विवाहित हैं, जबकि सबसे छोटी बहन राधा (लगभग 12 वर्ष) अभी अविवाहित है। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ...न अब फूलों की कहकशां है, न अब किताबों का सिलसिला है, नगर में हुआ महाना तरही मुशायरे का आयोजन

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बज़्म ए अरबाबे सुखन की ओर से घेरचौबा मोहल्ले में महाना तरही मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरा में शायरों ने अपने-अपने कलाम पेश कर वाह वाह लूटी। रविवार रात मुशायरे का मसूद हसन खां ने नात ए पाक से आगाज किया। शायर उस्मान आबिद ने कहा कि कहीं अंधेरों का बोलबाला कही उजालों का सिलसिला है, है बात सीधी सी सिर्फ रोटी ही सब बवालों का सिलसिला है। फरीद तिलहरी ने सुनाया कि शजर से कट कर गिरी जो डाली लिपट के रोने लगे परिंदे, बहुत ही मुश्किल है खत्म करना जो इन से बरसों का सिलसिला है। शमशाद आतिफ ने कहा कि मता ए हस्ती से जब भी मैने जवाब मांगा तो हंस के बोली, अंधेरी रातों से पूछता है कहाँ उजालों का सिलसिला है। वहीद तिलहरी ने सुनाया कहां वो चेहरे कहां वो बातें कहां वो बीते हुए ज़माने, न अब वो फूलों की कहकशां है न अब किताबों का सिलसिला है। शायर फैजान तिलहरी, हसीब चमन, शरीफ आलम, शकील तिलहरी, खलीक शौक़, गुलशन जहां, गुलशन रईस तिलहरी ने भी अपने कलाम पेश किए। मुशायरे की अध्यक्षता शकील तिलहरी और संचालन रईस तिलहरी ने किया।

### परशुराम जयंती पर शोभा यात्रा का आयोजन



**पुवायां, शाहजहांपुर।** परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के प्रदेश अध्यक्ष राजेश शुक्ला के आयोजन में सोमवार को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में प्रातः 10 बजे सामूहिक रूप से भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए एवं पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद सरस्वती शिशु मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। जहां से यात्रा तिराहा बाजार होते हुए गढ़ी पहुंची। जहां शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया तथा श्रद्धालुओं पर पुष्प बरसाए गए। जहां से शोभायात्रा चौराहा बाजार होते हुए राजा मार्केट पहुंची। जहां सपा नेता राजवीर सिंह द्वारा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया। जिसके बाद यात्रा राजीव चौक होते हुए खुटार रोड से डाक बंगला पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान जय दादा परशुराम के जयकारे लगाए गए। इस दौरान पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद, विधायक चेतराम, राकेश मिश्रा, अजय पाण्डेय, राजेश शुक्ला, गोपाल अग्निहोत्री, अभय मिश्रा, अनुज मिश्रा, पुनीत शर्मा, बालेंद्र मिश्रा, रिंकू शुक्ला, अमित शुक्ला, रिंकू मिश्रा, पंकज त्रिवेदी, दीपक मिल्किया, चिराग गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मिर्जापुर ब्लॉक में भारत जनगणना प्रशिक्षण में प्रगणकों और सुपरवाइजरों ने आयोजकों पर लगाए गंभीर आरोप

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जूनियर हाईस्कूल जरियनपुर में 20 अप्रैल से चल रहे तीन दिवसीय भारत की जनगणना 2027 के प्रगणक और सुपरवाइजर प्रशिक्षण शिविर में शिक्षकों ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विकास मिश्रा, रामानंद मिश्रा, राजवीर सिंह, मिनशू त्रिपाठी, प्रदीप कुमार कुशवाहा,विनय सैनी, शिवेंद्र सिंह, सुशील कुमार सैनी, सुशील कुमार, कमल किशोर, शवम सोनी सहित लगभग दो दर्जन शिक्षकों/प्रगणक और सुपरवाइजरों का कहना है कि सुबह साढ़े नौ बजे से सांय पांच बजे तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में सरकार ने प्रति प्रशिक्षु व्यय दो सौ रुपए आबंटित किए गए हैं। जिसमें बड़ा गोलमाल किया जा रहा है। आरोप है कि प्रशिक्षण के आयोजक स्कूल में बच्चों के बैठने वाली बेचों और डेस्को पर ही शिक्षकों को बैठाकर प्रशिक्षण दे रहे हैं। इन बच्चों वाली छोटी छोटी बेचों पर साढ़े सात घंटे शिक्षकों को बैठना मुश्किल हो रहा है। यही नहीं प्रशिक्षण के आयोजक भ्रष्टाचार की सभी सीमाओं को तोड़ते हुए इस भीषण गर्मी में सुबह के बने हुए लंच पैकेट में चार पूड़ी और आलू की सब्जी खाने को दे रहे हैं। जो लंच टाइम तक खराब हो गई है। जिससे शिक्षकों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। प्रशिक्षण में इस गंभीर समस्याओं के विरोध में प्रशिक्षण के पहले ही दिन जनगणना प्रगणकों और सुपरवाइजरो ने खराब हो चुके लंच पैकेटों को वापस कर गहरा रोष व्यक्त किया है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रगणकों और सुपरवाइजरों का कहना है कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे लोग प्रशिक्षण का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे।

## फार्मर आईडी-किसान पहचान पत्र की अनिवार्यता खत्मः पाण्डेय

- गेहूं विक्रय के लिए अब किसानों के लिए राहत भरी खबर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में प्रचलित गेहूं खरीद में किसानों से उनके गेहूं क्रय के लिए उनसे फार्मर आईडी एवं किसान पहचान पत्र गेंहू क्रय केंद्र पर दिया जाना शासन के आदेशानुसार अनिवार्य किया गया था। डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पाण्डेय ने बताया कि किसानों को उनके गेंहू विक्रय के लिए अब फार्मर आईडी ध पहचान पत्र की अनिवार्यता समाप्त कर दी गयी है। सभी किसान क्रय केंद्र पर अपने पंजीयन प्रपत्र, खसरा, खतौनी, फ़ोटोयुक्त आधार कार्ड लेकर जाएं, उनसे गेहूं क्रय कर लिया जाएगा। उन्होंने किसानों के साथ साथ सभी क्रय प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी अवगत हुए कहा कि वह लोग गेहूं क्रय कार्य संपादित कराएं।

## सर्पदंश से पत्रकार के मासूम बेटे की मौत



**पुवायां, शाहजहांपुर।** सोमवार की सुबह एक परिवार के लिए ऐसी मनहूस खबर लेकर आई, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। पत्रकार अंकित पांडेय के दो वर्षीय मासूम पुत्र की सर्पदंश से असमय मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सुबह घर में खेलते और टहलते समय अचानक बच्चे को सर्प ने डस लिया। घटना के समय किसी को भी सर्पदंश की जानकारी नहीं हो सकी। कुछ ही देर बाद मासूम की तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन घबरा गए और तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता पिता सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं, वहीं पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। जिसने भी इस घटना के बारे में सुना, उसकी आंखें नम हो गई। एक पल में हंसता-खेलता घर मातम में बदल गया। इस दर्दनाक हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया है और हर कोई यही कह रहा है कि इतनी छोटी उम्र में जिंदगी का यूं छिन जाना बेहद दुखद और असहनीय है।

## नैना गुप्ता ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज का बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष का रिजल्ट एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श पाण्डेय ने बताया कि नैना गुप्ता ने 8.04 एसजीपीए (सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट एवरेज) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अभिनव मिश्रा व शीतल ने 7.96 व 7.78 एसजीपीए के साथ क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता परमपूज्य स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, स्वामी शुकदेवानन्द कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ. अवनीश मिश्रा और प्राचार्य प्रो. डॉ. राकेश कुमार आज़ाद एवं सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई और आशीर्वाद दिया।

## भीषण गर्मी, लू और उमस से बचाव हेतु रेड क्रॉस का त्वरित राहत एवं जागरूकता अभियान

**शाहजहांपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार के दिशानिर्देश पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में बढ़ती गर्मी, लू /हीट वेव एवं उमस को देखते हुए की जिला शाखा द्वारा जनहित के लिए त्वरित राहत एवं जागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे रेडक्रॉस के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने जानकारी देते हुए बताया की तेज धूप में अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त पानी पीते रहें तथा सिर को ढककर रखें। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गो एवं श्रमिकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।



इस अभियान के अंतर्गत प्रमुख स्थानों पर ठंडे पेयजल, ओ.आर.एस घोल एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था शीघ्र ही प्रारम्भ की जाएगी। साथ ही रेडक्रॉस स्वयंसेवकों द्वारा लोगों को लू से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जायेगा। रेडक्रॉस संस्था द्वारा यह भी अपील की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत उसे छायादार स्थान पर लाकर प्राथमिक उपचार दें और आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। रेड क्रॉस का यह प्रयास जनस्वास्थ्य की सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। अन्त में डॉ. विजय जौहरी ने भीषण गर्मी, लू और उमस से बचाव हेतु सहयोगी भूमिका के निर्वहन करने की शपथ दिलायी। गोष्ठी में डॉ. विजय जौहरी, बाल कृष्ण पाण्डेय, ब्रजेश गुप्ता, रवि कुमार, मीनू मिश्रा, अनुज जौहरी, अग्रज जौहरी, अवनीश सक्सेना, नीलम सक्सेना, नशीम बानो, प्रगति त्रिपाठी, आफरीन, नाहिद, प्रेमवती, गंगादेवी, रामकुमार सक्सेना, प्रतिपाल, रवि बाबू, राखी वनकुटी इत्यादि रेडक्रास के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 13 परीक्षा केंद्रों पर 25, 26 एवं 27 अप्रैल को होगी होमगार्ड एनरोलमेंट परीक्षा

- जनपद में होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तैयारियां पूर्ण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं नकल-विहीन आयोजन हेतु जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा का आयोजन जनपद आजमगढ़ के कुल 13 परीक्षा केन्द्रों पर 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। प्रत्येक पाली में कुल 5808 अभ्यर्थियों के सम्मिलित होने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी ने परीक्षा की सुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूर्णतः नकल-विहीन, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की गई है, जो परीक्षा की समुचित निगरानी करेंगे। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी परीक्षा केन्द्रों का पूर्व निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों पर समय से प्रश्नपत्र एवं अन्य परीक्षा सामग्री सुरक्षित रूप से पहुंचाने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा संवेदनशील केन्द्रों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए तथा अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एडीएम एफआर ने किया जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण

**प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का शुभारंभ एसडीएम पुवायां ने किया**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारत की जनगणना 2027 हेतु प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का शुभारंभ एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज ने किया। प्रशिक्षण का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। उपस्थित जनगणना प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए, एसडीएम सरोज ने कहा कि भारत की जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है जिसका उद्देश्यों डेटा का विश्लेषण कर देश के नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा इसलिए प्रगणक का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिस शुद्धता से डेटा एकत्र करने का कार्य किया जाएगा उतनी ही प्रभावी और लक्षित योजनाएं बनाने के शासन को आसानी होगी। उन्होंने कहा कि जनगणना के समय फील्ड में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए हम सभी एक टीम की तरह कार्य करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार ने कहा कि एसडीएम के द्वारा अत्यंत तत्पत्तापूर्वक सभी समस्याओं का समाधान किया गया। विशेष पुनरीक्षण अभियान में सहयोग के लिए उन्होंने शिक्षकों का धन्यवाद किया और कहा कि जनगणना का कार्य सुपरिभाषित और स्पष्ट है। इस कार्य में आपको आंकड़ों को याद करने या खोजने की जरूरत नहीं। अतः सभी शुद्धता से जनगणना का कार्य करें। फील्ड ट्रेनर अश्वनी कुमार अवस्थी ने जनगणना अधिनियम के महत्वपूर्ण बिंदुओं की चर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार ने नवागत एसडीएम का बुके एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। शुभारंभ सत्र का संचालन एआरपी शुभम तिवारी ने किया। इस अवसर पर एसआरजी ममता शुक्ला, रजनीश बाजपेई, राजीव यादव, राजवीर चौधरी, अनिल द्विवेदी, प्रिया, वैभव आदि मौजूद रहे। उधर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार ने स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण कर प्रतिभागियों को निर्देश दिए। उन्होंने स्व-गणना, डिजिटल जनगणना के बारे में बताते हुए पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों के कर्तव्य के बारे में प्रशिक्षुओं को जानकारी दी। निरीक्षण में उपजिलाधिकारी पुवायां सदानंद सरोज, कानूनगो अरुण मिश्रा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## एडीएम को अनुपस्थित मिलीं पंचायत सहायक व एटीएम-बीटीमए के विरुद्ध कार्रवाई

**फार्मर रजिस्ट्री में सहयोग न करने वाले जनसेवा संचालकों का केंद्र निरस्त करने की संस्तुति**



**शाहजहांपुर।** डीएम के निर्देश पर सोमवार को एडीएम वित्त अरविंद कुमार द्वारा एसडीएम पुवायां सदानन्द सरोज के साथ ग्राम जेवां के पंचायत भवन में सम्पादित किए जा रहें फार्मर रजिस्ट्री के कार्य-कैम्प का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय लेखपाल व पंचायत सहायक, कोटेदार, ग्राम प्रधान व ग्रामीण उपस्थित पाए गये। वही कृषि विभाग से फार्मर रजिस्ट्री कार्य में सहयोग के लिए लगाये गये एटीएम/बीटीमए उपस्थित नही मिले। क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया कि वीएलई द्वारा कोई सहयोग नही किया जा रहा और न ही कैम्प में उपस्थित हो रहें है, जबकि डीएम, एडीएम द्वारा कई बार लिखित, मौखित रूप, मीटिंग में बार-2 जन सेवा केन्द्र को फार्मर रजिस्ट्री बनाने में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। फिर भी वीएलई के द्वारा शासन की महात्वाकांक्षी योजना में जनहित में कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है। उक्त गांव में संचालित 4 वीएलई की आईडी निरस्त किये जाने के लिए जिला प्रबन्धक जन सेवा केन्द्र को एडीएम वित्त के द्वारा निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त उपकृषि निदेशक को अनुपस्थित एटीएम-बीटीमए धर्मपाल के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निदेशित किया गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम बरगदियां पुवायां में फार्मर रजिस्ट्री कार्य के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पायी गयी पंचायत सहायक प्रिया बाजपेयी के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के लिए डीपीआरओ को एडीएम द्वारा निर्देशित किया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**तिलहर - शाहजहांपुर।** मदनापुर थाना क्षेत्र की निवासी महिला को हालत बिगड़ने पर सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची मदनापुर पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू की। सोमवार को नगर की सीएचसी पर एक महिला को गंभीर हालत में इलाज के लिए लाया गया। डॉक्टर द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया गया। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा जयपाल निवासी मृतका के पति सोनपाल ने बताया कि उनकी तीस वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी की हालत सोमवार सुबह तड़के अचानक बिगड़ने लगी। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए वह नगर के सरकारी अस्पताल लेकर आए थे। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक मदनापुर पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील



**पुवायां, शाहजहांपुर।** तपती गर्मी और बढ़ती हीट वेव को देखते हुए पुवायां क्षेत्र के विधायक चेतराम ने क्षेत्रवासियों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में सभी लोग अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और आवश्यक सावधानियां बरतें। विधायक ने लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, जल संरक्षण को प्राथमिकता देने और स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने हरित धरती, सुरक्षित भविष्य का संदेश देते हुए कहा कि यदि आज हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की।

### बालिका से अश्लीलता का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मासूम बालिका को झोपड़ी में जबरन खींच लेजाने और अश्लीलता करने के आरोपी अधेड़ उम्र के राजू को सोमवार को जेल भेज दिया गया। गौर तलब है कि गत सप्ताह नगर के ही एक मोहल्ले की मासूम बालिका को खेत से चारा लाने जाने के दौरान मुस्तफाबाद के चरागाह में झोपड़ी डालकर रह रहे अधेड़ उम्र के राजू मिस्त्री ने बालिका को जबरन झोपड़ी में खींच लिया और अश्लीलता की। बालिका द्वारा माता पिता को बताए जाने पर पुलिस को सूचना दी गई। सीओ ज्योति यादव व कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने मौके पर स्थिति का जायजा लिया। अगले दिन ही आरोपी के स्वयं अस्पताल जाकर सीने में दर्द होने की बात कहकर भरती किए जाने की भनक लगते ही पुलिस भी अस्पताल जा धमकी। बाद में पुलिस की देख रख में उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### प्रदेश में आगामी 5 दिनों तक उष्ण लहर, लू चलने की सम्भावना

**शाहजहांपुर।** अधिकतम तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव के बीच प्रदेश में निचले क्षोभ मंडल में आ रही गर्म हवाओं के साथ आतंरिक महाराष्ट्र के आसपास बने प्रतिचक्रवात के प्रभाव से उत्तराखंड के तराई भाग को छोड़कर प्रदेश भर में अधिकतम तापमान 40ए सेल्सियस से ऊपर बने रहने के साथ ही आज प्रयागराज, वाराणसी एवं बहराइच में जहाँ उष्ण लहर (लू) की स्थिति बनी वहीं बाराबंकी, सुल्तानपुर, शाहजहांपुर एवं हरदोई में भीषण गर्मी के बीच तापमान विचलन निर्धारित सीमा से मामूली अंतर से कम रहा। इसके साथ ही आगामी सप्ताह के दौरान मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहने तथा तापमान में 21 अप्रैल के उपरान्त संभावित बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत प्रदेश में आगामी 5 दिनों के दौरान कहीं-कहीं उष्ण लहर (लू) चलने की संभावना है। इसी क्रम में रात के तापमान भी सामान्य से ऊपर जाने के साथ आगामी 2 दिनों के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं ऊष्ण रात्रि की संभावना है।

### दो दंपति का विवाद निबटा, गए खुशी से घर



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद शाहजहाँपुर में किया गया। आज 18 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 2 दम्पति को विदा किया गया। थाना निगोही के एक दम्पति जिनका विवाह लगभग 6 वर्ष पहले हुआ था। दोनों के मध्य पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था। आवेदिका विगत 1 माह से अपने मायके निवास कर रही थी। आवेदिका द्वारा आरोप लगाया गया कि उसके पति छोटी-छोटी घरेलू बातों को लेकर उसके साथ मारपीट करते है उक्त प्रकरण में दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया, जहां उनकी आपसी वार्ता करायी गयी तथा उन्हें समझाया-बुझाया गया। परामर्श उपरान्त दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुन: एक साथ रहने के लिए तैयार हो गये तथा आपसी सहमति से समझौता कर लिया। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र से सकुशल विदा किया गया। थाना सिंधौली के एक दम्पति जिनका विवाह लगभग 08 वर्ष पहले हुआ था।दोनों के मध्य पारिवारिक विवाद उत्पन्न हो गया था। आवेदिका विगत 2 माह से अपने मायके निवास कर रही थी। आवेदिका द्वारा आरोप लगाया गया कि उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है उक्त प्रकरण में दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया, जहां उनकी आपसी वार्ता करायी गयी तथा उन्हें समझाया-बुझाया गया। परामर्श उपरान्त दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुन: एक साथ रहने के लिए तैयार हो गये तथा आपसी सहमति से समझौता कर लिया। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र से सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र जनपद शाहजहांपुर की प्रभारी म.उ.नि. मधु यादव, महिला महिला आरक्षी मोनिका कुमारी, महिला आरक्षी बबीता,आरक्षी साकेत मौजूद रहे।

### पुवायां के पकड़िया हकीम गांव में धर्मांतरण का भंडाफोड़, तीन आरोपी को हिरासत में लेकर भेजा जेल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** रविवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) पुवायां ब्लॉक के संगठन मंत्री सौरभ पटेल पकड़िया हकीम गांव में रहने वाले कुछ लोगों ने सूचना दी कि गांव में रहने वाले अहिवरन लाल के घर पर कुछ लोगों द्वारा ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण करने का कार्य किया जाता है और उनके घर पर इस समय काफी संख्या में महिलाएं, लड़कियां, नाबालिक बच्चे और पुरुष मौजूद हैं। जिस पर सौरव पटेल ने मामले की सूचना संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष राघव श्रीवास्तव को दी। इसके बाद वह अपने साथी ब्लॉक संरक्षक आनंद पांडेय, नगराध्यक्ष भारत राठौर, दीपक कुमार, राजपाल, अजय कुमार, अजय राजपूत आदि को लेकर गांव पहुंचे और मकान की खिड़कों से झांक कर देखा, तो वहां पर तमाम महिलाओं, नाबालिक बच्चों, लड़कियों आदि को झूठा प्रलोभन देकर और तरह-तरह के वीडियो, फुटेज दिखाकर हिंदू धर्म छुड़वाकर ईसाई धर्म में धर्मांतरण करने का कार्य किया जा रहा था। जिसके बाद हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने मकान के दरवाजे खटखटाना शुरू कर दिए और मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचने के बाद अहिवरन ने अपने मकान का दरवाजा खोला, तो उनके घर में बने कमरे के अंदर ईसाई धर्म के तरह-तरह के साहित्य, डायरी, फोटो, वीडियो अन्य आपत्तिजनक सामग्री रखी हुई थी। इसके साथ ही काफी संख्या में महिलाएं लड़कियां पुरुष और नाबालिक बच्चे मौजूद थे। इसके बाद पुलिस ने सभी से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि उक्त लोग हिंदू धर्म की महिलाओं बच्चों को बरगलाकर प्रलोभन देकर ईसाई बनाने का काम करते हैं और यह लोग पंजाब की एक संस्था के इशारे पर काम करते हैं। जिसको जगजीत मिनिस्ट्री नामक एक पादरी चलता है और गूगल मीट से बैठक कर लोगों को हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए बरगलाने का काम करता है। जिसके बाद पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक ने भी पुवायां कोतवाली पहुंचकर हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की कार्रवाई के निर्देश दिए। तो वही हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के पुवाया ब्लॉक संगठन मंत्री सौरभ वर्मा ने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक संयुक्त प्रार्थना पत्र देकर धर्मांतरण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मोहम्मदी निवासी नमदीप, पकड़िया हकीम निवासी रचिन और बटेश्वर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है।

# अवैध प्रतिमा स्थापना रोकने गई पुलिस टीम पर हमले के मामले में प्रधान सहित 11 पर केस दर्ज

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद पुलिस ने सरकारी भूमि पर अवैध रूप से डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने और रोकने गई पुलिस व राजस्व टीम पर हमला करने के गंभीर मामले में ग्राम प्रधान अवधेश यादव सहित 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई सरकारी कार्य में बाधा डालने, लोक सेवकों पर हमला करने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास जैसी गंभीर धाराओं के तहत की है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना शनिवार, 18 अप्रैल 2026 की रात की है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम राजपुर नगला में सामुदायिक भवन के पीछे ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीन पर ग्राम प्रधान अवधेश यादव, पुत्र रामचरन, अपने 8-10 सहयोगियों के साथ मिलकर एक अवैध प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं। घ्इस सूचना पर उप-निरीक्षक रीगल कुमार तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहाँ सूचना सही पाई गई। प्रतिमा एक सीमेन्ट से बने चबूतरे पर स्थापित की जा चुकी थी। घ्जाँच में सामने आया कि ग्राम प्रधान अवधेश यादव ने शासन या प्रशासन से किसी भी प्रकार की कोई अनुमति नहीं ली थी। उन्होंने राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से गांव के भोले-भाले लोगों को उकसाकर, जानबूझकर बिना अनुमति सरकारी जमीन पर यह प्रतिमा स्थापित कराई। घ्पुलिस ने तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद नायाब तहसीलदार रोहित कटियार अपनी राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घ्पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम ने जब ग्राम प्रधान को प्रतिमा हटाने का निर्देश दिया, तो वह और उनके सहयोगी भड़क गए। उन्होंने पुलिस के आदेशों की अवहेलना की और विरोध करना शुरू कर दिया। घ्बात यहीं नहीं रुकी, ग्राम प्रधान ने अपने 8-10 अज्ञात सहयोगियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से पुलिस और राजस्व टीम पर हमला कर दिया। इस हमले का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों को उनके कर्तव्य पालन से रोकना था। मिश्रित आबादी वाले गांव में इस कृत्य से लोगों में रोष व्याप्त हो गया और मौके पर शांति व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हुई। घ्जलालाबाद पुलिस ने उप-निरीक्षक रीगल कुमार की तहरीर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान अवधेश यादव और उनके 8-10 अज्ञात सहयोगियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। जलालाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या अवैध धार्मिक निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वालों और लोक सेवकों पर हमला करने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अब ग्राम प्रधान और उनके फरार साथियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## शिक्षकों ने प्रदेश स्तर पर बढ़ाया जिले का नाम

**सात शिक्षकों मे पांच सिर्फ जलालाबाद से चयनित**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कालेज ऑफ़ टीचर एजुकेशन द्वारा प्रयागराज मे आयोजित कार्यक्रम पर जिले से दो नोडल शिक्षकों सहित कुल सात शिक्षकों को उनके आय आधारित छात्रवृत्ति योग्यता परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में विशेष सहयोग करने के लिए सम्मानित किया गया। जिसमे जिला नोडल शिक्षक जलालाबाद ब्लॉक के शिक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह व कांट ब्लॉक के शैलेन्द्र शंखधार को उनके विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। लखनऊ मे आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों को आय आधारित छात्रवृत्ति योग्यता परीक्षा मे उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले सात शिक्षकों मे पांच शिक्षक जलालाबाद विकासखंड के है। कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया, जिसमे कालेज ऑफ टीचर एजुकेशन के प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान विभिन्न अधिकारी व शिक्षक उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज के निर्माण की नींव होते हैं। उनके द्वारा दिए गए संस्कार और शिक्षा ही विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने शासन स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता मे अतुलनीय सहयोग करने के लिए सभी को बधाई दी। प्रतियोगी परीक्षाओ मे अपने विद्यालय से अधिकतम चयन कराने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभिन्न जिलों के चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शाहजहांपुर से सम्मानित शिक्षकों मे जलालाबाद ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटका बहादुर के अनुदेशक संजय कुमार, शाहपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय से संजीव कुमार, पीएम श्री सिकंदर अफगानान से माधव शुक्ला, मुढ़िया कला उच्च प्राथमिक विद्यालय से रंजना यादव, पूर्व माध्यमिक विद्यालय फरीदापुर से अशोक कुमार कांट ब्लॉक से उच्च संविलियन विद्यालय पड़ेचा से राज्य पुरस्कार सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक सुभाषचंद्र मिश्रा को सम्मनित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों ने इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। शिक्षकों की इस उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी जलालाबाद शाहीन अंसारी,शिक्षक संघ के पदाधिकारियों सहित जिले के विभिन्न शिक्षकों ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

## पत्रकार को कुत्ते ने काटा, हालत गंभीर

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

पत्रकार पवन तोमर को चार दिन पहले एक पालतू कुत्ते ने काट लिया। यह घटना कस्बे में पेट्रोल पंप के पास हुई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डॉक्टरों ने उनका उपचार किया और एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए। सोमवार शाम 5:30 बजे पवन तोमर ने अपनी वर्तमान स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वे चलने-फिरने में असमर्थ हैं। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिनों तक आराम करने की सलाह दी है।

## बीएसएस आफिस के दो कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ दबोचा, कार्रवाई**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को सांय बीएसए आफिस के दो कर्मचारियों को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी 10 हजार की रिश्वत ले रहे थे। एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई के बाद बीएसए आफिस में हडकंप मच गया है। दोनों आरोपियों को पकड़कर टीम सदर थाने में कार्रवाई कर रही है।

पैना बुजुर्ग की एक शिक्षिका की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। बीएसए आफिस का जिला समन्वयक और एक कंप्यूटर आपरेटर को एंटी करप्शन टीम ने 10 हजार रूपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए आरोपियों को पकड़कर टीम सदर बाजार थाने पहुंची और कागजी कार्रवाई कर रही है। एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई के बाद बीएसए आफिस में हडकंप मच गया है। बतादें कि जनपद में आए दिन सरकारी कर्मचारी एंटी करप्शन टीम की भेंट चढ रहे है। अभी हाल ही में मत्स्य विभाग के दो अधिकारी रिश्वत लेते पकड़े जा चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी रिश्वत लेना बंद नही हो रहा है। सोमवार को फिर से दो कर्मचारी रिश्वत लेते हुए पकड़े गए है। बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया वह मीटिंग में थी, दो लोग पकड़े गए है, अभी इतनी ही जानकारी हैं। ज्यादा जानकारी नही है।

# सीडीओ डॉ. अपराजिता का बुलंदशहर ट्रांसफर, उपाध्यक्ष बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण का दायित्व

**शाहजहांपुर के नवागत सीडीओ होंगे संयुक्त मजिस्ट्रेट सोनभद्र उत्कर्ष द्विवेदी**

**प्रभाकर मिश्रा**



शाहजहांपुर। शासन स्तर से सोमवार की शाम जारी 24 आईएएस अधिकारियों के तबादलों की सूची में शाहजहांपुर सीडीओ डा.अपराजिता सिंह का नाम शामिल रहा। जिसमें उनको बुलंदशहर स्थांतरित करते हुए उपाध्यक्ष बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी दी गई है। अब नवागत सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी संयुक्त मजिस्ट्रेट सोनभद्र बनाएं गए है। उत्कृष्ट का गृह जनपद अयोध्या है। यह 2022 बैच के आईएएस अधिकारी है, इन्होंने बीटेक किया है। बता दें कि सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने मार्च 2024 में शाहजहांपुर में कार्यभार ग्रहण किया था। यह अपनी प्रशासनिक क्षमता और विकास कार्यों में सक्रियता के लिए जानी जाती है। डा. अपराजिता 2019 बैच की आईएएस अधिकारी यूपी कैडर हैं। वह एक एमबीबीएस डॉक्टर हैं, जिन्होंने 2018 यूपीएससी में 82वीं रैंक हासिल की थी। अभी अप्रैल 2026 में उन्होंने जनपद में प्रशासनिक कसावट के लिए चार बीडीओ के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इनकी काम के प्रति लग्न व ईमानदारी अधिकारियों के लिए मिशाल बनी हुई है। सीडीओ द्वारा स्वास्थ्य विभाग के बड़े बड़े घोटालों को खोलने, बेसिक शिक्षा विभाग के कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के कायाकल्प व गोशालाओं की दशा सुधारने में काफी बेहतर कार्य जनपद में किए गए। वही इनके पति पति देवेंद्र सिंह 2020 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं, जोकि शाहजहांपुर में ही एसपी सिटी पद पर सेवाएं दे रहे हैं।

# पति की हत्यारिन सुनीता की नाबालिग बालिका को भी भेजा गया वनस्टॉप सेंटर

**दादा की सहमति से ननिहाल पक्ष बालिका की जिम्मेदारी उठाने की चर्चा गरम**

**तिलहर - शाहजहांपुर।** पति हत्यारोपी सुनीता की उसके प्रेमी नंदोई कपिल गंगवार के साथ हुई गिरफ्तारी के बाद उसकी नाबालिग बेटी की फिलहाल दादा व नाना पक्ष द्वारा जिम्मेदारी न लेने पर उसे रविवार रात वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। अब कोर्ट के आदेश के बाद ही उसके भविष्य का निर्णय दिया जाएगा। गौर तलब है कि 22 मई 2019 को गांव समधाना निवासी सतीश गंगवार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सतीश की जहर खाने व गला दबाने से मौत की पुष्टि होने पर तमाम कानूनी प्रक्रिया के बाद मृतक सतीश के पिता लेखराज ने 27 दिसंबर 2020 को सतीश की पत्नी सुनीता तथा उसके राजनपुर गांव निवासी नंदोई (स्वयं के दामाद) कपिल गंगवार समेत चार के खिलाफ बेटे की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुनीता नंदोई कपिल के साथ अपनी करीब छह वर्षीय बेटी अवंतिका के साथ फरार हो गई थी। साढ़े छह साल बाद दोनों की रविवार को गिरफ्तारी के बाद उनके साथ बरामद हुई बेटी जो अब करीब 12 वर्ष की हो चुकी है। उसे सुपुर्दगी लेने की किसी ने पहल नहीं की। अंततः बालिका को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। जिसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। चर्चा है कि बालिका की ननिहाल पक्ष ने बालिका के दादा लेखराज की सहमति पर उसे सुपुर्दी में लेने की पहल शुरू की है। समाचार भेजे जाने तक निर्णय नहीं आ सका है। पीड़ित पिता लेखराज ने बताया कि दामाद कपिल के हत्या में संलिप्त होने पर उन्होंने बेटी अनीता को नर्सिंग कोर्स करा दिया। वह नोएडा में जॉब कर रही है। उसकी भी एक बेटी है जो नोएडा में ही उनकी छोटी बेटी गीता के संरक्षण में रहकर पढ़ रही है। पीड़ित लेखराज बोले कि बेटे की पत्नी व दामाद की इस हरकत से दोनों परिवार ही बिखर गए। यह कहते कहते उनका गला रुंध गया और आँखें भर आई।

## सेक्टर आफिसर सीआईडी बरेली बनी निष्ठा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नवप्रोन्नत एएसपी निष्ठा उपाध्याय को अपर पुलिस अधीक्षक/सेक्टर ऑफिसर, सीआईडी बरेली बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में पीपीएस अफसरों की देररात तबादला सूची जारी हुई, जिसमें एएसपी निष्ठा उपाध्याय को सेक्टर आफिसर सीआईडी बरेली बनाया गया।

बतादें कि एएसपी निष्ठा उपाध्यक्ष 2012 बैच की पीपीएस अधिकारी हैं। वह इससे वह गौरखपुर, चित्रकूट में सीओ रहने के बाद शाहजहांपुर की पुवायां सर्किल आफिसर लगभग एक साल रही। इसके बाद सीओ ट्रैफिक शाहजहांपुर का दायित्व भी अच्छी तरीके से निभाया। यहीं पर उनका प्रमोशन हुआ और वह अपर पुलिस अधीक्षक बनी। बीती रात पीपीएस अफसरों के तबादला सूची में उनका नाम शामिल हुआ और वह सेक्टर आफिसर सीआईडी बरेली बनाई गयी।

## डीएम की अध्यक्षता में भैंसी नदी के संबंध में बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में भैंसी नदी की खुदाई के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने नदी की खुदाई, पुलियों के पुनः निर्माण एवं वृक्षारोपण पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने बताया कि गत वर्ष लगभग 56 किलोमीटर खुदाई के बाद जो शेष बची 20 किलोमीटर विकासखंड बण्डा अंतर्गत खुदाई कराई जाए। 20 किलोमीटर खुदाई के लिए 10 पॉइंट चिन्हित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पॉइंट पर दो-दो जेसीबी लगाकर 28 अप्रैल से भैंसी नदी खुदाई का कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को निर्देश दिए कि नदी के एक किलोमीटर के दायरे के तालाबों को खुदाई कराकर नदी में मिलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खुदाई के बाद वृक्षारोपण का भी कार्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने खुदाई के समय क्षेत्रीय लेखपाल एवं सेक्रेटरी की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की पैमाइश के लिए राजस्व निरीक्षक की भी ड्यूटी लगाइ जाए। नदी के ऊपर पुलिया को पुनः बनाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी तैयारियां पूर्ण कर 15 मई तक नदी का खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार एवं पुवायां क्षेत्र के नदी खुदाई में सहयोग करने वाले संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# मानव हित सर्वोपरि

हमारे समाज के बुद्धिजीवी, अध्यात्मिक व सामाजिक चिंतक गाहे-बगाहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता से मानवीय मूल्यों के क्षरण पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। अब इस चिंता पर पोप लियो 14 की स्वीकारोक्ति ने मोहर लगायी है। उन्होंने आशंका जतायी है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से वैश्विक ध्रुवीकरण, संघर्ष, भय और हिंसा को बढ़ावा मिल सकता है। उनके इस बयान ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। ऐसे वक्त में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सुविधा, गति व नवाचार के लिये सराहा जा रहा है, पोप ने चेताया है कि नैतिकता के बिना प्रौद्योगिकी घातक साबित हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि मूल रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता बुरी नहीं है, लेकिन यह तटस्थ भी नहीं है। निःसंदेह, इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता कि संस्थान व सरकारें इसे कैसे डिजाइन करती हैं और कैसे इसका उपयोग करती हैं। हाल की कुछ घटनाओं ने इन चिंताओं की पुष्टि भी की है। विभिन्न देशों के लोकतांत्रिक चुनाव में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से निर्मित डीपफेक और क्लोन की गई आवाजों का प्रयोग झूठे विमर्शों को फैलाने, मतदाताओं को भ्रमित करने में किया गया। जिससे दुनिया में लोकतांत्रिक संस्थानों के प्रति जनता का भरोसा डिगा है। यह खतरनाक है कि साइबर ठगों ने क्लोनिंग उपकरणों के जरिये आवाज का उपयोग परिवार के सदस्यों व अधिकारियों के रूप में किया है। इसके जरिये साइबर अपराधियों ने पूरी दुनिया में लाखों लोगों की जीवन भर की पूंजी तक लूटी है। विडंबना है कि जिस कार्य को अब तक तकनीकी-कौशल व संसाधनों के जरिये किया जाता था, वह तकनीक से अब आसानी व बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग भ्रामक सूचनाओं के लिये ही नहीं किया जा रहा है। आशंका है कि उन्नत एआई के जरिये वित्तीय प्रणालियों और साइबर सुरक्षा को खतरा पैदा किया जा सकता है। चिंता है कि शक्तिशाली एआई तकनीक से वित्तीय व्यवस्था की कमजोर कड़ियों को निशाना बनाया जा सकता है। जिसे पकड़ना नियामक संस्थाओं के लिये मुश्किल होगा। ये स्वचालित हमले बैंकिंग नेटवर्क में धोखाधड़ी करने में सक्षम हो सकते हैं। जो हमारी डिजिटल दुनिया से भी आगे घातक प्रभाव डाल सकते हैं। जिससे देशों में वित्तीय संकट पैदा हो सकते हैं। भुगतान व्यवस्था में व्यवधान व विश्वास से छल तथा राजनीतिक दुष्प्रचार से समाज में अस्थिरता पैदा हो सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पर्यावरणीय घातक प्रभाव भी कम नहीं हैं। एआई के विस्तार के लिये विशाल डेटा केंद्रों, कोबाल्ट व लिथियम जैसे खनिजों की खुदाई की जरूरत होती है। जिसके लिये भारी पर्यावरणीय व मानवीय लागत की जरूरत होती है। निःसंदेह, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में न तो इसे नकारा ही जा सकता है और न ही ये बुद्धिमत्ता का फैसला होगा, लेकिन इसका जिम्मेदारी से प्रयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। चिकित्सा, शिक्षा, आपदा प्रबंधन व उत्पादकता में यह रामबाण सिद्ध हो सकती है, लेकिन यह मजबूत कानून, कंपनियों के सिस्टम की पारदर्शिता व सुरक्षा से ही निरापद हो सकती है। नागरिकों की डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना होगा।

# गर्मी का कहर, पसीने की धारा में डूबा उत्तर प्रदेश



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में अप्रैल का अंतिम सप्ताह आग की लपटों भरा साबित हो रहा है। सूरज की तपिश ने आम आदमी को घर की चौखट से बाहर निकलने पर मजबूर कर दिया है, लेकिन बाहर निकलते ही पसीने की धाराएं बहने लगती हैं। इंसान ही नहीं, सड़कों पर भटकते कुत्ते, पेड़ों की डालियों पर तड़पते पक्षी और खेतों में लू के थपेड़ों से परेशान पशु भी इस गर्मी के सितम से जूझ रहे हैं। मौसम विभाग की चेतावनी ने हड़कंप मचा दिया है, दोपहर के समय बेवजह बाहर न निकलें, वरना जान जोखिम में पड़ सकती है। राज्य में पारा 45 डिग्री को छू चुका है और आने वाले दिनों में 47-48 तक पहुंचने की आशंका है। अमीरों के पास एयर कंडीशनर और कूलर हैं, लेकिन गरीब जनमानस, जो झोपड़ियों में रहता है, वह इस भट्टी जैसे मौसम से कैसे जूझ रहा है? सभी जिलों में ऐसे गर्मी से पीड़ित लोगों की दास्तान एक जैसी नजर आ रही है।

लखनऊ की सड़कें दोपहर में वीरान हो जाती हैं। राजधानी का तापमान 44 डिग्री पार कर गया है। यहां के झुग्गी-झोपड़ी इलाकों में रहने वाले मजदूर रामू कहते हैं, साहब, दिन भर ठेला खींचते हैं, लेकिन दोपहर में छाया ढूंढते फिरते हैं। घर में तो पंखा भी गर्म हवा उड़ाता है। रामू जैसे हजारों लोग गर्मी से बचने के लिए पुराने कपड़ों से छत पर छाया बनाते हैं या नदी किनारे सोते हैं। बच्चे स्कूल से लौटते ही मिट्टी के घड़े से पानी पीते हैं। अमीर बस्तियों में कूलर की आवाज गूंजती है, लेकिन गरीबों के लिए एक गीला कपड़ा ही सहारा है। अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीज बढ़ रहे हैं। पिछले तीन दिनों में 50 से ज्यादा मामले दर्ज हो चुके हैं। महिलाएं रात को भी पसीने से तरबतर रहती हैं, नींद नहीं आती। वे कहती हैं, बच्चों को गोद में लेकर लेटती हैं, लेकिन गर्मी इतनी कि सांस लेना मुश्किल।

कानपुर में हालात और भयावह हैं। यहां का पारा 45.5 डिग्री तक पहुंच गया। चमड़ा उद्योग के मजदूरों का दर्द सबसे ज्यादा है। फूलपुर की तंग गलियों में रहने वाली शकुंतला बाई बताती हैं, घर में बिजली नहीं आती, पंखा चले तो भी क्या। दिन भर सड़क पर पानी बेचते हैं, लेकिन खुद को पानी नहीं मिलता। वे गर्मी से निपटने के लिए नीम की पत्तियां चबाती हैं और सिर पर गीला तौलिया बांधती हैं। बच्चे दोपहर में खेलना भूल गए हैं, बस घर के अंदर अंधेरे कमरे में दुबके रहते हैं। पशु चिकित्सालयों में गर्मी से मरते जानवरों की संख्या बढ़ रही है। कुत्ते और गायें लू के थपेड़ों से गिर पड़ी हैं। किसान खेतों में फसलें सूखते देख रो रहे हैं, लेकिन खुद भी डिहाइड्रेशन से जूझ रहे हैं।



*मेरठ में गन्ने के खेत सूख रहे हैं। तापमान 45.2 डिग्री। उद्योग क्षेत्र के मजदूर दोपहर को छुट्टी ले लेते हैं, लेकिन गरीब किसान खेतों में ही डटे रहते हैं। लिसाड़ी गेट की झोपड़ियों में रहने वाली राधा कहती हैं, पंखा नहीं, बिजली बिल भर नहीं पाते। छत पर भूसे का पहाड़ा बनाया है। बच्चे स्कूल जाना छोड़ चुके हैं, घर में दुबके रहते हैं। रात को बिजली कट जाती है, तो गर्मी और बढ़ जाती। पशुओं को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। डॉक्टरों का कहना है, ज्यादा पानी पिएं, लेकिन गरीबों के पास पीने का ही अभाव है।झांसी में बुंदेलखंड की धरती तप रही है। पारा 46.5 डिग्री तक। यहां सूखे की मार पहले से थी, अब गर्मी ने काम तमाम कर दिया। महोबा रोड की बस्ती में रहने वाले किसान हरि सिंह बताते हैं, फसल मर गई, मजूरी भी नहीं मिल रही। गर्मी से बचने के लिए कीकर के पेड़ तले सोते हैं। महिलाएं चमेली के फूल तोड़कर बेचती हैं, लेकिन सिर पर गर्मी का बोझ। बच्चे डिहाइड्रेशन से गिर रहे हैं। गौशालाओं में हजारों पशु मर चुके हैं। नर्मदा नदी सूखी पड़ी है। लोग नींबू पानी बनाकर पीते हैं, लेकिन चीनी भी महंगी। गोरखपुर में पूर्वांचल का पारा 44 डिग्री पार। बाढ़ के बाद अब गर्मी की बारी। कुशीनगर रोड पर झोपड़पट्टी में रहने वाली सुनीता कहती हैं, बच्चे रोते रहते हैं, ठंडक नहीं मिलती। नदी में नहाते हैं, लेकिन पानी गर्म। मजदूर ईंट भट्ठों पर काम करते हैं, लेकिन दोपहर बंद। अस्पतालों में सांप के काटने के साथ हीट स्ट्रोक के केस बढ़े। किसान धान की नर्सरी डालने से हिचक रहे हैं। पशु पानी के टैंकरों पर निर्भर।*

गंगा नदी किनारे लोग नहाने जाते हैं, लेकिन पानी भी गुनगुना हो चुका है।

वाराणसी के घाटों पर गर्मी ने घाटों को सुनसान कर दिया। पारा 46 डिग्री के करीब है। गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालु अब सुबह जल्दी उतरते हैं, दोपहर में तो घाट खाली पड़े रहते हैं। काशी की गलियों में रहने वाले रिक्शा चालक रामप्रसाद कहते हैं, पैसेंजर नहीं मिलते, लेकिन भूखे नहीं सो सकते। गर्मी से सिर चकराता है, नमक-पानी का घोल पीते हैं। गरीब परिवारों में महिलाएं चूल्हा जलाना बंद कर देती हैं, बस ठंडे चावल खा लेती हैं। बच्चे स्कूल नहीं जाते, घर में लेटे रहते हैं। बुजुर्गों की हालत सबसे खराब है। वे छत पर सोने की कोशिश करते हैं, लेकिन हवा भी आग की तरह गर्म। गौशालाओं में गायें दम तोड़ रही हैं, चारा सूख चुका है। डॉक्टर सलाह देते हैं, नारियल पानी पिएं, लेकिन गरीबों के लिए वह भी महंगा साबित हो रहा है।

प्रयागराज में संगम का पानी भी गर्म हो गया है। कुंभ क्षेत्र के आसपास रहने वाले मजदूरों का जीवन नर्क बन गया। तापमान 45 डिग्री से ऊपर। झोपड़ियों में रहने वाली विधवा कमला कहती हैं, पति चले गए, अब ये गर्मी ही दुश्मन है। दिन भर पानी के टैंकर के इंतजार में खड़ी रहती हूं। बच्चे डायरिया से पीड़ित हो रहे हैं, अस्पताल भरे पड़े हैं। रात में भी नींद नहीं आती, लोग नदी किनारे इकट्ठा होकर हवा का इंतजार करते हैं। किसानों की फसलें जल रही हैं, आलू और गेहूं बर्बाद हो गए। पशु-पक्षी भी तड़प रहे हैं। स्थानीय लोग पुरानी परंपरा निभा रहे हैं, गर्मी से बचने के लिए गुड़-चने खाते हैं और सिर पर पगड़ी बांधते हैं।

आगरा में ताजमहल की संगमरमर की चादरें भी गर्म हो रही हैं। पारा 44.8 डिग्री। पर्यटन प्रभावित हो गया है, लेकिन गरीब दिहाड़ी मजदूरों का क्या? सिकंदरा की बस्तियों में रहने वाले मोहन लाल कहते हैं, एसी का सपना देखते हैं, लेकिन गीले कपड़े से काम चलाते हैं। शाम को पार्क में सोते हैं। महिलाएं सिर पर भुट्टा भूनकर बेचती हैं, लेकिन खुद भूखी रह जाती हैं। बच्चे दोपहर में छुप जाते हैं, खेलना बंद। अस्पतालों में इलेक्ट्रोलाइट की किल्लत हो गई है। खेतों में किसान मूंगफली की फसल बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं, लेकिन लू ने सब बर्बाद कर दिया। सड़कों पर कुत्ते बेहोश पड़े मिल रहे हैं।

मेरठ में गन्ने के खेत सूख रहे हैं। तापमान 45.2 डिग्री। उद्योग क्षेत्र के मजदूर दोपहर को छुट्टी ले लेते हैं, लेकिन गरीब किसान खेतों में ही डटे रहते हैं। लिसाड़ी गेट की झोपड़ियों में रहने वाली राधा कहती हैं, पंखा नहीं, बिजली बिल भर नहीं पाते। छत पर भूसे का पहाड़ा बनाया है। बच्चे स्कूल जाना छोड़ चुके हैं, घर में दुबके रहते हैं। रात को बिजली कट जाती है, तो गर्मी और बढ़ जाती। पशुओं को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। डॉक्टरों का कहना है, ज्यादा पानी पिएं, लेकिन गरीबों के पास पीने का ही अभाव है।

झांसी में बुंदेलखंड की धरती तप रही है। पारा 46.5 डिग्री तक। यहां सूखे की मार पहले से थी, अब गर्मी ने काम तमाम कर दिया। महोबा रोड की बस्ती में रहने वाले किसान हरि सिंह बताते हैं, फसल मर गई, मजूरी भी नहीं मिल रही। गर्मी से बचने के लिए कीकर के पेड़ तले सोते हैं। महिलाएं चमेली के फूल तोड़कर बेचती हैं, लेकिन सिर पर गर्मी का बोझ। बच्चे डिहाइड्रेशन से गिर रहे हैं। गौशालाओं में हजारों पशु मर चुके हैं। नर्मदा नदी सूखी पड़ी है। लोग नींबू पानी बनाकर पीते हैं, लेकिन चीनी भी महंगी।

गोरखपुर में पूर्वांचल का पारा 44 डिग्री पार। बाढ़ के बाद अब गर्मी की बारी। कुशीनगर रोड पर झोपड़पट्टी में रहने वाली सुनीता कहती हैं, बच्चे रोते रहते हैं, ठंडक नहीं मिलती। नदी में नहाते हैं, लेकिन पानी गर्म। मजदूर ईंट भट्ठों पर काम करते हैं, लेकिन दोपहर बंद। अस्पतालों में सांप के काटने के साथ हीट स्ट्रोक के केस बढ़े। किसान धान की नर्सरी डालने से हिचक रहे हैं। पशु पानी के टैंकरों पर निर्भर।

अलीगढ़ और मुरादाबाद में भी यही हाल। अलीगढ़ में लॉक उद्योग ठप, मजदूर घरों में कैद। मुरादाबाद की गलियों में चमड़े के कामगार पसीने से लथपथ। हर जगह गरीब जनमानस घरेलू नुस्खों पर जी रहा है। गुलकंद खाना, प्याज का रस पीना, सिर पर ठंडा पानी डालना। बच्चे मिट्टी में लोटते हैं, ठंडक के लिए। महिलाएं रात भर जागती हैं, पति को ठंडा पानी पिलाती हैं। बुजुर्ग दुआ मांगते हैं, बारिश की। कुल मिलाकर इस गर्मी ने उत्तर प्रदेश को भट्टी बना दिया है। गरीबों के पास न कूलर, न फ्रिज, बस इरादे की ठंडक। वे गीले कपड़े पहनते हैं, छाया तलाशते हैं, नमक चाटते हैं। लेकिन हद पार हो रही है। सरकार को अब सक्रिय होना चाहिए।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

## विचार

# अपर्णा यादव ने जलाया सपा का झंडा, समाजवादियों ने किया पुलिस केस



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश विधानसभा के सामने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के झंडे जलाने वाली घटना ने मुलायम सिंह यादव के परिवार में छिपी रस्साकशी को एक बार फिर सतह पर ला दिया है। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष और मुलायम के छोटे बेटे प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव ने महिला आरक्षण बिल के संसद में पारित न होने पर यह कड़ा कदम उठाया। इस कृत्य से सपा के नेता भड़क उठे हैं और हजरतगंज कोतवाली में अपर्णा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तहरीर दे दी गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इसे इमोशन हर्ट करने वाला बताते हुए नरमी बरती, लेकिन परिवार के इस खुल्लमखुल्ला टकराव ने मुलायम खानदान की राजनीतिक एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अपर्णा का यह बागी तेवर नया नहीं है; वे पहले भी कई बार सपा के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल चुकी हैं, जो परिवार की आंतरिक जंग को और गहरा बनाता जा रहा है।

महिला आरक्षण बिल का संसद में अटकना विपक्षी दलों के लिए राजनीतिक मुद्दा बन गया था। अपर्णा यादव, जो भाजपा की टिकट पर 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ के पुष्पांजलि विधान क्षेत्र से जीतीं, ने इसे महिलाओं के अपमान के रूप में देखा। विधानसभा भवन के सामने धरना देते हुए उन्होंने सपा और कांग्रेस के झंडे जलाए, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। अपर्णा ने कहा, महिलाओं के हक के लिए यह जरूरी था। सपा और कांग्रेस ने बिल पास नहीं होने दिया, इसलिए उनका विरोध जायज है। यह घटना लखनऊ की सियासी गलियों में आग की तरह फैल गई। सपा नेताओं ने इसे पार्टी के सम्मान पर हमला करार दिया। पूर्व विधायक मनोज कुमार ने तहरीर देते हुए कहा, यह अराजकता है। अपर्णा को पद से हटाया जाए और कानूनी कार्रवाई हो।

अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया दिलचस्प रही। उन्होंने कहा, किसी के इमोशन को हर्ट नहीं करना चाहिए। यह बयान अपर्णा के प्रति अप्रत्यक्ष निंदा तो था, लेकिन परिवार की एकता बचाने की कोशिश भी नजर आई। अखिलेश, जो मुलायम के बड़े बेटे और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लंबे समय से परिवार में प्रभुत्व बनाए हुए हैं। अपर्णा का भाजपा से जुड़ाव और अब खुला विरोध उन्हें चुनौती दे रहा है। मुलायम सिंह यादव का निधन 2022 में होने के बाद परिवार दो धड़ों में बंट चुका था। अखिलेश गुट और प्रतीक-अपर्णा गुट। अपर्णा ने 2024 लोकसभा चुनाव में सपा के खिलाफ भाजपा प्रत्याशी का समर्थन किया था, जो पारिवारिक कलह का प्रतीक था। अब झंडा जलाने की घटना ने इस रस्साकशी को चरम पर पहुंचा दिया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अपर्णा का यह कदम भाजपा हाईकमान को संदेश है कि वे सपा के खिलाफ मुखर रहेंगी, जिससे उत्तर प्रदेश की सियासत में नया मोड़ आ सकता है।

अपर्णा का सपा विरोध कोई आज की बात नहीं है। 2022 विधानसभा चुनाव से पहले ही उन्होंने सपा छोड़ दी थी। मुलायम के निधन के बाद परिवार में संपत्ति और राजनीतिक विरासत के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। अपर्णा ने सपा को महिला विरोधी बताते हुए भाजपा जॉइन की। चुनाव में उन्होंने अखिलेश के करीबी को हराया, जो सपा के लिए बड़ा झटका था। उसके बाद 2023 में सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से प्रतीक यादव को हटाए जाने पर अपर्णा ने खुलकर अखिलेश की आलोचना की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा था, सपा में भाईचारे का नामोनिशान नहीं बचा। 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान अपर्णा ने लखनऊ में सपा प्रत्याशी रवि प्रकाश को निशाना बनाया और भाजपा की राजा भैया का प्रचार किया। एक रैली में उन्होंने सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाया, जो अखिलेश के लिए व्यक्तिगत आघात था।

फिर 2025 में उत्तर प्रदेश नगर निगम चुनावों के समय अपर्णा ने सपा के खिलाफ मोर्चा खोला। लखनऊ महानगर में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने सपा उम्मीदवारों पर हमला बोला। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, सपा महिलाओं की दुश्मन है, आरक्षण बिल पर उनकी चुप्पी इसका प्रमाण है। इस दौरान प्रतीक यादव ने भी अपर्णा का साथ दिया, जिससे सपा में हड़कंप मच गया। अपर्णा ने सपा के मुस्लिम तुष्टीकरण पर भी सवाल उठाए, जो पार्टी की कोर स्ट्रैटेजी को चुनौती था। इन घटनाओं ने मुलायम परिवार को दो हिस्सों में बांट दिया। अखिलेश का सैफई गुट बनाम अपर्णा का लखनऊ गुट। प्रतीक यादव, जो कभी सपा सांसद रह चुके हैं, अब भाजपा के करीब दिखते हैं। परिवार के बुजुर्ग नेता शिवपाल सिंह यादव ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।



यह आंतरिक कलह सपा की राजनीतिक ताकत को कमजोर कर रही है। 2024 लोकसभा चुनाव में सपा ने 37 सीटें जीतीं, लेकिन अपर्णा जैसे बागियों ने भाजपा को फायदा पहुंचाया। विश्लेषक कहते हैं कि अपर्णा का झंडा जलाना सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि सपा के वोट बैंक को भेदने की रणनीति है। भाजपा ने अपर्णा को राज्य महिला आयोग का पद देकर उनका इस्तेमाल किया है। महिला मुद्दों पर उनकी मुखरता भाजपा की नारी शक्ति इमेज को मजबूत करती है। दूसरी ओर, अखिलेश सपा को एकजुट रखने के लिए पारिवारिक कार्ड खेल रहे हैं। उनका इमोशन हर्ट बयान इसी का हिस्सा था। लेकिन अपर्णा पीछे हटने को तैयार नहीं। उन्होंने कहा, मैं मुलायम जी की बहू हूं, सच्चाई बोलूंगी। मुलायम परिवार की यह रस्साकशी उत्तर प्रदेश की सियासत को प्रभावित करेगी। 2027 विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, जहां सपा-भाजपा की सीधी टक्कर होगी। अपर्णा अगर लखनऊ में फिर सक्रिय हुईं, तो सपा को नुकसान हो सकता है। प्रतीक यादव की चुप्पी भी चिंता का विषय है। क्या वे खुलकर भाजपा में शामिल होंगे? परिवार के अन्य सदस्य जैसे अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव ने चुप्पी साधी है, लेकिन आंतरिक असंतोष साफ दिखता है। सपा नेता पंकज सिंह ने कहा, अपर्णा का यह तमाशा परिवार को बर्बाद करेगा। वहीं, भाजपा ने इसे महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया।

इस घटना ने मुलायम की विरासत पर सवाल उठाए हैं। मुलायम ने कभी परिवार को एकजुट रखा, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में भाईचारा टूट गया। अपर्णा का सपा विरोध न केवल राजनीतिक, बल्कि व्यक्तिगत भी है। वे कहती हैं, मैं सपा से कभी नहीं लड़ी, अखिलेश की तानाशाही से लड़ी। अखिलेश गुट इसे गद्दारी मानता है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अपर्णा को गिरफ्तारी की संभावना कम है। यह विवाद सपा को कमजोर कर भाजपा को मजबूत करेगा। उत्तर प्रदेश में यादव वोट बैंक का बंटवारा तय है। अपर्णा की बगावत मुलायम परिवार की कहानी को नया अध्याय दे रही है।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

साहित्य



## ग़ज़ल कह गई सब इशारे में देखो

संदीप ठाकुर

ग़ज़ल कह गई सब इशारे में देखो
सभी शेर थे उनके बारे में देखो

परत दर परत खुल रही है कहानी
नज़ारे कई हर नज़ारे में देखो

चिराग़ों सा रोशन है रेशम का कुर्ता
ग़ज़ब ढा रही हो शरारे में देखो

मुझे कितने समझौते करने पड़े हैं
बड़ी मुश्किलें हैं गुज़ारे में देखो

बनावट अदाकारी से ऊबते हैं
यही इक कमी है हमारे में देखो

ख़ुशी ग़म वफ़ा दुश्मनी बेवफ़ाई
है सब ज़िंदगी के पिटारे में देखो

ज़रा लंबी है रात पर रात ही है
झलक धूप की हर सितारे में देखो





# राशिफल

**मेषः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# कचरा प्रबंधन और भारत के प्रयास

कुलभूषण उपमन्यु

विश्व की पर्यावरणीय व्यवस्था में विभिन्न प्रकार के कचरे के कारण बड़ी समस्याएं पैदा होती जा रही हैं। न केवल मनुष्य समाज बल्कि समस्त जीव-जगत और वनस्पतियां भी कचरा जनित प्रदूषण का दंश झेलने को अभीशप्त हैं। हवा, पानी और जमीन सब इस प्रदूषण की चपेट में है। इससे वनस्पति और सारा जीव-जगत बीमारियों और जीवन संकट से गुजर रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। भारत में विश्व की 18 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है और वैश्विक नागरिक अपशिष्ट में भारत की हिस्सेदारी 12 फीसद है। भारत प्रतिवर्ष 620 लाख टन कचरा पैदा करता है। इसमें से केवल 430 लाख टन ही एकत्रित होता है और 120 लाख टन ही उपचारित होता है। 310 लाख टन लैंड फिल में डाल दिया जाता है। शेष यहां-वहां पड़ा रहता है और जंगलों, ढलानों, खेतों, जल संसाधनों को प्रदूषित करता रहता है। उसमें से कुछ खुले में जलाया जाता है। यहविषैली गैसों को स्थानीय स्तर पर फैला कर गंभीर बीमारियों का कारण बनता है।

हालांकि सरकार इसके लिए समय-समय पर नियम बनाती है। इनके खराब क्रियान्वयन के चलते स्थिति में कोई सुधार आता दिखाई नहीं देता है। गरीब बस्तियों के नजदीक डंपिंग, प्रबंधन और लापरवाही से संबंधी डेटा के अभाव के चलते नीति निर्माण और क्रियान्वयन में बाधा होती है। उच्चतम न्यायालय ने इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए निर्देश जारी किए कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2026 सख्ती से लागू किए जाएं और लापरवाही करने वालों को दंडित करने के भी प्रावधान किए गए। मुख्य निर्देश निम्न हैं- ठोस कचरा चार भागों में अलग करके एकत्र किया जाए। 1. गीला कचरा, जिसमें रसोई अपशिष्ट, भोजन, फल, सब्जियां आदि शामिल हैं। 2. सूखा कचरा, जिसमें प्लास्टिक, कागज़, धातु, कांच शामिल हैं। 3. सैनिटरी, नैपकिन, डायपर आदि के अलग अलग निपटारे की व्यवस्था करनी होगी। 4. विशेष, श्रेणी में बल्ब, बैटरी, दवाइयां आदि के लिए विशेष अधिकृत इकाइयों को ही संशोधित करने के लिए देना होगा। गीले कचरे से मीथेन बना कर ईंधन के लिए प्रयोग करना। खास कर 100 किलो दैनिक सूखा अपशिष्ट, 40,000 लीटर दैनिक पानी उपयोग करने वाली और 20,000 वर्ग मीटर में फैली इकाइयां थोक अपशिष्ट उत्पादक घोषित की गई हैं, जिन्हें गीला कचरा अपने परिसर में ही प्रसंस्कृत करना पड़ेगा।

सूखा कचरा रिकवरी फैसिलिटी को पुनः चक्रीकरण के लिए देना होगा। सूखे कचरे में से जिसका पुनः चक्रीकरण संभव नहीं होगा उसके पेलेट्स बना कर सीमेंट प्लांट और उर्जा उत्पादक इकाइयों को ईंधन के रूप में देना होगा, जिसकी मात्रा 5 फीसद से बढ़ा कर 15 फीसद की गई है। किसी भी तरह के पुनः चक्रीकरण या उपयोग के योग्य कचरे को ही लैंड फिल में डालने की अनुमति होगी। आम कचरा वहां डालने पर अतिरिक्त शुल्क देना होगा। पुराने संचित अपशिष्ट को धीरे-धीरे खत्म करने के लिए योजना बनानी होगी। पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। वे स्थानीय निकायों के माध्यम से पर्यटक शुल्क लगा सकते हैं और पर्यटक संख्या नियंत्रित कर सकते हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नियम बनाएगा और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व निगरानी समितियों के माध्यम से नियम लागू किए जाएंगे। एक केंद्रीकृत पोर्टल कचरा उत्पादन, संग्रह, और निपटारे की निगरानी करेगा और भौतिक सूचनाओं को डिजिटल ऑडिट में बदलेगा।

प्रबंधन के लिए अपशिष्ट से धन और उर्जा के रास्ते पर काम हो रहा है। प्लास्टिक कचरे का अलग से प्रसंस्करण करना और प्रोजेक्ट री प्लान के तहत कैरी बैग निर्माण में 20 फीसद कपास के रेशे मिलाने की योजना है।

पैकिंग सामग्री के निर्माताओं, आयातकों, और खुदरा विक्रेताओं की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। स्थानीय स्वशासन के सभी निकायों नगर निकायों और पंचायतों के सदस्यों, प्रधानों, मेयर और काउंसल विशेष रूप से नियमों को लागू करने और जागरुकता फ़ैलाने के लिए जिम्मेदार ठहराए गए हैं। नियमों को लागू करने में विफलता या ढील के चलते इन चुने हुए स्थानीय स्वशासन के जिम्मेदार लोगों और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दंडित करने का प्रावधान किया गया है। कचरा पैदा करने वाले और प्रबंधन की जिम्मेदारी में ढील बरतने वाले, दोनों को ही दंड के दायरे में रखा गया है। यह नियम पहली अप्रैल 2026 से लागू हो गए हैं। किन्तु मुख्य चुनौती तो इन प्रावधानों को सही से लागू करने करवाने की है। कचरा प्रबंधन नियम तो 2016 से ही लागू हो गए हैं। वर्तमान में उनको अधिक सख्त बनाने का निर्णय स्वागत योग्य है। फिर भी जब तक गंभीरता पूर्वक लागू करने की व्यवस्था खड़ी नहीं की जाती, समस्या बनी ही रहेगी। जागरुकता इस प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण भाग है। हर नागरिक को लगना चाहिए कि वह इन नियमों का पालन करके अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य की रक्षा कर रहा है। पर्यावरण की रक्षा कोई दया परोपकार का काम नहीं है बल्कि अपने ही वर्तमान और दीर्घकालीन जीवन व्यवस्था को सुरक्षित बनाने का काम है। इसके लिए विकेन्द्रित प्रबन्धन प्रणालियां बना कर पंचायत स्तर तक व्यवस्था खड़ी करनी होगी।

विश्वविद्यालयों और स्कूलों में अनुसंधान और व्यवहारिक पुनः चक्रीकरण कार्यक्रमों के द्वारा जागरुकता फैलाई जानी चाहिए होगी। वरना यह कचरा समुद्री जीवों के विनाश से ले कर जमीन की उपजाऊ शक्ति का ह्रास और वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण से जीवन को अधिकाधिक कठिन और रोगी बनाता जाएगा। सचेत होने का समय है, क्योंकि औद्योगिक स्वार्थ और हमारी लापरवाही जीव जगत पर भारी पड़ने वाली है।

**(लेखक, हिमालय नीति अभियान के अध्यक्ष और पर्यावरणविद् हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### टाटा मैजिक दिलाने के नाम पर स्कूल प्रबंधक से दो लाख ठगे, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला बरुआ बाजार मे तेज मेमोरीयल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक से टाटा मैजिक गाड़ी दिलवाने के नाम पर दो लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश मे आया है। प्रबंधक ने आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित सुधीर कुमार श्रीवास्तव के अनुसार कस्बे के खेड़ा बीबीजई निवासी साजिद पुत्र जलील ने 2023 सितंबर मे उन्हें टाटा मैजिक स्कूल के बच्चों के परिवहन के लिए आरटीओ से सभी कार्यवाही पूर्ण कर ट्रांसफर सहित दो लाख रूपए मे देने की बात कही। उन्होंने कागजी कार्यवाही पूर्ण करने के लिए चालिस हजार आरोपी को दे दिए।उसके बाद स्टेट बैंक के ज्वाइनट एकॉउंट से चेक संख्या 562944 के माध्यम से एक लाख साठ हजार रूपये का भुगतान कर दिया किन्तु दो वर्ष बाद भी आरोपी ने गाड़ी उन्हें नहीं दी और न ही उनका पैसा वापस कर रहा है। काफ़ी कहने पर आरोपी ने अपनी पत्नी के नाम की दो लाख रूपए की चेक दी जों कि बैंक खाते मे पैसा न होने के कारण बाउंस हो गई। पीड़ित कि लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

### अधिवक्ता सहित समाज के सभी वर्गों के लिए हमें चुना गया सभी की समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर होंगी निस्तारितः जे पी त्रिवेदी



**हरदोई।** सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी हिमांशु गुप्ता के गरुण मार्केट सिनेमा चौराहा स्थित कार्यालय पर बार एसोसिएशन हरदोई के अध्यक्ष एवं संयुक्त अधिवक्ता परिषद के संरक्षक जे पी त्रिवेदी के प्रथम आगमन पर उनका सभी उपस्थित अधिवक्ताओं, व्यापारियों, समाजसेवियों ने माला पहनाकर मुंह मीठा कराकर अध्यक्ष के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने पर सभी अधिवक्ताओं सहित समाज के पीड़ित वर्गों की समस्याओं का प्राथमिकता से उनका निस्तारण करते रहते होने से उन्हें बधाईयां शुभकामनाएं दी। बार एसोसिएशन हरदोई के अध्यक्ष जेपी त्रिवेदी ने कहा हम अधिवक्ता सहित समाज के हर वर्ग जो पीड़ित है उसकी प्राथमिकता के अनुसार समस्या का निस्तारण करने के लिए ही चुने गए हैं और आप सभी का विधिक कार्य सुचार रूप से करते रहेंगे यही मेरा आप सबको आश्वासन है। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सेवक गुप्त जय शिव, राष्ट्रीय महामंत्री संजीव अवस्थी, प्रमुख व्यापारी समाजसेवी संयुक्त मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने भी समाज के सभी वर्गों के लिए एकता के लिए एक होना जरूरी ऐसे विचार रखें। इस अवसर पर अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष संजीव अवस्थी, वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक मिश्रा, शासकीय अधिवक्ता अमित शुक्ला, संयुक्त अधिवक्ता परिषद के प्रदेश युवा संयुक्त सचिव महेश प्रकाश गुप्ता, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, जिला संगठन मंत्री शुभम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, जिला महामंत्री हृदयेश वर्धन सिंह शुभम, संयुक्त मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजसेवी उद्योगपति राजीव गुप्ता, प्रवक्ता रामबहोरन मिश्रा, संयुक्त मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजसेवी मुकुंद मिश्रा, संयुक्त मानवाधिकार परिषद के प्रदेश प्रवक्ता कपिल चौहान,समाजसेवी पूर्ण कुमार गुप्ता बबलू, सुमित श्रीवास्तव, व्यापारी आशीष पांडे, हर्ष अवस्थी, समाजसेवी सुधीर अवस्थी, समाजसेवी डब्बू गुप्ता समाजसेवी रामा दादा, सोनू गुप्ता सहित सैकड़ों मौजूद अधिवक्ताओं, व्यापारियों, समाजसेवियों ने अध्यक्ष जे पी त्रिवेदी सहित अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह का संचालन अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन)अधिवक्ता डॉक्टर सुरनाथ अवस्थी खुनखुन ने किया। आभार एवं कार्यक्रम के समापन की घोषणा विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता ने किया।

### अपराध समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर, शांति व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहींः कोतवाल



**कालपी(जालौन)।** कोतवाली सभागार में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को कानून–व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और सक्रियता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। कोतवाली सभागार में हुई इस बैठक में उपनिरीक्षकों, चौकी प्रभारी, हल्का इंचार्ज और मुहर्रिर शामिल हुए। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के दौरान लंबित शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने थाना दिवस, तहसील समाधान दिवस, आईजीआरएस पोर्टल और अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को मौके पर जाकर गंभीरता से निपटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह सहित विभिन्न चौकियों के प्रभारी, उपनिरीक्षक, मुहर्रिर और पुलिस स्टाफमौजूद रहा।

### थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने अवैध शराब व बाइक के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में वंदना सिंह अपर पुलिस अधीक्षक व रविकान्त गोंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना महोबकंठ पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। इस दौरान थाना प्रभारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक कन्हैयालाल मय हमराह टीम द्वारा भूरा मोड़ लालपहाड़िया के पास बहद ग्राम टूडर से एक अभियुक्त को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त संजय कुमार पुत्र देवीदयाल साहू उम्र 34 वर्ष निवासी मकान नं.–185 मोहल्ला छोटी जुलहटी थाना राठ जनपद हमीरपुर हाल निवास घुटई चौराहा ग्राम रजौनी थाना महोबकंठ जनपद महोबा है। अभियुक्त के कब्जे से 6 पेटी कुल 270 अदद क्वार्टर देशी शराब (झूम ब्राण्ड 200 एमएल ) व घटना में प्रयुक्त एक अदद बिना नम्बर मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ पर मुअसं. 46/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम व धारा 207 एमवी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी है।

### नरेश उत्तम के घर के बाहर प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें इन लोगों ने मांग किया कि 18 अप्रैल को फतेहपुर के सांसद नरेश उत्तम पटेल जब संसद के कार्रवाई में लोकसभा में थे। उसी समय दिन में उनके कानपुर स्थित दामोदर नगर थाना नौबस्ता के निवास में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं की भीड़ ने उस समय उनके घर में प्रदर्शन किया जब उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी उत्तम घर पर अकेली थी। सभी भाजपा महिला कार्यकर्ता हाथ में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की पट्टियां लिए थी। नरेंद्र मोदी, बीजेपी जिंदाबाद तथा नरेश उत्तम मुर्दाबाद के नारे लगा रही थी। उक्त महिला जुलूस के रूप में पुलिस बल के साथ वहां पहुंची तथा घर के बाहर भारी अभद्रता किया। गेट पर धक्का मुक्की कर नेम प्लेट तोड़ दिया। जब उनकी पत्नी बाहर निकली तो उनके लिए भी अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। इन लोगों ने आरोप लगाया कि यह सब जानबूझकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर किया गया। ऐसी घटना न केवल कानून व्यवस्था को तार–तार कर दिया बल्कि लोकतंत्र पर हमला किया गया। इन लोगों ने दोषी महिला भाजपा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग किया। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव, चौधरी मंजर यार, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष विपिन यादव, सोहेल खान, रीता प्रजापति, डॉ अमित पाल, नंदकिशोर पाल, संदीप कुमार, आसिफमकसूद, सूरजपाल, सुरेश कुमार निषाद, शुघर लाल यादव, योगेश कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# परिवहन मंत्री ने रोडवेज बस स्टैंड का किया लोकार्पण

▸ उच्च शिक्षा मंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सोमवार को हरदोई रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने शाहबाद से विभिन्न मार्गों पर संचालित होने वाली बसों की सूची भी उपलब्ध कराई। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार परिवहन मंत्री शाहजहांपुर से सीधे रोडवेज बस स्टैंड पहुंचे। यहां पर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहले से मौजूद थी। परिवहन मंत्री के पहुंचते ही गगन भेदी जय कारों से पूरा पांडाल गूंज उठा। तत्पश्चात तालिया की गड़गड़ाहट के बीच परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने फीता काटकर रोडवेज बस स्टैंड का शुभारंभ किया। इस मौके पर परिवहन मंत्री ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। तत्पश्चात उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने भी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यो का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया सीएचसी में ऑक्सीजन प्लांट, हेल्थ एटीएम, रेलवे ओवरब्रिज, मिनी स्टेडियम, दर्जनों सड़कें बनवाई। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया उन्होंने चुनाव के दौरान जो भी वादे किए सभी वादे पूरे कर दिए और लगातार विकास कार्य कर रहे हैं जल्द ही यहां पर इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की सौगात भी मिलने वाली है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख शाहाबाद त्रिपुरेश मिश्रा, टोडरपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्याम मोहन त्रिवेदी श्यामू,भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, जिला पंचायत सदस्य लाला राम राजपूत, आनंद गुप्ता, अंकित गुप्ता, सुभाष रस्तोगी सुभाष सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अनंगपुर में बिजली चोरों पर बड़ा एक्शन! विजिलेंस और बिजली विभाग की संयुक्त टीम का छापा



**पचदेवरा हरदोई।** अनंगपुर उपकेंद्र के टाउन क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब विजिलेंस और बिजली विभाग की संयुक्त टीम ने अचानक छापेमारी कर दी। इस कार्रवाई के दौरान कई उपभोक्ताओं को मौके पर ही बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। प्रवर्तन दल के जेई ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए सभी उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध कनेक्शन, कटिया डालकर बिजली इस्तेमाल करने और मीटर से छेड़छाड़ जैसे कई मामलों का खुलासा किया। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने आनन-फानन में अपने अवैध कनेक्शन हटाने शुरू कर दिए। बिजली विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगे भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे, जिससे चोरी करने वालों पर शिकंजा कसा जा सके। संदेश साफ है- अब बिजली चोरी करने वालों की खैर नहीं।

## आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम, भगवान परशुराम की शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल



**सवायजपुर/हरदोई।** रूपापुर से सवायजपुर तक निकली भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। यात्रा की शुरुआत रूपापुर स्थित गंगा एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा से हुई, जहां से श्रद्धालुओं का जनसैलाब जयकारों के साथ आगे बढ़ा। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और जयकारों के बीच निकली इस शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। यात्रा का समापन सवायजपुर के वृंदावन चौराहे पर हुआ, जहां भव्य स्वागत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस आयोजन के प्रमुख संयोजक शिवम शुक्ला रहे, जिनके नेतृत्व में यह विशाल आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वहीं रूपापुर चौकी के सामने डॉ. आदेश शुक्ला द्वारा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर गुलाब के फूलों की वर्षा की गई, जिसने पूरे माहौल को और भी दिव्य और यादगार बना दिया। फूलों की बारिश से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। भक्ति, एकता और उत्साह का यह संगम क्षेत्र में लंबे समय तक याद रखा जाएगा, जहां हजारों लोगों ने एक साथ मिलकर भगवान परशुराम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

## उपभोक्ताओं को अनिवार्य रूप से की जाए गैस की होम डिलीवरीः एसडीएम

▸ एलपीजी वितरकों की बैठक मे दिए गए सख्त निर्देश

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार की दोपहर तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी अंकित तिवारी द्वारा तहसील शाहाबाद के समस्त एलपीजी वितरकों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें गैस वितरण संबंधित नियमावली 2000 के प्रावधानों के कड़ाई से अनुपालन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए।

बैठक में एसडीएम श्री तिवारी ने कहा, सभी वितरक उपभोक्ताओं को अनिवार्य रूप से होम डिलीवरी प्रदान करें तथा बिना उचित कारण के होम डिलीवरी से इंकार न किया जाए।किसी भी प्रकार की ओवरचार्जिंग पूर्णतः प्रतिबंधित है; निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। केवाइसी या नए कनेक्शन के नाम पर किसी प्रकार की अवैध वसूली न की जाए, क्योंकि यह आदेश के अंतर्गत प्रतिबंधित गतिविधि है।सभी वितरक प्रतिदिन के स्टॉक, बिक्री एवं वितरण का समुचित अभिलेख (रजिस्टर) संधारित करें, जिसमें ओपनिंग स्टॉक, प्राप्ति, वितरण एवं क्लोजिंग स्टॉक का विवरण स्पष्ट हो। वितरक अपने प्रतिष्ठान पर स्टॉक एवं मूल्य का स्पष्ट प्रदर्शन करें, जिससे उपभोक्ताओं को पारदर्शी जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा तीन दिन से अधिक पुरानी किसी भी गैस बुकिंग को लंबित न रखा जाए तथा उपभोक्ताओं को समयबद्ध सेवा प्रदान की जाए। यह भी निर्देशित किया कि केवल पंजीकृत उपभोक्ताओं को ही गैस आपूर्ति की जाए तथा घरेलू गैस का दुरुपयोग व डायवर्जन पूर्णतः वर्जित है।किसी भी प्रकार की अनधिकृत गतिविधि, जैसे जबरन चूल्हा/उपकरण बिक्री, रिकॉर्ड में हेरफेर या आंशिक भरे सिलेंडर की आपूर्ति, पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त आदेश के उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस निरस्तीकरण एवं अभियोजन शामिल है। बैठक में पूर्ति निरीक्षक अशोक कुमार द्विवेदी ने भी वितरकों को आदेश के प्रावधानों की जानकारी देते हुए अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

## बेकाबू ट्रैक्टर कनफेक्शनरी दुकान में जा घुसा

**जालौन।** लौना रोड पर सीओ ऑफिस के सामने बेकाबू ट्रैक्टर कनफेक्शनरी दुकान में जा घुसा। जिसमें दुकानदार समेत सेल्समैन घायल हो गया। दुकानदार को उच्च संस्थान रेफर किया गया। नगर में लौना रोड पर सोमवार को बेकाबू ट्रैक्टर लौना रोड स्थित सीओ कार्यालय के सामने मुरारी गुप्ता की कनफेक्शनरी की दुकान में जा घुसा। हादसे में समय दुकानदार मुरारी गुप्ता दुकान में थे और सेल्समैन सचिन गुप्ता दुकान पर सामान दे रहे थे। ट्रैक्टर की चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां अफरा तफरी मच गई। हादसे में दुकान की टिन शेड समेत सामान और सेल्समैन की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार, ट्रैक्टर अचानक नियंत्रण खो बैठा और सीधे दुकान में घुस गया। वहां मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान रेफर कर दिया।

## एसपी ने कोतवाली में हवालात और मालखाने का किया गहन निरीक्षण

**जालौन, समृद्धि न्यूज़।**



एसपी विनय कुमार सिंह ने रविवार की देर रात कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कोतवाली का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कोतवाली कार्यालय में अभिलेखों की स्थिति, हिस्ट्रीशीटर इंडेक्स, मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, हवालात और मालखाना का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी रजिस्टर अद्यतन एवं साफ सुथरे होने चाहिए, जिससे किसी भी समय जांच में कोई कमी न पाई जाए। लंबित विवेचनाओं पर स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाई जाए। महिला एवं साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि पीड़ितों की शिकायतों का त्वरित और संवेदनशील तरीके से निस्तारण किया जाए। मिशन शक्ति केंद्र को सक्रिय रखते हुए महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया। हवालात और मालखाना की व्यवस्था देखते हुए एसपी ने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को बेहतर पुलिस सेवा मिल सके। उन्होंने कोतवाली परिसर का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल हरिशंकर चंद, इंस्पेक्टर क्राइम विवेक मौर्य, एसएसआई संजय यति, एसआई शिवम सेंगर, निसार अहमद, अमर सिंह आदि रहे।

## नारी शक्ति समृद्ध भारत पर कविता एवं पोष्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने उकेरी प्रतिभा

**कोंच(जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद जालौन के निर्देशन में दिन सोमवार को मोहल्ला गांधी नगर स्थित सीआरपी इंटर कॉलेज में नारी शक्ति समृद्ध भारत विषय पर स्वरचित कविता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना है छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका उनके अधिकार शिक्षा आत्मनिर्भरता तथा देश के विकास में उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जिसमें विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और उन्होंने भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया इस दौरान प्रवक्ता एस सिंह अनुपम शर्मा विजय वर्मा मैथिली शरण नंदकुमार सहित छात्र कमलेश सोम राठौर अंकित अंशुल आदर्श अभिषेक छात्रा खुशबू रश्मि सहित तमाम छात्र चाहता है और विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## पुलिस अधीक्षक की वर्चुअल जनसुनवाई से बढ़ा पीड़ितों का भरोसा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह उपस्थित रहें।

## तीन दिन तक बैलेंस माईनस रहने पर ही कटेगी बिजलीः अनिल वर्मा

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**



अधीक्षण अभियंता विद्युत अनिल वर्मा ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को एडवांस बिल भुगतान के साथ ही अन्य सुविधाओं व जानकारियों के लिए यूपीपीसीएल स्मार्ट कंज्यूमर ऐप को डाउन लोड करना होगा। साथ ही शिकायतों के निस्तारण के लिए जल्द ही सर्किल स्तर पर शिकायत प्रकोष्ठ का भी गठन किए जाने की तैयारियां है। जिससे उपभोक्ताओं को होने वाली किसी भी शिकायत के लिए भटकना न पड़े। उन्होने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं द्वारा ऐप को डालउन लोड कर एडवांस बिल भुगतान की जानकारी मिल सकेगी। साथ ही इस ऐप को उपभोक्ताओं की सुविधानुसार यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप को हिंदी व अंग्रेजी में उपलब्ध कराया गया हैं। जिसके डाउनलोड किए जाने के बाद बिजली की प्रतिदिन की खपत, प्रीपेड बैलेंस के साथ ही 24 घंटे में कभी भी तत्काल रिचार्ज की सुविधा दी जाएगी। बताया कि इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है, जिसके बाद दिए जाने वाले आप्शन में अपने मीटर से लिंक मोबाइल नंबर पर आने वाली ओटीपी के माध्यम से लॉग इन किया जा सकता है। बताया कि प्री-पेड में मीटरों के परिवर्तित होने के बाद एडवांस रिचार्ज करने पर दो प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। बताया कि उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियों के चलते जल्द ही कार्यालय में शिकायत प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा जिसमें मौजूद कर्मचारियों द्वारा आने वाली शिकायतों को एकत्र कर उनका निस्तारण कराया जाएगा। बताया कि मीटर को रिचार्ज करने के लिए डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू यूपीपीसीएल ओआरजी पर जाकर कन्ज्यूमर कार्नर स्मार्ट मीटर प्रीपेड रिचार्ज के आप्शन के बाद जिला व अकाउंट आईडी दर्ज करनी होगी। जिस पर रिचार्ज राशि दर्ज करने के बाद भुगतान का विकल्प आने पर यूपीआई, कार्ड, नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से रिचार्ज किया जा सकता है। स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता अपनी बिजली की खपत व आने वाले बिल की मानीटरिंग मोबाइल के माध्यम से कहीं से भी स्वयं कर सकते हैं। उन्होने स्मार्ट मीटर को लेकर फैल रही भ्रांतियों को खारिज करते हुए कहा कि इसकी पहले से ही लैब टेस्टिंग कराए जाने के बाद ही इसे लगाया जाता है। लाइन कटने की बात पर बताया कि तीन दिन तक लगातार बैलेंस माइनस में रहने पर ही लाइन काटी जा रही है।

## विद्यालय में अक्षय तृतीया महोत्सव का आयोजन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**



महर्षि विद्या मन्दिर में महर्षि विश्व शान्ति आन्दोलन के तत्वावधान में अक्षय तृतीया के अवसर पर सहस्त्र शीर्षा पुरुषा मण्डल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ वैदिक गुरु परम्परा पूजन एवं सामूहिक भावातीत ध्यान के अभ्यास से हुआ। आगत अतिथियों को प्रधानाचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ व महामीडिया की प्रति भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि महर्षि जी के तपोनिष्ठ शिष्य महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय समूह एवं विश्व शान्ति आन्दोलन के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तण्ड ब्रम्हचारी गिरीश द्वारा विश्व शान्ति के लिए अनेको प्रकल्प चलाये जा रहे है। मुख्य अतिथि के रूप में सहस्त्रशीर्षा पुरुषा मण्डल जिला इकाई के अध्यक्ष डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि आज का दिन शास्त्रीय दृष्टि से अत्यन्त पावन है। महर्षि विद्या मन्दिर आधुनिक विद्या के साथ शास्त्रीय व वैदिक संस्कारो पर आधारित शिक्षण प्रदान कर रहा है। आज के समय इसकी बड़ी आवश्यकता है। वहीं विशिष्ट अतिथि भारत विकास परिषद के जिला अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने जो कार्यक्रम प्रस्तुत किये, यह देखकर लगता है कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी समान बल दिया जाता है। इस अवसर पर जिला संयोजक अजय गुप्ता, सचिव सूर्यकान्त मिश्रा, लाल चन्द्र गुप्ता कोषाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे। बच्चों द्वारा अच्युतम केशवम् की प्रस्तुति दी गयी। वहीं विद्यालय के छात्र अभिनव सिंह द्वारा रचा है सृष्टि को जिस प्रभू ने वही ये सृष्टि चला रहे हैं भजन द्वारा सभी को मनमुग्ध कर दिया। पीस वॉलिण्टयर्स श्रेष्ठ द्विवेदी, आनन्द दुश्यन्त, प्रांजुल हर्ष, वीरेश व सक्षम् अंशिका, आराध्या, रिद्धिमा, अनन्या, श्रृद्धा आदि को अतिथियों द्वारा राष्ट्र में सुख शान्ति समृद्धि बढ़ाने हेतु प्रतिज्ञा दिलायी गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हमें परमपूज्य महर्षि जी द्वारा प्रदत्त भावातीत ध्यान की इस अक्षय तकनीक को अपने जीवन में अपनाना है। जिससे प्रत्येक व्यक्ति एवं विश्व के समस्त राष्ट्रों में सुखा, समृद्धि शान्ति और अजेयता स्थापित हो सके।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव और उपनयन संस्कार धूमधाम से मनाया गया



**फतेहपुर।** सत्संग भवन सिद्ध पीठ श्री तामेश्वर मंदिर में ब्राह्मण चेतना मंच के तत्वाधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं उपनयन संस्कार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आयोजक कमेटी के सदस्य संजय तिवारी, राजेंद्र त्रिवेदी, शिवाकांत दीक्षित, बृज किशोर शुक्ला, एसपी शुक्ला, देवी प्रकाश दुबे ने शोभा यात्रा में भाग लिया।यह शोभायात्रा शहर के अलग-अलग चौराहों से होती हुई सिद्ध पीठ तांबेश्वर मंदिर में कार्यक्रम स्थल में ही शोभा यात्रा का समापन हुआ। इसके बाद भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हवन, पूजन, आरती, बुजुर्ग ब्राह्मणों का सम्मान के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वही भगवान परशुराम को 51 किलो की माला पहनाकर, आरती उतार कर उनका स्वागत किया गया तो वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर भगवान परशुराम के आशीर्वचनों को सुना।इस अवसर पर उदित अवस्थी,शिवाकांत तिवारी, राजेश तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रथम बैच का प्रशिक्षण समाप्त, सटीकता पर जोर

- जनगणना 2027 की तैयारियां तेज

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद के सभागार में भारत की आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के लिए चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया। प्रथम बैच में 40 सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 21 से 23 अप्रैल तथा तृतीय बैच का 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।

जनगणना कार्य निदेशालय, लखनऊ की ओर से जनपद प्रभारी अंशु साहू ने प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस चरण में डिजिटल टूल्स का उपयोग करते हुए हर मकान का सही नंबरिंग, विवरण संकलन और मैपिंग सुनिश्चित की जाए। प्रगणकों को सटीकता, गोपनीयता और जिम्मेदारी से कार्य करने का निर्देश दिया गया, ताकि जनगणना पूर्णतः त्रुटिरहित और प्रभावी हो सके। चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करें। उन्होंने प्रगणकों से अपील की कि वे क्षेत्र का अच्छा ज्ञान रखते हुए हर घर तक पहुंचें और नागरिकों से सहयोग प्राप्त करें। डिजिटल जनगणना के इस ऐतिहासिक अभियान में सही डेटा संकलन से देश के विकास योजनाओं को मजबूती मिलेगी।प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सुपरवाइजर एवं प्रगणक अब क्षेत्र में जाकर मकान सूचीकरण का कार्य शुरू करेंगे। स्व-गणना की सुविधा भी जल्द शुरू होने वाली है, जिससे नागरिक स्वयं अपना विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। कुल मिलाकर यह प्रशिक्षण जनगणना 2027 को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर नगर पालिका के जनगणना प्रभारी अंकित दुबे, सहायक प्रदीप कश्यप, प्रवेश यादव, तकनीकी सहायक (कंप्यूटर ऑपरेटर) संदेश कुमार और सहायक मोहित शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीच रास्ते में ठप हुई रोडवेज बस,यात्रियों ने लगाया धक्का



**छिबरामऊ, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक जर्जर बस सिकंदरपुर-छिबरामऊ मार्ग पर अचानक इंजन खराब होने से बीच सड़क पर बंद हो गई। भीषण गर्मी में पसीने से तर-बतर यात्रियों को चालक और परिचालक की अपील पर बस को धक्का लगाकर आगे बढ़ाना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि टिकट का पैसा देने के बावजूद उन्हें जोखिम भरा सफर करने के साथ शारीरिक मेहनत भी करनी पड़ रही है। राहगीर इस दृश्य को देखकर हैरान रह गए। सरकार और परिवहन विभाग बेहतर बस सुविधाओं के बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन सड़कों पर दौड़ रही ऐसी खटारा बसें इन दावों की पोल खोल रही हैं। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से इन जर्जर बसों को हटाकर नई बसें चलाने की मांग की है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# व्यापारी पितामह श्याम बिहारी मिश्रा की मनाई पुण्यतिथि

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक और पूर्व सांसद स्व. श्याम बिहारी मिश्रा की पुण्यतिथि नगर की पुरानी गुड़ मंडी में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर व्यापारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा श्याम बिहारी मिश्रा जी ने व्यापारी समुदाय को संगठित कर उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जीवन समर्पित किया। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना होगा। नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने व्यापारी एकता पर जोर देते हुए कहा एकजुटता ही हमारी ताकत है। यदि हम संगठित रहें, तो कोई भी अधिकारी हमारा शोषण नहीं कर सकता। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने मिश्रा जी के व्यापारी कल्याण के प्रयासों को याद किया, जबकि वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महामंत्री अनिल यादव, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, अमित भारतीय, प्रभाकर गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, वीर गोयल, ताशु गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, शिवम दुबे संजय गुप्ता गांधी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। उधर विशुनगढ़ में भी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में श्याम बिहारी मिश्र की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। नगर अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल ने कहा कि बाबू जी का जीवन प्रेरणास्रोत है। महामंत्री सलमान वारसी ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन पर प्रतियोगिताओं का आयोजन



**छिबरामऊ (कन्नौज)।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को राजनीति एवं निर्णय प्रक्रिया में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में जागरूकता फैलाने हेतु सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लालकपुर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नगर के प्रतिष्ठित इस विद्यालय में नारी की महिमा, देश के विकास में नारी का योगदान, भावी भविष्य की नींव नारी तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका सुनिश्चित करना जैसे विषयों पर खेलकूद, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों को नारी सम्मान के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य फादर संतोष सेलेस्टिन ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। हमें अपनी बेटियों को शिक्षा, आत्मविश्वास और नेतृत्व गुणों से युक्त करना होगा ताकि वे समाज और राष्ट्र के विकास में पूर्ण रूप से भागीदार बन सकें। नारी सम्मान केवल शब्दों तक सीमित नहीं, बल्कि हमारे दैनिक व्यवहार और सोच में उतरना चाहिए। आज की ये प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मन में लैंगिक समानता के बीज बो रही हैं।

# नए वित्तीय वर्ष में अनुमानित आय 32 करोड़, व्यय 36 करोड़ 13 लाख

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बजट बैठक में विगत वर्ष का आय व्यय प्रस्तुत करने के साथ नए वित्तीय वर्ष के आय व्यय का संभावित अनुमान भी प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा सभासदों ने भी कई प्रस्ताव रखें।

अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया पिछले वर्ष हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स में वसूली का लक्ष्य लगभग 33 लाख था जबकि 35 लाख की वसूली हुई। करेत्तर वसूली 90.07 लाख रही। इसमें स्टांप का लगभग 47 लाख मिलाकर लगभग 1 करोड़ 25 लाख प्राप्त हुए जबकि शासन का लक्ष्य 90. 69 लाख था। नए वित्तीय वर्ष में 10 प्रतिशत बढ़कर हाउस टैक्स वॉटर टैक्स का लक्ष्य लगभग 38.5 लाख है जबकि करेत्तर वसूली आय के अनुसार निर्धारित होगी। इसमें अनुदान, वसूली, ऋण आदि सभी शामिल है बैठक में नामित सभासद संजीव चौहान ने नगर में बढ़ते जाम, अव्यवस्थित यातायात, स्वच्छता और पारदर्शिता के मुद्दों को उठाते हुए शासन की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग की। प्रस्ताव में राष्ट्रीय फेरी नीति लागू कर स्ट्रीट वेंडरों के लिए वेंडिंग जोन निर्धारित करने, ई-रिक्शा एवं रिक्शा के लिए रूट और स्टैंड तय करने, तथा नागरिकों और प्रशासन के बीच नियमित संवाद व्यवस्था स्थापित करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही खाली प्लॉट की सफाई, नाला-नालियों की पारदर्शी सफाई व्यवस्था, कर्मचारियों के कार्य मूल्यांकन और आय-व्यय के सार्वजनिक प्रकटीकरण जैसे मुद्दे भी प्रमुख रूप से शामिल रहे। पूर्व सभासद रईस अहमद, सभासद नरेंद्र शर्मा सहित अन्य कई सभासदों ने भवन कर एवं जलकर में वृद्धि पर विरोध जताते हुए इसे कम करने की मांग की। बैठक के दौरान नारी शक्ति वंदन योजना अधिनियम के अन्तर्गत प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई जिसमें राजनीति सहित सरकार की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं में प्रतिभागिता बढ़ाए जाने पर बल दिया गया।

नगर पालिका परिषद बोर्ड की बजट बैठक

## मूर्तियों के सौदर्यीकरण के लिए मंत्री को सौंपा पत्र



**छिबरामऊ, कन्नौज।** भाजपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी ने समाजकल्याण मंत्री और विधान परिषद सदस्य को अलग-अलग पत्र सौंपकर उनसे महापुरूषों की प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण कराने की मांग की है। विपिन द्विवेदी एडवोकेट ने बताया कि आंबेडकर मूर्ति और भगवान परशुराम मूर्ति के क्षत्रप बाउंड्रीवाल और सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग को लेकर उन्होंने समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण और विधान परिषद सदस्य डॉ. मानवेंद्रप्रताप सिंह गुरूजी को पत्र सौंपे हैं। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 में प्रदेश सरकार ने डॉ.बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा में समाज सुधारकों, सांस्कृतिक विभूतियों व महापुरुषों की मूर्ति जो 2025 दिसंबर तक लगी हैं, लेकिन क्षत्रप, बाउंड्रीवाल व सौंदर्यीकरण जैसे लाइट, बेंच आदि नहीं हैं। वहां सरकार 10 लाख रूपये अधिकतम देकर विकास कराएगी। उन्होंने बताया कि किला नगरिया विशुनगढ़, तालग्राम ब्लॉक के सलेमपुर, गुरसहायगंज के मोहल्ला सुभाषनगर, गुगरापुर ब्लॉक के ग्राम फरहान में डॉ.आंबेडकर की मूर्ति तथा सिकंदरपुर क्षेत्र के महोई गांव में भगवान परशुराम की मूर्ति लगी है। इन सभी का डॉ.बीआर आंबेडकर विकास योजना अंतर्गत सौंदर्यीकरण कराया जाए।

## शादी में आए व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने आए व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद शादी के घर में मातम पसर गया। मिली जानकारी के अनुसार संजय तोमर अपने चाचा ओमकार सिंह पुत्र सौदान सिंह के बेटे जितेंद्र की शादी में नगर के निगोह अंडर पास के करीब स्थित रामराज गेस्ट हाउस में शामिल होने आ रहे थे, तभी एनएच हाइवे पर पीछे से आ रहे किसी अज्ञात बाहन ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उन्हें अपनी गाड़ी से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद संजय को मृत घोषित कर दिया। मृतक संजय मूल रूप से किसान थे। घटना के बाद उनकी मां लौंगश्री, पत्नी शिवांगी तथा बच्चे लकी, अनुराग और कृष्णा का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

# किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट जिला अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विद्युत विभाग की लापरवाही एवं तानाशाही के चलते नगर में गरीब लाचार वर्ग के लोग स्मार्ट मीटर की समस्या से परेशान है विद्युत बिल जमा करने के बाद भी लगातार विद्युत विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं जिससे इस भीषण गर्मी में आम नागरिक बेहाल हो गया है और विद्युत विभाग के अधिकारियों के कान में जूँ तक नहीं रेंग रही है। यह बात भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकेत गुट के जिला अध्यक्ष मकबूल अहमद ने कही। उन्होंने कहा कि नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं जिससे विद्युत उपभोक्ताओं का बिल अधिक आ रहा है और विभाग बिना पूछे कनेक्शन काट देता है और बिल जमा करने के बाद भी लगातार उपभोक्ता विद्युत विभाग के चक्कर काटते हैं लेकिन कोई राहत नहीं मिलती है उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं का आरोप है कि विद्युत विभाग के अधिकारी व अकाउंटेंट कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं है जिससे स्थानीय नागरिक व किसान परेशान है इस समस्या का निदान शीघ्र किया जाए अन्यथा की स्थिति में विभाग स्वयं जिम्मेदार होगा। इसके अलावा शिक्षा माफिया पर रोक लगाई जाए अनावश्यक विद्यालयों में फीस ली जा रही है इसकी जांच कर कर संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की प्राकृतिक आपदा में किसानों के हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए जिससे किसानों का आर्थिक लाभ हो सके किसान आर्थिक तंगी से परेशान है इससे पहले जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में तीन सूत्री ज्ञापन कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी को ज्ञापन सौप कर समस्या के निस्तारण की मांग उठाई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मकबूल अहमद जिला प्रभारी नीरज दुबे जिला सचिव सलमान वारसी जिला कोषाध्यक्ष महबूब आलम जिला सचिव आसिफ जिला युवा प्रभारी प्रशांत गौतम नगर अध्यक्ष इमरान खान जिला सचिव फहीम अहमद के अलावा भारतीय किसान यूनियन महात्मा गुटके कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त इंग्लिश मीडियम सेक्शन शुरू

- हीरालाल कॉलेज में अभिभावक अध्यापक संघ की हुई बैठक

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में अभिभावक अध्यापक संघ की बैठक में बताया गया कि कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त इंग्लिश मीडियम सेक्शन शुरू किया गया है।

अभिभावक अध्यापक संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधानाचार्य एवं पदेन उपाध्यक्ष राधाबल्लभ मिश्र ने पिछले सत्र की बैठक का कार्यवृत्त पढ़कर सुनाया। नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नई कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रबंधक श्रीमती मीनू आलोक गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में प्रतिभावान एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त इंग्लिश मीडियम सेक्शन शुरू किया गया है। उन्होंने इसे 'ड्रीम प्रोजेक्ट' बताया जो पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता की प्रेरणा से साकार हुआ है। इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कुशल एवं अनुभवी प्रधानाचार्य और उनकी समर्पित टीम के अथक प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों की उपलब्धता, पर्याप्त संसाधन और विद्यार्थियों की सक्रियता व अभिभावकों के पूर्ण सहयोग से हम हिंदी माध्यम के साथ इंग्लिश मीडियम में भी गुणवत्तापूर्ण एवं स्तरीय शिक्षा देने की दिशा में निरन्तर प्रयासरत रहेंगे। इसीलिए नए सत्र में प्रवेश के इच्छुक छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों की सुविधा के लिए विद्यालय द्वारा हिंदी के साथ इंग्लिश मीडियम का भी प्रॉस्पेक्टस जारी किया गया है। आलोक गुप्ता ने कहा कि अब जरूरतमंद बच्चे स्थानीय स्तर पर ही न्यूनतम खर्च में गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

बैठक में गत वर्ष स्थापित स्मार्ट क्लास, ई-लाइब्रेरी तथा अन्य उपलब्धियों का एल्बम प्रदर्शित किया गया। विषय अध्यापकों की कमी के बावजूद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर गहन चर्चा हुई। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई, अखबार एवं पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने का आह्वान किया। पूर्व प्रवक्ता श्री नारायण गुप्ता ने भी अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। मेजर संदीप कुमार माधव के संचालन में संपन्न इस बैठक में अभिभावक, छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# टीडी-डीपीटी टीकाकरण अभियान शुरू 20 से 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिले में बच्चों को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने टीडी और डीपीटी टीकाकरण अभियान की शुरुआत कर दी है। सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. बृजेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों ने फीता काटकर अभियान का शुभारंभ किया।

सीएमओ ने बताया कि यह विशेष अभियान 20 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों का टीकाकरण करेंगी। अभियान के तहत 10 और 16 वर्ष के बच्चों को टीडी तथा 5 वर्ष के बच्चों को डीपीटी का टीका निशुल्क लगाया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जितेंद्र नाग ने बताया कि यह टीकाकरण बच्चों के लिए बेहद जरूरी है। यदि बचपन में आवश्यक वैक्सीन नहीं लगती हैं तो बच्चों में कई संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ जाता है, जो खांसी-छींक के जरिए तेजी से फैलते हैं। समय पर टीकाकरण न होने पर किशोरावस्था में यह संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस अभियान के माध्यम से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जाएगी।

## भीषण गर्मी का असर, कन्नौज में बदला स्कूलों का समय

- आज 7 से दोपहर 12 बजे तक चलेंगी कक्षाएं
- 9:30 से 10 बजे तक रहेगा मध्यान्ह भोजन अवकाश



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जनपद में लगातार बढ़ते तापमान और लू के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन ने स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक संचालित सभी परिषदीय, मान्यता प्राप्त, अशासकीय सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई, मदरसा एवं अन्य बोर्ड के विद्यालय 21 अप्रैल 2026 से अगले आदेश तक सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक संचालित होंगे। इस दौरान 9:30 बजे से 10:00 बजे तक मध्यान्ह भोजन का अवकाश रहेगा।

प्रशासन का कहना है कि भीषण गर्मी और लू से बच्चों को सुरक्षित रखने के साथ-साथ पढ़ाई की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। सभी विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों और प्रधानाध्यापकों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाये हुनर

## नवोदय विद्यालय में क्षेत्रीय स्तरीय दो दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी में दो दिवसीय क्षेत्रीय स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में लखनऊ संभाग की कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें आगरा ए व बी, लखनऊ ए व बी हरिद्वार ए व बी तथा वाराणसी ए व बी शामिल हैं। प्रतियोगिता में अंडर-14, 17 और 18 आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

उपप्राचार्य फिरोज अहमद ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के मुख्य रेफरी अर्पित अवस्थी रहे, जबकि सहायक रेफरी के रूप में अमीशा वर्मा, अंकित वर्मा और गौरव सिंह ने जिम्मेदारी संभाली।

कार्यक्रम में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार, सुषमा पाल, रजनीश श्रीवास्तव, विष्णु कटियार सहित अन्य विद्यालयों से आए संरक्षक एवं संरक्षिकाएं उपस्थित रहीं। मंच संचालन डॉ. संतोष कुमार सिंह ने किया।

# जिला अस्पताल में नेत्र पीजी कोर्स शुरू, इलाज के साथ मिलेगी मेडिकल शिक्षा

- चार छात्रों ने लिया प्रवेश, मरीजों की संख्या तीन गुनी बढ़ी
- विशेषज्ञ डॉक्टरों से मिल रहा बेहतर इलाज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिला अस्पताल अब केवल उपचार का केंद्र नहीं, बल्कि मेडिकल शिक्षा का उभरता हुआ संस्थान बनता जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) की पहल पर अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) कोर्स की विधिवत शुरुआत कर दी गई है, जिसे जनपद के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत फिलहाल चार छात्रों ने प्रवेश लेकर पढ़ाई शुरू कर दी है। पीजी कोर्स शुरू होने के बाद अस्पताल में मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। पहले की तुलना में अब नेत्र रोग विभाग में मरीजों की संख्या लगभग तीन गुना तक पहुंच गई है, जो अस्पताल पर बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता और आधुनिक उपचार सुविधाओं के कारण दूर-दराज के मरीज भी अब जिला अस्पताल का रुख कर रहे हैं। इससे जहां मरीजों को बेहतर और सुलभ इलाज मिल रहा है, वहीं छात्रों को व्यावहारिक अनुभव का अवसर भी प्राप्त हो रहा है।

मेडिकल शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने पढ़ाने वाले डॉक्टरों को प्रति लेक्चर मानदेय देने की व्यवस्था भी लागू की है। इससे अनुभवी चिकित्सकों की शिक्षण कार्य में रुचि बढ़ी है, जिसका सीधा लाभ छात्रों को मिल रहा है। नेत्र पीजी कोर्स की शुरुआत को कन्नौज के स्वास्थ्य तंत्र में एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। आने वाले समय में इससे बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ प्रशिक्षित विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

# युवती को भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इंदरगढ़,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक पड़ोसी जिले का है और उस पर दुष्कर्म का आरोप भी है।

बताते चलें कि, कन्नौज जिले के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव की युवती को औरैया जिले के बिधूना के गांव बदनपुर निवासी युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप युवती के पिता ने लगाते हुए थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया था और कार्यवाही की मांग की थी। युवक पर आरोप है कि, उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील तस्वीरें लेकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी थी। मामले में थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक को कटैया पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने तमंचा और कारतूस भी बरामद किए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि, आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी का नाम रिंकल पुत्र वेदप्रकाश बताया गया है। युवक को जेल भेजा जा रहा है।

- मामला कन्नौज जिले के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के एक ही गांव का

## एक ही गांव की दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नई बस्ती सराय गूज़रमल में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब दो युवतियां अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता न मिलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार नई बस्ती सराय गूज़रमल निवासी रहीम खान की 13 वर्षीय पुत्री मोनीजा बीते 18 अप्रैल की दोपहर करीब 12:00 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। सगे-संबंधियों और संभावित ठिकानों पर ढूंढने के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा, तो पिता रहीम खान ने कोतवाली में तहरीर देकर अपनी पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई।

# पुलिस ने हत्यारोपी को आलाकत्ल सहित किया गिरफ्तार

- 17 अप्रैल को जहानगंज क्षेत्र में काली नदी के पास मिला था युवती का शव
- प्रेमी ने शक के चलते प्रेमिका की बुलाकर की थी हत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में नामजद/वांछित आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आलाकत्ल एक चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। इस संदर्भ में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में वार्ता के दौरान जानकारी दी है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 अप्रैल को थाना जहानगंज क्षेत्रान्तर्गत काली नदी के किनारे एक अज्ञात महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना जहानगंज पुलिस ने अज्ञात महिला के शव को पीएम व शिनाख्त हेतु मोर्चरी फतेहगढ़ में रखवाया गया था। थाना जहानगंज पुलिस द्वारा अज्ञात युवती के शव कि शिनाख्त हेतु डीसीआरबी व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित प्रसारित कराया गया था। उसी के क्रम में मृतका की शिनाख्त कोतवाली छिबरामऊ जनपद कन्नौज की निवासी के रूप में हुई। 19 अप्रैल को मृतका के भाई की लिखित तहरीर के आधार पर थाना जहानगंज



जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक व पीछे खड़ा आरोपी

पर धारा 137 (2)/ 103(1)/ 3(5) बीएनएस बनाम अनीस उपरोक्त व अन्य साथी नाम पता अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना शुरु कर दी गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नामजद/वांछित अभियुक्त अनीस पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी नारायनपुर सेन्ट्रल जेल चौराहा को हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक चाकू तथा एक गमछा व हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ करने पर आरोपी अनीस ने बताया कि मृतक युवती से करीब पिछले 02-03 वर्षो से उसका प्रेम प्रसंग था। वर्तमान में मृतका किसी अन्य लड़के से बात करने लगी थी तथा मेरा नम्बर ब्लाक कर दिया था। जिसके बारे मे मैने कई बार बात करने की कोशिश की थी, परन्तु उसनें बात करने से मना कर दिया था। 17 अप्रैल को मैं अपने घर से ही सब्जी काटने वाला चाकू लेकर गया था तथा अपनी मोटरसाइकिल से मृतका के घर के सामने मुँह पर मास्क लगा कर पहुँचा, जब वह घर के दरवाजे पर आयी तो मुझे वहां गली में खड़ा देखकर मेरे पास आयी। जहाँ से मैं उसे आखिरी बार बात करने का हवाला देकर मोटरसाइकिल पर बैठाकर काली नदी पुल छिबरामऊ-जहानगंज रोड के पास झाड़ियों में ले गया। जहाँ बातचीत के दौरान मृतका युवती ने मुझे बहुत अपमानित किया। जिससे नाराज होकर मैनें उसके गले पर 02-03 बार चाकू से वार किया तथा युवती को वहीं पर छोडकर अपनी मोटरसाइकिल लेकर घर चला गया था।

वहीं गिरफ्तार करने वाली टीम में जहानगंज थाना प्रभारी पूनम अवस्थी व उपनिरीक्षक अवधेश अवस्थी, उपनिरीक्षक उदय सिंह तथा उनकी टीम, एसओजी टीम प्रभारी सचिन सिंह चौधरी व उनकी टीम, सर्विलांस टीम प्रभारी संत कुमार व उनकी शामिल रही।

## धूमधाम से निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन सोमवार को फतेहगढ़ में किया गया। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर फतेहगढ़ ठाकुर द्वारा मंदिर नवदिया से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई।

जो फतेहगढ़ कोतवाली होते हुए फतेहगढ़ चौराहा, गाड़ी खाना होते हुए कोतवाली फतेहगढ़ के सामने शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में भगवान परशुराम के स्वरुप की जगह-जगह आरती व पुष्प वर्षा हुई और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा में बैठे अधेड़ की उचक्कों ने काटी जेब, सोने की चेन लेकर फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ई-रिक्शा से जा रहे अधेड़ की उचक्कों ने जेब काट ली और नीचे उतरकर पीछे से आ रहे बाइक सवार साथी के साथ फरार हो गये। जानकारी होने पर पीड़ित ने आरोपियों का पीछा किया, लेकिन आरोपी फरार हो चुके थे। पीड़ित ने घटना के संदर्भ में थाने में तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम ममरेजपुर निवासी जगदीश चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह सोमवार शाम लगभग चार बजे ई-रिक्शा से मंझना जा रहे थे। ई-रिक्शा में दो अन्य युवक भी सवार थे। जिसमें से एक युवक



जानकारी देता पीड़ित

नगला जोधा उतर गया, दूसरा युवक ई-रिक्शा में ही बैठा रहा। युवक बार-बार अपना बैग जगदीश के पैरों पर रख रहा था। जिसे जगदीश ने मना किया। फिर दूसरा युवक भी जानकीपुर

- पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का दिया भरोसा

उतरकर पीछे से आ रही बाइक पर बैठकर जाने लगा, तभी जगदीश चंद्र को एहसास हुआ कि उनकी जेब कट चुकी है और जेब में रखी सोने की चेन गायब हो गई। जैसे ही युवक बाइक पर जाने लगा, तभी जगदीश चंद्र भी उसे पकड़ने के लिए बाइक के पीछे भागे, तब तक युवक वहां से बाइक लेकर जा चुका था। थाने पहुंचकर जगदीश चंद्र ने घटना की लिखित सूचना दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# पुलिस ने चोरी के माल सहित दो लोगों को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

चोरी के मामले में वांछित चल रहे आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से चोरी किया गया माल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 अप्रैल को वादी बृजेश शर्मा निवासी पटवन गली साई मन्दिर कोतवाली कायमगंज ने अपने घर में चोरी होने के संबंध मे लिखित तहरीर दी थी। प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली कायमगंज पर पुलिस ने



पुलिस हिरासत में आरोपी

धारा 331(4)/305 बीएनएस बनाम अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुखबिर खास की सूचना पर कोतवाली कायमगंज पुलिस ने प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों सौरभ उर्फ अंशु पुत्र अनुज गंगवार निवासी पटवन गली साई मन्दिर व कार्तिक गंगवार पुत्र अजय निवासी उपरोक्त को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हमें जानकारी हुई थी कि बृजेशचन्द्र शर्मा अपने पूरे परिवार के साथ कही पार्टी में जा रहे हैं। इसी मौके का फायदा उठाकर हम दोनों ने रात्रि के समय बृजेशचन्द्र शर्मा के मकान में छत पर लगे चैनल से अन्दर जाकर चोरी की थी और चोरी किये गये समान को हम दोनों ने आपस में बांट लिया था और बेचने के लिये जा रहे थे कि पुलिस ने हम दोनों को पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही से 02 चैन पीली धातु, 03 पंडाल स्तम्भ धातु, 07 अंगूठी पीली धातु, 02 मंगलसूत्र पीली धातु, 01 जोड़ी बाली कान की पीली धातु, 01 जोड़ी कुण्डल कान के पीली धातु, 12 जोड़ी पायल सफेद धातु, 05 सिक्के सफेद धातु, 04 जोड़ी बिछ्वा सफेद धातु, 01 चाबी दानी सफेद धातु, 35000 रुपये नगद बरामद हुए है।

# एक माह पूर्व टकोरे से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

एक माह पूर्व तंबाकू गोदाम में साथ काम करने वाली महिला पर टकोरे से जानलेवा हमला हुआ था। जिसमें घायल महिला की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जब महिला का शव गांव पहुंचा, तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस इस मामले में आरोपी पड़ोसी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

बतादें कि रूटौल गांव निवासी मनोज कुमार की पत्नी रेखा कस्बे के एक तंबाकू गोदाम में काम करती थी। 23 मार्च की सुबह जब रेखा काम पर जा रही थी, तभी रास्ते में कैसर खां के अड्डे के पास गांव के ही महेश पुत्र गोपी चंद्र ने घात लगाकर उस पर



मृतका का फाइल फोटो

टकोरे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में रेखा के चेहरे, कंधे और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई थीं।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी महेश ने कबूल किया कि वह और रेखा एक ही गोदाम में काम करते थे। उनके बीच काफी समय से रुपयों के लेनदेन को



रोते बिलखते मृतका के परिजन

लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते उसने रेखा की जान लेने की नीयत से उस पर हमला किया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हमले में इस्तेमाल किया गया टकोरा भी बरामद कर लिया था। रविवार देर रात रेखा की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर लाया गया, तो मृतका की बड़ी बेटी काजल, बेटा निखिल और छोटी बेटियां कोमल व संध्या का रो-रोकर बुरा हाल था।

परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने पहले ही बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। उपनिरीक्षक बलवीर सिंह ने घेराबंदी कर आरोपी महेश को कस्बे के देशी शराब ठेके के पास से गिरफ्तार किया था। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

# बाइक फिसलने से तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गयी। जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शमसाबाद थाना क्षेत्र के गाँव रसीदपुर तराई निवासी प्रताप अपनी पत्नी रेनू व भाभी शीलादेवी उम्र 32 वर्षीय पत्नी राजीव कुमार को बाइक पर बैठालकर भान्जी की शादी में शामिल होने हल्दीखेड़ा जा रहा था। जैसे ही वह गाँव रायपुर कोतवाली कायमगंज के पास पहुँचते ही साईकिल को बचाने में बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये।



अस्पताल में भर्ती घायल

आसपास के लोगों की मदद से तीनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज कोतवाली गुरसहायगंज के ग्राम लालपुर निवासी निवासी अधेड़ प्रमोद पुत्र रामविलास गांव के सर्वेश के साथ बाइक द्वारा बीती रात कमालगंज से घर जा रहे थे। रात्रि में ग्राम कतरौली पट्टी के सामने पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गये। सूचना मिलने पर खुदागंज चौकी



घायल को ले जाती पुलिस

इंचार्ज अनिल कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी कमालगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्रमोद को मृत घोषित कर दिया और सर्वेश को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी होने पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं एक अन्य घटना में कानपुर निवासी हलवाई गंगाराम की भी मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। बताया गया कि गंगाराम भतीजे शिवा के साथ बीती रात फर्रुखाबाद में हलवाई का काम निपटाकर बाइक द्वारा घर जा रहे थे। जैसे ही वह बघार नाला के पास पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार हलवाई व उसका साथी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और दोनों सीएचसी भिजवाया।

हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने घायलों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में चिकित्सक ने गंगाराम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## अज्ञात कारण से झोपड़ी में लगी आग अनाज व भूसा जला

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारणों से भूसा व अनाज भरी झोपड़ी में आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी दो सगे भाइयों राजबहादुर व कालीचरण का घर गांव के अंदर है। घर के बाहर झोपड़ी में भूसा व अनाज भरा हुआ था। सोमवार दोपहर अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। ग्रामीणों ने पानी मिट्टी डालकर आग पर आधे घंटे में काबू पा लिया। हालांकि आग से चालीस प्रतिशत भूसा व अनाज जल गया। अग्निकांड के समय पीड़ित भाई स्वजनों के साथ दावत खाने गए थे। ग्रामीणों ने फोन के माध्यम से पीड़ितों को सूचना दी।

# होमगार्ड परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 25, 26 एवं 27 अप्रैल को दो पालियों में आयोजित होने वाली उ0प्र0 होमगार्ड भर्ती-2025 परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने हेतु तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रातः 07 बजे ट्रेजरी पर उपस्थित रहेंगे तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, कागज के टुकड़े, प्लास्टिक पाउच, पर्स, स्मार्टबैंड, स्मार्टवॉच, सनग्लासेस एवं हैंडबैग ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आईडी कार्ड अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में फोटोकॉपी की दुकानें, साइबर कैफे एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट की दुकानें बंद रहेंगी। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी युक्त कंट्रोल रूम एवं स्ट्रॉन्ग रूम स्थापित किए जाएंगे। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए केंद्रों के बाहर क्लॉक रूम बनाए जाएंगे, जहां अभ्यर्थी अपनी वस्तुएं सुरक्षित रख सकेंगे। अभ्यर्थियों को केवल नीला या काला पेन, प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र के साथ ही प्रवेश की अनुमति होगी। उन्होंने सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने परीक्षा केंद्रों के कक्षों एवं शौचालयों का पूर्व निरीक्षण सुनिश्चित करें। साथ ही सभी केंद्र व्यवस्थापक एवं सहायक केंद्र व्यवस्थापक से नो-रिलेशन प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाए तथा ड्यूटी में लगाए गए शिक्षकों के मोबाइल नंबरों की सूची उपलब्ध कराई जाए। जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर प्रत्येक पाली में 7104 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा कुल 06 पालियों में आयोजित होगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर क्लॉक रूम, पेयजल एवं शौचालय से संबंधित संकेतक (साइन एज) लगाए जाएं तथा प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दीवार घड़ी अनिवार्य रूप से स्थापित की जाए। रोडवेज बस अड्डे पर हेल्प डेस्क स्थापित की जाए तथा वाहनों द्वारा ओवरचार्जिंग न की जाए। सभी केंद्रों पर विद्युत आपूर्ति निर्बाध रहे एवं स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# अग्नि पीड़ितों के हाल जानने पहुंचे तहसीलदार, बोले होगी मदद

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

भीषण आग की घटना के बाद प्रशासनिक अमला सक्रिय तो हुआ, लेकिन जिन परिवारों की जिंदगी लपटों में झुलस गई, उनके हालात अब भी सामान्य नहीं हो सके हैं। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने नुकसान का जायजा लिया।

मगर राहत अभी तक जमीन पर पूरी तरह नजर नहीं आई है। प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं।

थाना क्षेत्र के गांव पथरामई में हुए अग्निकांड के बाद दूसरे दिन भी बस्ती का मंजर बदला हुआ नहीं दिखा। जली हुई झोपड़ियों के बीच लोग अपने बचे-खुचे सामान को समेटते नजर आए। जिन घरों में कभी रोजमर्रा की चहल पहल थी। वहां अब सिर्फ राख और सन्नाटा है। खान पीने से लेकर रहने तक की बुनियादी जरूरतें पूरी करना भी परिवारों के लिए चुनौती बना हुआ है। गांव के कुछ लोगों ने आगे बढ़कर मदद का हाथ जरूर बढ़ाया है। आसपास के ग्रामीणों ने भोजन और अस्थायी ठहराव की व्यवस्था करने की कोशिश की, लेकिन पीड़ितों की संख्या अधिक होने के कारण यह सहायता पर्याप्त साबित नहीं हो रही। सोमवार दोपहर कायमगंज तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर ने गांव पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों से बात की। उन्होंने बताया कि नुकसान का विस्तृत आकलन कराया जा रहा है और रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि पात्र परिवारों को नियमानुसार आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस अग्निकांड में सिर्फ घर ही नहीं जले, बल्कि कई परिवारों की आजीविका के साधन भी खत्म हो गए।

पशुधन की मौत, फसल और कृषि उपकरणों के नुकसान ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। ऐसे में लोगों के सामने दोहरी चुनौती खड़ी हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि आग लगने के बाद ससमय यदि दमकल की पर्याप्त व्यवस्था समय पर हो जाती, तो नुकसान कम हो सकता था। फिलहाल पीड़ित परिवारों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है, ताकि वे फिर से अपने जीवन को संभाल सकें। नायब तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर ने बताया कि ग्रामीणों की हर संभव मदद की जाएगी।

# डॉ. अंकुर लाठर बनी फर्रुखाबाद की डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को जिलाधिकारी बदल दिए गए। बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. अंकुर लाठर को फर्रुखाबाद का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। यहां पर तैनात जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को विशेष सचिव लोकनिर्माण विभाग बनाया गया है। डॉ. अंकुर लाठर 2016 बैच की यूपी कैडर की आईएएस अधिकारी हैं, जो बुलंदशहर.खुर्जा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत रही। एआईएमएस दिल्ली से एमबीबीएस करने के बाद उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में 77वीं रैंक हासिल की और प्रशासनिक सेवा में शामिल हुईं। हिसार जिले के राजगढ़ गांव निवासी 2016 बैच की आईएएस डॉ. अंकुर लाठर



नवांगतुक डीएम डॉ. अंकुर लाठर

- आशुतोष कुमार द्विवेदी बनाये गये विशेष सचिव पीडब्लूडी

ने पीएमटी टेस्ट पास कर एम्स दिल्ली से एमबीबीएस किया और दो साल तक एम्स में ही अपनी सेवाएं दीं, लेकिन सिविल सेवा के जुनून ने उनकी राह बदल दी। उन्होंने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 2015 में 77वां स्थान प्राप्त किया। सूत्रों के अनुसार बुधवार को चार्ज लेने की संभावना है।

## रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रवि दुबे का निधन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज क्षेत्र के रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं नगर के सम्मानित व्यक्ति रवि दुबे का सोमवार शाम निधन हो गया। उन्होंने लखनऊ के वेदांता हॉस्पिटल में शाम करीब 4:10 बजे अंतिम सांस ली। रवि दुबे लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और उनका उपचार चल रहा था। रवि दुबे सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहते थे। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने आयोजनों को नई पहचान दी और क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान की। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। स्थानीय लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने रवि दुबे के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर थाना क्षेत्र नगला हूषा स्थित किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।



घायल को ले जाते ग्रामीण व पुलिस

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चिड़िया मोहलिया निवासी समरपाल पुत्र रामदास अपनी बाइक से नदी पार गेहूं की मड़ाई के लिए जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज राहुल सिंह मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने ली जिला टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा बाल विवाह रोकथाम हेतु गठित जिला टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने अपर जिलाधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड एवं ग्राम स्तर पर गठित समितियों की बैठक हेतु रोस्टर जारी करते हुए प्रत्येक त्रैमास में नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाएं। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को भी ब्लॉक स्तर की बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों की बैठकों का एक वर्ष का रोस्टर तैयार कर नियमित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने क्षेत्राधिकारी नगर को श्रम विभाग, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के साथ संयुक्त टीम बनाकर बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) एवं स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत लंबित आवेदन पत्रों का सत्यापन उप जिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कराते हुए समिति के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत सभी पात्र बच्चों के शैक्षिक प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से बनवाए जाएं। साथ ही जनपद के होटल, ढाबों एवं कारखानों में बाल श्रम की रोकथाम हेतु श्रम विभाग द्वारा निरंतर अभियान चलाया जाए। ए.आर.टी.ओ. को निर्देशित किया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन, विशेषकर स्कूटी एवं ई.रिक्शा चलाने की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई हेतु सघन अभियान चलाया जाए। बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक विद्यालय में प्रति माह गोष्ठी आयोजित कर विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन से अपील की गई कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, आपातकालीन सेवा 112 अथवा विभागीय सीयूजी नम्बर 7518024057 पर दें। अपर पुलिस अधीक्षक को बाल विवाह रोकथाम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने हेतु सर्कुलर निर्गत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर एवं कायमगंज, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, ए.आर.टी.ओ., श्रम प्रवर्तन अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

# कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन ने जनपद के पांच शिक्षकों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कॉलेज ऑफटीचर्स एजुकेशन प्रयागराज के सौजन्य से जनपद से राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में 5 से अधिक संख्या में चयनित छात्रों के विद्यालयों के 5 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इनका सम्मान समारोह रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंटर कॉलेज इंदिरा नगर लखनऊ के कैप्टन मनोज कुमार पांडेय सभागार में रविवार 19 अप्रैल को आयोजित किया गया। इस वर्ष जनपद के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय कंपोजिट विद्यालय बेलासरायगजा वि0खं0 शमशाबाद के 17 छात्रों का चयन हुआ है। इस विद्यालय से अबत कुल 43 छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित होकर सफलता प्राप्त चुके हैं। जिसके लिए सहायक अध्यापक आलोक कुमार द्विवेदी को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही कंपोजिट विद्यालय हरसिंगपुर गोवा शमसाबाद से अर्चना, कंपोजिट विद्यालय गैसिंगपुर मोहम्दाबाद से शैलेंद्र कश्यप, कंपोजिट विद्यालय बिरसिंहपुर राजेपुर से नीलम राठौर, भारतीय पाठशाला इंटर कालेज से राजीव कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। इस अवसर पर पूर्व निदेशक डॉ. सर्वेंद्र विक्रम सिंह सहित विभिन्न डाइट के प्राचार्य, प्रवक्ता, प्रदेश के शिक्षा अधिकारियों ने शिक्षकों का सम्मान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।


प्रमाण पत्र दिखाते सम्मानित शिक्षकगण

# भीषण गर्मी के बीच माध्यमिक स्कूलों समय परिवर्तन की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी के कारण माध्यमिक विद्यालयों का समय बदलने की मांग उठ रही है। तापमान 40 डिग्री पार होने से बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है और उपस्थिति घट रही है। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने कार्यालय पहुंचकर जिला विद्यालय निरीक्षक मांग पत्र सौंपा। जिसमें कहा कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। विद्यालय का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक का है। बेसिक शिक्षा परिषद ने कक्षा 8 तक के छात्रों का समय 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक कर दिया है। शिक्षकों ने माध्यमिक विद्यालयों का समय इसी तरह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक करने की मांग की है। शिक्षकों ने कहा कि बढ़ती गर्मी में बच्चे बेहद परेशान हैं। गांवों में गेहूं कटाई के चलते बिजली कटौती हो रही है, जिससे दोपहर में कक्षाओं में बैठना मुश्किल हो जाता है। दूर-दराज से आने वाले बच्चे छुट्टी के समय तेज धूप में घर लौटते हुए बीमार पड़ रहे हैं, जिससे उपस्थिति भी प्रभावित हो रही है। बच्चों के स्वास्थ्य और ग्रामीण परिस्थितियों को देखते हुए स्कूल समय बदला जाए। इस मौके पर डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. बृजभूषण सिंह, डॉ. संदीप चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।


डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

# मोडिफाइड साइलेन्सर लगे वाहनों पर हुई कार्रवाई

- एक वाहन का चालान, लगाया 17 हजार का जुर्माना
- सही कराकर निरीक्षण न कराने पर होगी आर.सी. निरस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार द्वारा रोडवेज बस अड्डे पर मोडिफाइड साइलेन्सर लगे वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम द्वारा 54 वाहनों के साइलेन्सर तथा ध्वनि प्रदूषण की जांच की गई। जांच में एक बुलेट मोटरसाइकिल मोडिफाइड साइलेन्सर लगे पाई गई, इसका बीमा भी वर्ष 2020 से समाप्त था। बुलेट मोटरसाइकिल का चालान कर रू0 17 हजार का जुर्माना लगाया गया। वाहन स्वामी को निर्देशित किया गया कि वह साइलेन्सर को सही कराकर कार्यालय में निरीक्षण करायें अन्यथा आर.सी. सस्पेण्ड कर दी जायेगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इससे पूर्व परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार 18 अप्रैल को एआरटीओ कार्यालय में एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव द्वारा वाहन डीलर्स, मोटर गैराज एवं वर्कशाप संचालकों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें समस्त दो पहिया वाहन डीलर्स, मोटर गैराज एवं वर्कशाप संचालकों को निर्देशित किया गया था कि वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न अथवा हूटर की स्थापना करने वाले डीलर, मोटर गैराज/वर्कशाप के संचालक के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत रू0 एक लाख प्रति संघटक जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है। एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव द्वारा मोटर गैराज का निरीक्षण भी किया गया है। उल्लेखनीय है कि मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न अथवा हूटर लगाने के अपराध के लिये तीन माह तक के कारावास अथवा रू0 दस हजार रूपये तक के जुर्माने अथवा दोनों से दण्डनीय किये जाने का प्राविधान है।


बुलेट मोटरसाइकिल का चालान करते अधिकारी


प्रदूषण की जांच करते एआरटीओ विभाग के अधिकारी

## सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनस एसो. का धरना प्रदर्शन आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर 21 अप्रैल को प्रातः 10 बजे जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। यह जानकारी जिला मंत्री राजीव कुमार बाजपेयी ने दी है।

# भगवान परशुराम जयंती पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

- विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधान में हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भगवान परशुराम जयंती पर विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधान में एक चिकित्सक के सभागार में ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कानपुर मंडल अध्यक्ष हरदीप सिंह सहगल रहे। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला एवं कानपुर मंडल अध्यक्ष सुनीता अग्निहोत्री रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता अजय त्रिवेदी ने की तथा मुख्य वक्ता नामित सभासद विकास पांडे रहे। संचालन वैभव सोमवंशी युवा कवि एवं जिला उपाध्यक्ष मोहित दीक्षित द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान आनंद प्रकाश गुप्ता मुन्ना गुप्ता ने भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। उमाशंकर गुप्ता ने मुख्य अतिथि को राधा-कृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा दिव्यांशु मिश्रा देवू एवं वैभव मिश्रा विभु ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। डॉ0 अजय बाजपेई द्वारा भगवान परशुराम जी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। अनुराग अग्रवाल द्वारा विश्व हिंदू महासंघ अंकित स्मृति शील्ड मुख्य अतिथि को भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान उमाशंकर गुप्ता द्वारा उपस्थितजनों को रामनाम का पटुका पहनाकर जय श्रीराम के जयकारे लगवाए गए।

इस अवसर पर अमित पांडे, भास्कर अग्निहोत्री, गीता तिवारी, संगीता अवस्थी, ममता दीक्षित, रूबी कुमारी, संजीव कुमार सिंह, ग्रिरीश तिवारी, धनंजय सिंह, अंशुल सक्सेना, गणेश कुमार, राजा सैनी, योगेश कुमार, अजीत शाक्य, हर्ष राजपूत, शैलेश कश्यप, अजय अग्निहोत्री, माधुरी मिश्रा, संतोष कुमार, सुनील शुक्ला, आलोक शुक्ला, अनुराग दुबे, शिवांशु शुक्ला, शिवा त्रिवेदी, दीपक सिंह राठौर, अमित वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद संगठन के पदाधिकारी

# बीडीओ ने टीडी/डीपीटी टीकाकरण अभियान के तहत ली बैठक


बैठक लेते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज की अध्यक्षता में विद्यालय आधारित टीडी/डीपीटी टीकाकरण अभियान की ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स बैठक आयोजित हुई। बैठक में बीडीओ ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान व आकांक्षी विकास खण्ड के संकेतांकों की भी समीक्षा की। सोमवार को विकास खण्ड कार्यालय में बीडीओ अमरेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में विद्यालय आधारित टीडी/डीपीटी टीकाकरण अभियान की ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स बैठक सम्पन्न हुई। टीडी/डीपीटी कार्यक्रम 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जायेगा। कार्यक्रम में नियमित टीकाकरण छोड़कर रोष दिवसों में संचालित होगा। जिसमें 5, 10, 16 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण किया जायेगा। बीडीओ ने शिक्षा विभाग एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग से मौजूद सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह आदि को दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर बीईओ अमर सिंह राना, इंदल बाबू, स्वास्थ्य विभाग से सुंदर राठौर, पीयूष पवन दीक्षित, डॉ. गौरव राजपूत आदि मौजूद रहे।

# मोहल्ला सातनपुर में गली निर्माण की ग्रामीणों ने पालिकाध्यक्ष से की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला सातनपुर के वांशिदों ने नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर पप्पू शाक्य व शिवम के मकान से नाला तक सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।

दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि फर्रुखाबाद नगर पालिका के वार्ड नंबर 2 विवेकानंद नगर के मोहल्ला सातनपुर में पप्पू शाक्य व शिवम के मकान से नाला तक सड़क कच्ची, शातिग्रस्त हालात में व दुर्दशाग्रस्त है। नागरिकों को तथा स्कूली बच्चों को बीते कई वर्षों से बरसात के दिनों में अत्यधिक परेशानी व कष्ट का सामना करना पड़ता है, पूरे नगर में विकास की बयार बह रही है, लेकिन मोहल्ला सातनपुर की यह छोटी सी गली अभी भी विकास की बाट जोह रही है। चूँकि बरसात का मौसम भी आने वाला है, इसलिए नागरिकों व विद्यार्थियों की चिन्ताएं और ज्यादा बढ़ गयी हैं। यदि इस सड़क का निर्माण कार्य सही से हो जाए तो इस मोहल्ले के वाशिंदों को काफी राहत मिलेगी व आवागमन सुलभ होगा। सभासद प्रशांत कटियार के द्वारा भी पप्पू शाक्य व शिवम के मकान से नाला तक सड़क निर्माण का प्रार्थना पत्र देकर इस सड़क के निर्माण के लिए प्रार्थना की गयी थी। इस प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेकर निर्माण कार्य कराया, लेकिन दुर्भाग्य व भूलवश नगर पालिका प्रशासन द्वारा पप्पू शाक्य व शिवम के मकान नाला तक सड़क निर्माण ना कराकर रजनीश शुक्ला के मकान से नाला तक निर्माण कराया जा रहा है, जिससे हम नागरिकों की समस्या जस की तस है और यह निर्माण कार्य मोहल्ले के बाशिंदों व न्याय हित में नहीं है। रजनीश शुक्ला के मकान से पप्पू शाक्य व शिवम के मकान की दूरी केवल 30 मीटर की ही है। लोगों ने मांग की है कि पप्पू शाक्य व शिवम के मकान से नाला तक सड़क निर्माण का कार्य कराया जाए, जिससे कि मोहल्ले के वाशिंदों की बहुत बड़ी समस्या का निदान हो सके। ऊबड़-खाबड़ व कच्चे रास्ते में मासूम छात्र गिरकर घायल हो सकते हैं और अप्रिय घटना घट सकती है। ज्ञापन पर नंदकिशोर दुबे वंदेमातरम, पप्पू शाक्य, सुबोध, शिवम, सत्येन्द्र मिश्रा, राकेश, कश्मीर सिंह, शेर सिंह आदि लोगों के हस्ताक्ष शामिल है।


खस्ताहाल में गली

# पथरामई व इकलहरा अग्निकांड पीड़ितों की सपा ने राशन सामग्री देकर की मदद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को कंपिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पथरामई एवं इकलहरा गांव में आग लग जाने से कई परिवारों के आशियाने जलकर राख हो गए थे। उनकी पीड़ा को बांटने एवं इस बुरे समय में उनकी मदद करने के लिए समाजवादी पार्टी आगे आई है।

रविवार को कंपिल थाना क्षेत्र के गांव पथरामई में ऋषिपाल बाथम, खिलाड़ी बाथम, टीकाराम बाथम, उधम सिंह, सुखबीर, अमर सिंह शर्मा एवं श्याम सिंह तथा इकलहरा गांव के प्रवेश शर्मा, रवि शर्मा, सुरेंद्र पाल शर्मा, सुरेश शर्मा, पूजा देवी शर्मा के घरों में प्राकृतिक आपदा के रूप में आग लग गई तेज हवा के कारण आग ने जमकर तांडव किया एवं बर्बादी की लपटों ने इन गरीबों के आशियाने जलाकर राख कर दिए।

ट्रैक्टर, बाइक, अनाज, कपड़े, घरों में रखी नगदी तथा गृहस्थी का पूरा सामान जलकर खाक हो गया एवं किसानों के पशुओं ने भी इस अग्निकांड में अपनी जान गंवाई है। उनकी पीड़ा को समझते हुए समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी खाने-पीने हेतु राशन आदि गृहस्थी का अन्य सामान लेकर पीड़ितों के बीच पहुंचे, पीड़ितों से मिलकर उनका दुःख बांटा एवं कपड़े इत्यादि अन्य सामान खरीदने के लिए नगद रूप से आर्थिक मदद भी की। जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा हम पूरी तौर से प्राकृतिक आपदा के शिकार इन परिवारों के साथ खड़े हैं आने वाले समय में भी इनकी मदद की जाएगी। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि जिले के अन्य समाजवादी साथी जो संपन्न हैं उनसे अपील है कि पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आये। इस दौरान सर्वेश अंबेडकर, संतोष दिवाकर, अरविंद यादव, धर्मेंद्र यादव, राकेश यादव, अशोक अंबेडकर, बंटी यादव, बीके गंगवार, शिवम पटेल, राधेश्याम सविता मौजूद रहे।


पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री देते अजीत यादव आदि

# ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भः बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी, नागरिकों से सतर्क रहने की अपील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ हो चुकी है। इस दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अग्निकांड की घटनाओं में वृद्धि हो जाती है, विशेषकर गेहूं की फसल में आग लगने की घटनाएं अधिक होती हैं। इन घटनाओं की रोकथाम हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार सिंह /मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सावधानियां अपनाने की अपील की गई है। अग्नि सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानियां जैसे फसल कटने के बाद अवशेष को खेतों में न जलाएं। तेज हवाओं के समय चूल्हे/भट्ठी पर भोजन न पकाएं। जलती हुई माचिस, बीड़ी या सिगरेट इधर-उधर न फेंकें। खाना बनाते समय ढीले-ढाले एवं पॉलिस्टर के कपड़े न पहनें। बच्चों की पहुंच से माचिस, स्टोव, पटाखे एवं एसिड दूर रखें। ज्वलनशील सामग्री को गैस सिलेंडर एवं चूल्हे से दूर रखें। बिजली के उपकरणों (पंखा, एसी, कूलर, फ्रिज, हीटर, इंडक्शन) की नियमित जांच करें तथा एमसीबी अवश्य लगवाएं। सार्वजनिक स्थानों, ट्रेनों एवं बसों में ज्वलनशील पदार्थ न ले जाएं। आग लगने की स्थिति में निकटतम निकास मार्ग/सीढ़ियों का उपयोग करें और सुनिश्चित करें कि कोई व्यक्ति पीछे न रह जाए।

कपड़ों में आग लगने पर स्टॉप, ड्रॉप एंड रोल अपनाएं। किसी भी भवन से बाहर निकलने के कम से कम दो रास्तों की जानकारी रखें। आग के समय धुएं से बचने के लिए नीचे झुककर चलें तथा मुंह को गीले कपड़े से ढकें। ट्रांसफार्मर के आसपास 3 मीटर क्षेत्र तक फसल समय से पहले काट लें। जलती हुई इमारत में पुनः प्रवेश न करें। सीढ़ियों एवं गलियारों को अवरुद्ध न रखें। आग लगने की घटना पर तत्काल पुलिस एवं अग्निशमन विभाग को सूचित करें। पेट्रोलियम पदार्थों से लगी आग बुझाने हेतु बालू या फायर एक्सटिंग्विशर का प्रयोग करें। आपातकालीन सेवाओं के टोल फ्री नंबर-102/108 (स्वास्थ्य), 112 (पुलिस), 101 (अग्निशमन), 1077 (आपदा) को सदैव याद रखें। महत्वपूर्ण दूरभाष नंबर- जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर-9454416457, 05692-235077 व फायर स्टेशन फतेहगढ-9454418424, 9454418423 का प्रयोग करे।


जानकारी देते अपर जिलाधिकारी

# आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में खगोल विज्ञान विषय पर हुआ कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में खगोल विज्ञान विषय पर एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। अमृतांशु वाजपेयी, प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर, प्रोजेक्ट सप्तऋषि ग्लोबल स्काई पार्टनर्स प्रोग्राम, लास कुम्ब्रेस ऑब्ज़र्वेटरी एवं एसटीईएम विशेषज्ञ, री एनसीईआरटी भोपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम में कक्षा नौवीं के सभी वर्गों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा नौवीं ए के छात्र यश शुक्ला एवं छात्रा सिमरित जैन द्वारा अतिथि के स्वागत से हुआ। उप-प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। संचालन एवं समन्वयन पीजीटी कंप्यूटर साइंस महेश उपाध्याय द्वारा किया गया। अपने व्याख्यान में वक्ता ने कालचक्र (समय का चक्र) विषय पर प्रकाश डालते हुए प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान से जोड़ा। उन्होंने भारतीय पंचांग की विशेषताओं को समझाया तथा यूनानी कैलेंडर से उसकी तुलना प्रस्तुत की। साथ ही यह भी बताया कि प्राचीन सभ्यताएँ खगोलीय घटनाओं के आधार पर समय निर्धारण करती थीं, जो उनकी वैज्ञानिक सोच को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण भी कराया गया। जहाँ उन्होंने विभिन्न उपकरणों का अवलोकन किया। इस दौरान महेश उपाध्याय ने विद्यार्थियों को स्टेलारियम एवं गूगल स्काई मानचित्र जैसे सॉफ्टवेयर के उपयोग के बारे में जानकारी दी। जिनकी सहायता से रात्रि आकाश में तारों एवं नक्षत्रों की स्थिति को आसानी से पहचाना जा सकता है। विद्यार्थियों ने पूरे सत्र में गहरी रुचि दिखाई तथा जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछकर अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं ज्ञानवर्धक रहा, जिसने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं जिज्ञासा को बढ़ावा दिया।


विद्यार्थियों को जानकारी देते वक्ता

## होमगार्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त

# 16 केंद्रों पर 25 से 27 अप्रैल तक होगी परीक्षा

समृद्धि न्यूज़



**लखीमपुर खीरी।** उप्र होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की जनपद में 16 परीक्षा केंद्रों पर 25, 26 एवं 27 अप्रैल को दो-दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में सोमवार को अटल सभागार में सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों एवं मजिस्ट्रेटों को उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, बिजली, बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। सीडीओ ने सख्त लहजे में कहा कि परीक्षा संचालन से जुड़े नियमों का सभी अधिकारी गहन अध्ययन कर लें और किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की चूक पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह, नोडल अधिकारी (पुलिस)/एएसपी पूर्वी पवन गौतम, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, स्टैटिक ओर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक शामिल हुए।

# तेज रफ्तार बस ने ली किशोर की जान, चालक फरार

समृद्धि न्यूज़



**बिजुआ (लखीमपुर खीरी)।** लखीमपुर-भीरा राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने राजमार्ग जाम कर दिया, जिससे करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा।

जानकारी के अनुसार, जहानपुर निवासी विशाल गुप्ता (15) पुत्र दीपक सोमवार सुबह दाउदपुर से दूध लेकर बाइक से अपने घर लौट रहा था। सुबह करीब सात बजे जहानपुर और दाउदपुर के बीच पलिया से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार निजी बस ने उसकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बस के नीचे फंसकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित होकर राजमार्ग पर जाम लगा दिया। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

**परिजनों का फूटा गुस्सा, दो घंटे जाम रहा राजमार्ग**

सूचना पर कई थानों की पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी (सीओ) भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया और दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब दो घंटे बाद जाम खुल सका और यातायात बहाल हुआ।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मामले की जांच जारी है और फरार बस चालक की तलाश की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### गड़बड़ा धाम में 10 हजार श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र के अंतर्गत गड़बड़ा धाम मे सोमवार को वैशाख मास कृष्ण पक्ष तृतीया एवं पर्व विनायक चतुर्थी होने के कारण मां शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। करीब 10 हजार लोगों ने दिनभर में दर्शन-पूजन किया। सुबह मंगला आरती के बाद से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। दूर-दराज क्षेत्रों से लोग पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पहले सेवटी नदी में स्नान किया, इसके बाद कतार में लगकर मंदिर में प्रवेश किया। भीड़ को देखते हुए महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइनें बनाई गई थीं। मंदिर का कपाट खुलने के बाद श्रद्धालु क्रम से दर्शन करते रहे। भक्तों ने नारियल, चुनरी, हलवा-पूरी, फ्ल-फूल और मिष्ठान अर्पित किया। कई लोग परिवार सहित पहुंचे और पूजा-अर्चना की। मंदिर पुजारी मंगलधारी मिश्रा ने बताया कि सुबह से शाम तक दर्शन का क्रम जारी रहा। मंदिर परिसर के आसपास लगे मेले में भी गतिविधि रही। श्रद्धालुओं ने दुकानों से खिलौने, श्रृंगार सामग्री और अन्य उपयोगी वस्तुएं खरीदीं। पूरे दिन क्षेत्र में आवाजाही बनी रही।

### ऑटो की टक्कर से युवक घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग के बरी गांव में सोमवार को ऑटो की टक्कर से युवक घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने युवक को स्थानीय स्तर पर उपचार के लिए लेकर गए ऑटो चालक ऑटो लेकर भाग निकला थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी 45 वर्षीय धीरज गुप्ता बरी गांव में किसी कार्य के लिए गए थे की देशी शराब की दुकान के सामने लालगंज की तरफसे आ रहे ऑटो चालक ने युवक को टक्कर मार दिया जिससे युवक घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल युवक को उपचार के लिए स्थानीय स्तर पर लेकर गए। घटना की सूचना युवक के परिजनों को दिया है ऑटो चालक ऑटो लेकर भाग निकला।

### गेहूं क्रय केंद्र का औचक जांच, शिकायत निकली निराधार

**हलिया (मिर्जापुर )।** शासन द्वारा संचालित गेहूं क्रय केंद्र मवईकला हलिया प्रथम पर बिचौलियों के माध्यम से खरीद किए जाने के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ध्एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह ने शनिवार की देर शाम गेंहू क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत कर वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। जांच के दौरान किसान पंकज कुमार मवईकला एवं राम शिरोमणि यादव निवासी सहजी ने स्पष्ट रूप से बताया कि केंद्र पर किसी प्रकार की कमीशनखोरी या सुविधा शुल्क की मांग नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि टोकन प्रणाली के आधार पर पारदर्शी तरीके से गेहूं की खरीद की जा रही है। क्रय केंद्र प्रभारी प्रिय रंजन राजीव ने बताया कि 30 मार्च से शुरू हुई खरीद प्रक्रिया में अब तक 303 किसानों ने पंजीकरण जमा किया है । इनमें से 10 किसानों से 484 क्विंटल 50 किलो गेहू की खरीद किया गया तथा छह किसानों के खातों में भुगतान भी कर दिया गया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम लालगंज ने निरीक्षण के दौरान टोकन रजिस्टर के आधार पर किसानों की सूची सूचना पट्ट पर चस्पा करवाई और सख्त निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप ही खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिचौलियों या दलालों की संलिप्तता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को भी केंद्र पर खरीद जारी रही, जिसमें किसान विनोद सिंह (गढ़वा) एवं अवध नारायण (बरडिहा) से कुल 74 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। केंद्र पर मौजूद अन्य किसानोंकृरामाशंकर, राधेश्याम आदि ने भी बताया कि उनसे किसी प्रकार की अवैध वसूली नहीं की गई है।केंद्र प्रभारी ने किसानों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और बिचौलियों के संपर्क में आने के बजाय सीधे क्रय केंद्र पर आकर पंजीकरण कराएं। तथा टोकन के अनुसार निर्धारित तिथि पर अपना गेहूं बेचें। किसी भी समस्या की स्थिति में केंद्र से सीधे संपर्क करने की सलाह दी गई है।मवई कला गेहू खरीद केंद्र पर तीन केंद्र बनाये गए है जिसमें हलिया प्रथम, द्वितीय, तृतीय पर केंद्र प्रभारियों द्वारा किसानों से गेंहू की खरीद किया जा रहा है।

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान की जांच, मिशन शक्ति टीम ने की चेकिंग

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ऑपरेशन शील्ड अभियान के तहत सोमवार को हथेड़ा बाजार में आरके इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर मिशन शक्ति टीम हलिया के प्रभारी रमाशंकर ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान दुकान चेक हुई मिशन शक्ति टीम द्वारा दुकान के दस्तावेज, स्टॉक और बिल-बुक की जांच की गई। टीम में महिला पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहे। चेक किया गया बिल-बाउचर सामान की खरीद-बिक्री का पक्का बिल स्टॉक रजिस्टर दुकान में रखे इलेक्ट्रॉनिक सामान का मिलान वारंटी/गारंटी ग्राहकों को दी जा रही वारंटी की स्थिति फायर सेफ्टी आग से बचाव के इंतजाम सीसीटीवी दुकान में कैमरे चालू हालत में हैं या नहीं ऑपरेशन शील्ड का मकसद त्योहारों के सीजन में नकलीध्घटिया इलेक्ट्रॉनिक सामान, चोरी का माल और बिना बिल की बिक्री रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार बाजारों में चेकिंग कर रही है। मिशन शक्ति के तहत विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा और उपभोक्ता हितों को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है।टीम के निर्देशमिशन शक्ति टीम ने प्रोपराइटर इजरायल को हर बिक्री का पक्का बिल देने, रेट लिस्ट चस्पा करने और सामान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आस्था का विराट उत्सव

- भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी**



जनपद के मैगलगंज कस्बे में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सनातन परंपराओं के अनुरूप आयोजित इस भव्य शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को धर्ममय वातावरण में सराबोर कर दिया। हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी ने आयोजन को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बना दिया।शोभायात्रा का शुभारंभ नवीन गल्ला मंडी परिसर से विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन के साथ हुआ। जैसे ही 'जय परशुराम' के जयघोष गूंजे, पूरा कस्बा भक्ति में लीन हो गया। यात्रा में शामिल श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में, हाथों में ध्वज और धार्मिक प्रतीक लिए, पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ आगे बढ़ते नजर आए। युवाओं का जोश और उत्साह देखते ही बनता था, वहीं बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को सामाजिक एकता का प्रतीक बना दिया। शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए मढ़िया घाट की ओर अग्रसर हुई। रास्ते भर जगह-जगह श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर प्रसाद वितरण, शीतल जल और अल्पाहार की उत्तम व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मढ़िया घाट पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान सामूहिक वंदन, माल्यार्पण और भव्य आरती का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन भक्तिमय माहौल में हुआ, जहां सभी ने सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें आयोजक बजरंग सेना जिला अध्यक्ष ऋषभ बाजपेई, जिला मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र बाजपेई, करणी सेना जिलाध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व युवा मंडल अध्यक्ष नितिन सहित कई प्रमुख व्यक्तित्व शामिल रहे। उनकी उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आया। मितौली क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैद रहा। मैगलगंज कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार सिंह, चौकी प्रभारी रजनीश त्रिपाठी, एसआई शुभम कुमार एवं मोहम्मद असलम, देवेन्द्र सिसोदिया अपनी टीम के साथ पूरे आयोजन पर नजर बनाए रहे।

# गरीब को मजदूरी का पैसा मांगना पड़ा भारी जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ (खीरी)।** थाना भीरा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है, जहां मजदूरी के बकाया रुपये मांगना एक युवक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि दबंगों ने युवक को न सिर्फ धमकाया बल्कि घर से उठाकर बेरहमी से पीटा। ग्राम पकरिया सल्लिहा, पोस्ट पड़रिया तुला निवासी पवन कुमार का कहना है कि उसकी करीब 10 हजार रुपये मजदूरी बकाया है। आरोप है कि अवनीश कुमार रुपये देने के बजाय उसे गाली-गलौज कर टालता रहा और जान से मारने की धमकी देता रहा। पीड़ित के मुताबिक, गांव के ही एक व्यक्ति ने आरोपियों को खुला संरक्षण दिया, जिसके बाद हौसले इतने बढ़ गए कि युवक को घर से उठाकर ले जाने की धमकी दी जाने लगी। हैरानी की बात यह है कि 25 मार्च 2026 को बिजुआ चौकी पर शिकायत देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि 1 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6:30 बजे दबंगों ने युवक को पकड़ लिया और अपने घर ले जाकर जमकर मारपीट की। घटना का वीडियो किसी ग्रामीण द्वारा बनाया गया, जो अब पीड़ित के पास होने की बात कही जा रही है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर, बिजुआ चौकी प्रभारी सुशील तिवारी का कहना है कि मामला पहले निस्तारित किया जा चुका था। हालांकि, सवाल यह है कि यदि विवाद खत्म हो चुका था तो फिर दोबारा इतनी बड़ी घटना कैसे हो गई? अब पुलिस ने मामले की पुनः जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## सत्संग में मिला मानवता, सदाचार और सच्चे जीवन का संदेश

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** भोगीपुरवा में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज का विशाल मासिक सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग के दौरान गीता, वेद, कुरान, बाइबल, पुराण एवं रामचरितमानस के आधार पर आध्यात्मिक विचार प्रस्तुत किए गए। सत्संग में बताया गया कि पूर्ण परमात्मा 'कविर्देव (कबीर परमेश्वर)' ही सर्व मनोकामनाएं पूर्ण करने वाले और समस्त सृष्टि के पालनकर्ता हैं। ऋग्वेद मंडल 9 सूक्त 96 के मंत्रों का उल्लेख करते हुए उनके स्वरूप और धामों का वर्णन किया गया। साथ ही गीता अध्याय 15 के श्लोक 3 के माध्यम से तत्त्वज्ञान द्वारा मोक्ष प्राप्ति का मार्ग समझाया गया। कार्यक्रम में जिला कोऑर्डिनेटर रवि कुमार ने बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी की सभी तहसीलों में संत रामपाल जी महाराज के अनुयायी मौजूद हैं, जो उनके बताए मार्ग पर चलते हुए दहेज प्रथा, नशाखोरी, घूसखोरी और जात-पात जैसी सामाजिक कुरीतियों का त्याग कर रहे हैं। सत्संग के दौरान कई श्रद्धालुओं ने संत रामपाल जी महाराज से नाम दीक्षा भी ग्रहण की। आयोजकों ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज द्वारा रचित पुस्तक 'जीने की राह' समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



# ओयल बस स्टॉप डिवाइडर कट नहीं होगा बन्द, चेयरमैन ने पीडब्ल्यूडी को लिखा पत्र

**समृद्धि न्यूज़, ओयल खीरी।** कस्बे में डिवाइडर कट अत्यधिक बने होने के कारण कई हादसे हो चुके हैं जिसमे कई लोगो की जाने भी जा चुकी है इसी क्रम में आपको बताते चलते हैं कि अभी कुछ दिन पूर्व कस्बे के मोहल्ला एकता नगर निवासी अमित शाह उम्र लगभग 28 वर्ष जो कि फ़ास्ट फ़ूड का ठेला लगाता था वह करीब 10:20 मिनट के आसपास डिवाइडर कट क्रास करते हुए तेज रफ्तार से आ रही कार से टकराकर दुर्घटना हुई थी जिसमे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी।इसको लेकर कस्बेवासियों में डिवाइडर पर लगी जालियो को लेकर आक्रोश व्याप्त था जिसका संज्ञान लेकर हिन्दू संगठन द्वारा जालियो को हटाने का एक ज्ञापन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा को दिया गया था। ज्ञापन देने के उपरांत 24 घण्टे के भीतर सम्बंधित उच्चाधिकारी पीडब्ल्यूडी द्वारा डिवाइडर पर लगी जालियो को न हटाकर चार डिवाइडर कटो को तत्काल बन्द करने का निर्णय लिया गया था और निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया था।

**स्थानीय लोगो मे पुनः आक्रोश हुआ व्याप्त, आया उबाल**



कस्बे वासियो में 4 जगह डिवाइडर कट जो बन्द किये जाने थे उसमे एक कट जहां बस स्टॉप यात्री प्रतीक्षालय उपस्थित है यात्रियों को सीतापुर लखीमपुर आने जाने के लिए आवागमन था वह भी बन्द कर दिया जा रहा था उसको बन्द होता देख स्थानीय लोग नगर पंचायत प्रशासन एवं पीडब्ल्यूडी का जमकर विरोध करने लगे।जिसे देखकर चेयरमैन प्रतिभा ,एमएलसी प्रतिनिधि रानू गुप्ता ने जनहित में बस स्टॉप का कट बन्द न होने का आश्वासन दिया और पीडब्ल्यूडी जेई विकास दोहरे को मौके पर नगर पंचायत कार्यालय बुलाया और बैठक कर निर्देश किया कि बस स्टॉप वाला कट बन्द न किया जाए।

**क्या कहते हैं पीडब्ल्यूडी जेई विकास दोहरे**

पीडब्ल्यूडी विकास दोहरे से इस सम्बंध में जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि चेयरमैन प्रतिभा एवं एमएलसी प्रतिनिधि रानू गुप्ता से बैठक कर वार्ता हुई है जिसमे उन्होंने कहा है कि बस स्टॉप वाला कट बन्द न किया जाए उसी हिसाब से चेयरमैन द्वारा लिखित पत्र अधिशाषी अभियंता के नाम कट बन्द न करने को दिया जाएगा तो कट खुला रहेगा। कट बन्द करने हेतु जो निर्माण सामग्री पड़ी हुई है वह पत्र प्राप्त होने के पश्चात हटवा लिया जाएगा।तब तक के लिए काम रुकवा दिया गया है।

**पूर्व नामित सभासद ने दिया चेयरमैन को ज्ञापन**

इस पूरे प्रकरण एवं जनसमस्याओं को देखते हुए कस्बे के पूर्व नामित सभासद शरद गुप्ता, भाजपा सदस्य विजय वर्मा,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जीतांशु सिंह ने चेयरमैन को एक पत्र के माध्यम से ज्ञापन दिया।

# स्वास्थ्य भवन चौराहे पर किसानों को रोका, पुलिस से तीखी नोकझोंक

- मंडल रेल प्रबंधक ने गठित की चार सदस्यीय जांच समिति
- भाकिमयू (सिंघानिया) ने दिया 10 दिन का अल्टीमेटम

**समृद्धि न्यूज़, पलिया/लखीमपुर खीरी।**

बंद रेलवे क्रॉसिंगों को खुलवाने की मांग को लेकर सोमवार को भारतीय किसान मजदूर यूनियन (सिंघानिया) के सैकड़ों किसान विधानसभा घेराव के लिए लखनऊ पहुंचे, लेकिन पुलिस-प्रशासन ने उन्हें स्वास्थ्य भवन चौराहे पर रोक दिया। इस दौरान किसानों और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता एस.के. सिंघानिया के नेतृत्व में किसान जिलाधिकारी कार्यालय से जुलूस के रूप में विधानसभा की ओर कूच कर रहे थे। स्वास्थ्य भवन चौराहे पर पुलिस द्वारा रोके जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष की अधिकारियों से तीखी बहस हुई।



स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। साथ ही रेलवे सुरक्षा बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान भी पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर संगठन के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की और स्थिति को शांत कराया। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता एस.के. सिंघानिया के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की तत्काल मुलाकात पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक से कराई गई।

वार्ता के दौरान संगठन ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि भीरा थाना क्षेत्र के मटेहिया, बोझवा एवं दौलतपुर गांवों की रेलवे क्रॉसिंग बंद किए जाने से किसानों के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से खेतों तक पहुंचना लगभग असंभव हो गया है। किसानों का कहना था कि 24 जनवरी 2026 को 10 दिन में समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में 15 अप्रैल से बोझवा क्रॉसिंग पर अनिश्चितकालीन धरना जारी है।

## देवीपुर गेहूं क्रय केंद्र पर बारदाना गायब, तीन दिनों से खरीद ठप, राइस मिलें किसानों का गेहूं सस्ते दामों में खरीद रही

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** पूरनपुर तहसील के देवीपुर गेहूं क्रय केंद्र पर बारदाना (बोरियां) गायब होने से पिछले तीन दिनों से गेहूं की सरकारी खरीद पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। वहीं पूरनपुर मंडी में भी बारदाने की भारी किल्लत बनी हुई है। कागजों में तो खरीद दिखाई जा रही है, लेकिन वास्तविकता में किसान अपना गेहूं बेचने के लिए परेशान हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सरकारी क्रय केंद्रों पर बारदाना नहीं होने के बावजूद आस-पास की राइस मिलों में किसानों का गेहूं खूब खरीदा जा रहा है।

**राइस मिलों में सस्ते दामों पर हो रही खरीद**

स्थानीय केटी राइस मिल, गर्ग राइस मिल समेत कई अन्य राइस मिलें किसानों से बाजार भाव से काफी कम दामों पर गेहूं खरीद रही हैं। किसानों का आरोप है कि बारदाना की कमी का फायदा उठाकर राइस मिल संचालक उन्हें मजबूर कर सस्ते भाव में गेहूं बेचने को विवश कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि सरकारी क्रय केंद्र बंद पड़े हैं, इसलिए उन्हें मजबूरी में राइस मिलों के पास अपना गेहूं सस्ते दामों पर बेचना पड़ रहा है। अधिकारियों की पूरी चुप्पी इस शोषण को बढ़ावा दे रही है।

क्षेत्रीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि देवीपुर क्रय केंद्र पर तुरंत बारदाना उपलब्ध कराया जाए और खरीद शुरू की जाए।

साथ ही राइस मिल संचालकों द्वारा किसानों का शोषण करने पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

# शेरपुरकलां में टीबी के खिलाफ विशेष अभियान, ग्रामीणों की हुई सघन स्क्रीनिंग

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** शेरपुरकलां मे टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत शेरपुरकलां में सराहनीय पहल की गई है। ग्राम पंचायत सचिवालय को अस्थायी जांच केंद्र बनाकर अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन की मदद से ग्रामीणों की सघन टीबी स्क्रीनिंग की गई।इस अभियान का नेतृत्व चिकित्सा अधिकारी डॉ. आसिफ खान ने किया। एक्स-रे टेक्निशियन चंद्र किशोर ने जांच कार्य संभाला, जबकि एसटीएस जितेंद्र कुमार, एसटीएलएस ठाकुर दास व शैलेश कुमार ने पूरी स्क्रीनिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। एएनएम नाजिया बी ने महिला मरीजों की जांच और जागरूकता कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सभी जांच निशुल्क, ग्रामीणों में उत्साह शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे। सभी जांच पूरी तरह निशुल्क की गई, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से यह अभियान सफल रहा। स्वास्थ्य विभाग ने इसे टीबी की समय पर पहचान और नियंत्रण के लिए एक कारगर कदम बताया है।डॉ. आसिफ खान ने बताया कि इस प्रकार के विशेष शिविरों से टीबी के संदिग्ध मामलों की जल्द पहचान हो सकेगी और इलाज की प्रक्रिया तेज हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान पाए गए संदिग्ध मरीजों को तुरंत आगे की जांच और उपचार के लिए रेफर किया जाएगा।ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की और कहा



कि गांव में ही निशुल्क एक्स-रे और स्क्रीनिंग सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ी।टीबी मुक्त भारत अभियान को मिलेगा बल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जिले के अन्य गांवों में भी ऐसे शिविर लगाए जा रहे हैं। लक्ष्य है कि वर्ष 2025 तक जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रगति की जाए।यह अभियान टीबी रोगियों की समय पर पहचान, उपचार और जागरूकता पर विशेष जोर दे रहा है।

# दियोरिया-घुंघचाई सड़क मरम्मत : 20 माह बीत गए, काम अभी भी अधूरा, राहगीर जोखिम भरे सफर को मजबूर

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** दियोरिया से घुंघचाई तक जाने वाली 18 किलोमीटर लंबी महत्वपूर्ण सड़क की मरम्मत लगभग 20 माह बीत जाने के बावजूद पूरी नहीं हो पाई है। सड़क पर गहरे गड्ढे और उखड़ी हुई सतह राहगीरों के लिए दर्द का सबब बनी हुई है। क्षेत्रीय लोग लंबे चक्कर काटकर दूसरे मार्गो से आवाजाही करने को विवश हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार लिखित एवं मौखिक मांग करने के बावजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। रोजाना सैकड़ों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिनमें



भारी वाहनों का दबाव भी काफी रहता है। लंबे समय से जर्जर हालत वाली इस सड़क के कारण दुर्घटना का खतरा हर समय मंडरा रहा है।डेढ़ साल पहले स्वीकृत हुआ था 3.75 करोड़ का बजट क्षेत्रीय जनता की निरंतर मांग के बाद करीब डेढ़ साल पहले लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा था। शासन ने 18 किमी लंबी सड़क की मरम्मत के लिए 3.75 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की। बजट मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी हुई और कार्यदायी संस्था ने पुरानी सड़क को उखाड़कर मरम्मत कार्य शुरू कराया। विभाग ने ठेकेदार को 31 मार्च 2025 तक काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए थे।शुरुआती कुछ दिनों में कार्य की रफ्तार तेज रही, लेकिन उसके बाद अचानक काम बंद हो गया। वर्तमान में सड़क पर मरम्मत का कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है। उखड़ी पड़ी सड़क पर वाहन चलाना बेहद मुश्किल हो गया है।लोगों की प्रतिक्रिया क्षेत्रीय निवासी प्रदीप सिंह ने कहा, 'दियोरिया से घुंघचाई तक सड़क की मरम्मत होना बहुत जरूरी है। उखड़ी पड़ी सड़क से निकलना मुश्किल है। प्रशासन को तुरंत ध्यान देना चाहिए।